सुप्रभात
रांची, शनिवार
21.01.2023
* नगर संस्करण । पेज : 12

धरती आबा की ऊर्जावान भूमि से प्रकाशित लोकप्रिय दैनिक
# खबर मन्त्र
सबकी बात सबके साथ

epaper.khabarmantra.net माघ, कृष्ण पक्ष, चतुर्दशी/अमावस्या, संवत 2079 | मूल्य : ₹ 3 । वर्ष : 10 । अंक : 189



12 खेसारी लाल की फिल्म संघर्ष 2 की शूटिंग पूरी

## न्यूज डायरी

### 56 बच्चे होंगे राष्ट्रीय वीरता पुरस्कार से सम्मानित

**नयी दिल्ली।** भारतीय बाल कल्याण परिषद (आइसीसीडब्ल्यू) द्वारा बहादुर बच्चों को 65 साल से प्रतिवर्ष दिये जा रहे राष्ट्रीय वीरता पुरस्कार विवादों में घिरने के बावजूद इस बार भी दिये जाएंगे। हालांकि, इस बार एक ही साथ तीन वर्षों के 56 बच्चों को पुरस्कृत किया जायेगा। कोविड-19 की वजह से लगातार दो साल यह पुरस्कार वितरण हो नहीं पाया था।

### साहिबगंज पहुंचा 'गंगा विलास' क्रूज, स्वागत

**साहिबगंज।** झारखंड के साहिबगंज में शुक्रवार की शाम सबसे लंबा जलमार्ग तय करने वाला 'गंगा विलास' क्रूज विदेशी सैलानियों को लेकर अपने निर्धारित तारीख से एक दिन पहले ही पहुंच गया। समदा घाट पर सुरक्षा के बीच इसका स्वागत किया गया। पहले इस क्रूज के 21 जनवरी को साहिबगंज आने की संभावना जतायी गयी थी।

### पाक में आतंकी हमला, दो पुलिसकर्मियों की मौत

**इस्लामाबाद।** पाकिस्तान में शुक्रवार को तहरीक-ए-तालिबान पाकिस्तान (टीटीपी) के हथियारों से लैस आतंकियों ने पाकिस्तान-अफगानिस्तान राजमार्ग की सुरक्षा चौकी पर हमला कर दो पुलिसकर्मियों को मार गिराया। कुछ पुलिसकर्मी घायल हुए हैं। जवाबी कार्रवाई में एक आतंकी मारा गया है।

### रांची में आग से जलकर एक की मौत

**रांची।** बरियातू थाना क्षेत्र के कृष्णा अपार्टमेंट के आउटहाउस में गुरुवार देर रात आग लग गयी। इसमें कमरे में मौजूद सोनाहातू के रहने वाले दामोदर लोहरा (19) जिंदा जल गये। जबकि, रातू इलाके का रहने वाला अमर तिग्गा काफी झुलस गया है। उसे रिम्स में भर्ती कराया गया है।

### तेजस्वी 12 फरवरी को आयेंगे रांची

**रांची।** बिहार के उप मुख्यमंत्री तेजस्वी यादव 12 फरवरी को रांची आयेंगे। प्रदेश राजद के मुख्य प्रवक्ता डॉ मनोज कुमार ने बताया कि संगठन को सुदृढ़ और मजबूत करने के लिए तेजस्वी यादव 12 फरवरी को आयेंगे।

### रांची में सड़क हादसे में दो की गयी जान

**रांची।** रांची के खरसीदाग ओपी क्षेत्र के भुसूर चौक के नजदीक एक कंटेनर ने बाइक सवार तीन युवकों को रौंद दिया। इसमें बाइक सवार दो युवक की मौत हो गयी। एक गंभीर रूप से घायल हो गया।

### गहना आभूषण

| | | |
|---|---|---|
| सोना (बिक्री) | : | 53,700 रु./10 ग्राम |
| चांदी | : | 74,000 रु./प्रति किलो |

# सभी पुलिस कैंप परिसरों का होगा जीर्णोद्धार : हेमंत सोरेन

## सीएम ने कहा, पुलिस कर्मियों की हर जरूरत को पूरा करने का करेंगे प्रयास

### जैप -1 परिसर में नवनिर्मित भवनों के उद्घाटन समारोह में शामिल हुए मुख्यमंत्री

**खबर मन्त्र ब्यूरो**

**रांची।** मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने शुक्रवार को कहा कि आज से जैप-1 परिसर पुलिस बल के लिए आइकॉनिक परिसर के रूप में जाना जायेगा। इस परिसर को नया स्वरूप दिया गया है और इसी खुशी में हमसब यहां आज एकत्रित हुए हैं। मेरा मानना है कि खूबसूरत परिसर और काम करने का एक सुंदर वातावरण अगर हमारे आसपास हो, तो हमें जिस काम के लिए नियुक्त किया गया है, उस काम को हमसभी लोग एक अलग उत्साह, उमंग और विश्वास से कर पाते हैं। जैप-1 परिसर एक नामचीन जगह है। राजधानी रांची के बीचो-बीच अवस्थित है। इस परिसर का उपयोग कई अलग-अलग कार्यों के लिए होता है। मैं भी यहां कई बार अलग-अलग कार्यक्रमों में शरीक हुआ हूं। पिछले वर्ष जैप-1 स्थापना दिवस के मौके पर मैं यहां आया था, तभी मैंने यह तय किया था कि इस परिसर का कायाकल्प कर एक नयी पहचान देनी है, जो आज मूर्त रूप ले चुका है। नये आगंतुक जो यहां आयेंगे, अब इस परिसर के बदलाव को देखेंगे। जैप-1 परिसर अब एक आधुनिक पुलिस कैंप परिसर के रूप में पहचाना जायेगा। मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन शुक्रवार को जैप (झारखंड सशस्त्र पुलिस) -1 परिसर में नवनिर्मित भवनों के उद्घाटन समारोह में बतौर मुख्य अतिथि अपने संबोधन में कही। सीएम ने नवनिर्मित ऑडिटोरियम, गैलरी, फूड कोर्ट एवं अन्य भवनों के उद्घाटन किया। मौके पर मुख्यमंत्री ने जैप-1 रांची के प्रांगण स्थित शहीद स्मारक पर माल्यार्पण किया।

(शेष पेज 11 पर)



### पुलिस व्यवस्था में व्याप्त सभी शिकायतें समाप्त हों

मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने कहा कि हमारी सरकार राज्य के पुलिस कर्मियों के हर जरूरत को पूरा करने का प्रयास निरंतर कर रही है। राज्य सरकार चाहती है कि पुलिस व्यवस्था में व्याप्त सभी शिकायतों को समाप्त किया जाये। मुख्यमंत्री ने कहा कि वर्तमान राज्य सरकार ने पुलिसकर्मियों की लंबित मांग क्षतिपूर्ति अवकाश देने का कार्य किया है। आने वाले दिनों में हमारी सरकार पुलिस कर्मियों को कार्य क्षेत्र में आने-जाने की सुविधा, खाने-पीने की सुविधा, वर्दी इत्यादि सहित अन्य सुविधाओं को और मजबूत करेगी। मुख्यमंत्री ने कहा कि हमारी सरकार पुलिस बल के जवानों को बेहतर स्वास्थ्य सुविधा, उनके बच्चों को गुणवत्तापूर्ण शिक्षा मिल सके, इसकी कार्य योजना तैयार करेगी। पुलिस बल के जवानों के वर्कआउट, कसरत इत्यादि के लिए जिम की व्यवस्था की जायेगी।

पुलिस जवानों का सेहत एक महत्वपूर्ण विषय है। उनका सेहत बेहतर रहे इस निमित्त उन्हें सुविधाएं प्रदान करना हमारी जिम्मेदारी है। मुख्यमंत्री ने कहा कि पुलिस बल के जवानों को अन्य विकसित राज्यों की व्यवस्था से भी बेहतर व्यवस्था मुहैया कराने के लिए हमारी सरकार प्रतिबद्ध है।

### अमन-चैन बनाये रखने को तत्पर रहते हैं जवान



मुख्यमंत्री सोरेन ने कहा कि झारखंड एक बहुत ही खूबसूरत राज्य है। कुछ कमियों की वजह से यहां के लोग इस राज्य की खूबसूरती का आनंद नही ले पा रहे हैं। इस खूबसूरत राज्य में लोगों को एक बेहतर माहौल मिले, यह हमारी सोच है। झारखंड को बेहतर दिशा देने में हमारे पुलिस बल के जवानों की भी महत्वपूर्ण भूमिका रहेगी। राज्य पुलिस बल के जवानों ने नक्सली गतिविधियों पर लगाम लगाने का काम कर दिखाया है। राज्य की जनता की सुरक्षा, राज्य में अमन-चैन और शांति का माहौल बनाये रखने में बड़ी संख्या में हमारे पुलिस के जवान तत्परता के साथ तैनात रहते हैं। राज्य सरकार का दायित्व है कि जिस बड़ी समूह की वजह से राज्य सुरक्षित है, उस समूह के उत्साह, उमंग और मनोबल को हम सदैव ऊंचा रखने का प्रयास करें।

## कोडरमा के चार और दुमका का गुमरो पहाड़ पर्यटन स्थल घोषित

**खबर मन्त्र ब्यूरो**

**रांची।** राज्य सरकार ने 12 पर्यटक स्थलों की श्रेणी घोषित की है। कोडरमा जिले के चार व दुमका के मसलिया स्थित गुमरो पहाड़ को राज्य स्तरीय महत्व का पर्यटन स्थल घोषित किया गया है। कोडरमा के चार पर्यटन स्थलों में वृन्दाहा जलप्रपात, सतगांवा स्थित मेट्रो जलप्रपात, मरकच्चो स्थित चंचला धाम व सतगावां स्थिति घोड़सीमर धाम शामिल हैं। इसके अलावा सात पर्यटन स्थलों को स्थानीय महत्व का पर्यटन स्थल घोषित किया गया है। स्थानीय महत्व के घोषित पर्यटन स्थलों में बोकारो का कसमार स्थित सेवाती घाटी व मृगी खोह। गोमिया का कोनार डैम, चास का चेचका धामा, गवाई बराज, सतनामपुर पहाड़ी, सीता फॉल मेला स्थल, सिंहडीह का स्थानीय स्तरीय महत्व का पर्यटक स्थल घोषित किया गया है। इस संबंध में पर्यटन विभाग ने अधिसूचना जारी कर दी है। अब पर्यटन विभाग इसे विकसित करने का काम करेगा। इसके विकास के लिए अलग से राशि का प्रावधान भी किया जायेगा।

## एनोस एक्का को हाइकोर्ट से झटका, सजा बरकरार

### आय से अधिक संपत्ति का मामला



**खबर मन्त्र संवाददाता**

**रांची।** झारखंड हाइकोर्ट से शुक्रवार को राज्य के पूर्व मंत्री एनोस एक्का, उनकी पत्नी मेनन एक्का और भाई गिदयोन एक्का को बड़ा झटका लगा। जस्टिस गौतम चौधरी के कोर्ट ने आय से अधिक संपत्ति के मामले में तीनों लोगों की सजा बरकरार रखी है। एनोस के खिलाफ मनी लांड्रिंग में दी गयी सजा को भी हाइकोर्ट ने बरकरार रखा है, उन्हें इस मामले में इडी कोर्ट ने सात साल की सजा सुनायी थी। आय से अधिक संपत्ति के मामले में तीनों का सात-सात साल की सजा 25 फरवरी 2020 को सीबीआइ के विशेष जज एके मिश्रा की अदालत ने सुनायी थी। बता दें कि एनोस एक्का, मेनन एक्का और गिदयोन एक्का ने निचली अदालत के आदेश के खिलाफ हाइकोर्ट में अपील दायर की थी। उन्होंने निचली अदालत के आदेश को चुनौती दी थी। हाइकोर्ट ने सभी मामलों की सुनवाई पूरी करने के बाद फैसला सुरक्षित रख लिया था। शुक्रवार को फैसला सुनाते हुए कोर्ट ने तीनों की याचिका खारिज कर दी और निचली अदालत के आदेश को बरकरार रखा। ज्ञात हो कि पूर्व मंत्री एनोस पर 20 करोड़ 31 लाख 77 हजार रुपये की मनी लांड्रिंग करने का आरोप है।

## पश्चिमी सिंहभूम के टोंटो में फिर आइइडी ब्लास्ट, जवान घायल

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**चाईबासा।** पश्चिमी सिंहभूम जिले के टोंटो थाना क्षेत्र अंतर्गत तुम्बाहाका जंगल में नक्सलियों के खिलाफ चल रहे अभियान के दौरान शुक्रवार को आइइडी विस्फोट में कोबरा बटालियन का एक जवान घायल हो गया। उसे एयरलिफ्ट कर रांची लाया गया। पश्चिमी सिंहभूम के पुलिस अधीक्षक आशुतोष शेखर ने इसकी पुष्टि की है। घायल जवान का नाम चिरंजीवी परते (30) है। उसे हेलीकाप्टर से एयरलिफ्ट कर रांची के खेलगांव लाया गया। वहां से मेडिका अस्पताल के एंबुलेंस से अस्पताल ले जाया गया। मेडिका में जवान का इलाज एमआइसीयू में चल रहा है। उसे छाती में चोट है। उसका इलाज डॉ मयंक शेखर कर रहे हैं।

जवान की हालत स्थिर है। इससे पहले विगत 11 और 12 जनवरी को नक्सलियों ने आइइडी ब्लास्ट किया था। एसपी आशुतोष शेखर ने बताया कि नक्सलियों के खिलाफ अभियान के क्रम में तुम्बाहाका के आसपास में सुरक्षा बलों को लक्षित करने के उद्देश्य से आइइडी विस्फोट किया गया, जिसकी चपेट में आने से कोबरा के जवान चिरंजीव परते जख्मी हो गये। पुलिस बल की ओर से त्वरित कार्रवाई करते हुए रांची पुलिस मुख्यालय और रांची सीआरपीएफ के सहयोग से हेलीकॉप्टर के माध्यम से तत्काल प्राथमिकी उपचार के बाद जख्मी जवान को बेहतर इलाज के लिए रांची भेजा गया।



उन्होंने कहा कि नक्सलियों के खिलाफ अभियान जारी है। उल्लेखनीय है कि पश्चिमी सिंहभूम के टोंटो थाना क्षेत्र के तुम्बाहाका जंगल के समीप सर्च अभियान के दौरान 11 और 12 जनवरी को नक्सलियों के आइइडी ब्लास्ट में कोबरा 209 बटालियन के नौ जवान घायल हो गये थे। घायल जवानों में सौरभ कुमार, संतोष कुमार सिंह, अमरेश सिंह, अजय लिंडा, शाहरुख खान, भरत सिंह राय, मुकेश कुमार सिंह, अलोक दास और बीर पाल सिंह तोमर शामिल थे। इनमें चार जवान शाहरुख खान, भरत सिंह राय, सौरभ कुमार और अजय लिंडा को बेहतर इलाज के लिए दिल्ली के एम्स भेजा गया है।

### प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी वीडियो कांफ्रेंसिंग के माध्यम से हुए शामिल

## पारस ने झारखंड के 219 युवाओं को दिये नियुक्ति पत्र

### देश में बेरोजगारी बहुत बड़ी समस्या : पशुपति

**खबर मन्त्र ब्यूरो**

**रांची।** सरकारी-गैरसरकारी क्षेत्र में नवनियुक्त करीब 71,400 युवाओं को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने वीडियो कांफ्रेंसिंग के माध्यम से नियुक्ति पत्र दिया। पीएम मोदी के इस कार्यक्रम का सीधा प्रसारण सीसीएल के दरभंगा हाउस में किया गया। यहां केंद्रीय मंत्री पशुपति कुमार पारस ने झारखंड के 219 अभ्यर्थियों में से 25 को सांकेतिक रूप से नियुक्ति पत्र वितरित कर उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की। इस मौके पर पीएम मोदी ने नवनियुक्त अभ्यर्थियों के साथ बातचीत भी की। पीएम से बातचित के दौरान उत्पाद निरीक्षक के रूप में नियुक्ति पत्र पाये कुंदन का कहना था कि इससे युवाओं को काफी प्रोत्साहन मिला है और अब काफी सरलता और पारदर्शिता के साथ नियुक्ति की प्रक्रिया चल रही है।



इसके लिए प्रधानमंत्री धन्यवाद के पात्र हैं। वहीं गौरव का कहना था कि केंद्र सरकार की यह योजना युवाओं के लिए काफी लाभकारी है और इसका लाभ ज्यादा से ज्यादा युवाओं को लेना चाहिए। इस मौके पर सेंट्रल कोलफील्ड्स लिमिटेड (सीसीएल) समेत विभिन्न विभागों के अधिकारी और युवा मौजूद थे।

कार्यक्रम के बाद केंद्रीय मंत्री पशुपति पारस ने पत्रकारों से बातचीत करते हुए कहा कि देश में बेरोजगारी एक बहुत बड़ी समस्या है। खास करके झारखंड जैसे राज्यों में बेरोजगारी की वजह से लोग पलायन करने को मजबूर हैं। इसे लेकर हमारी सरकार काफी गंभीर है। इसी समस्या को देखते हुए वे युवाओं के बीच नियुक्ति पत्र का वितरण कर रहे हैं, और आगे भी करेंगे।

(शेष पेज 11 पर)

### इन 25 युवाओं को मिला नियुक्ति पत्र

डॉ संदीप कुमार राहुल, डॉ वेंकेटा लक्ष्मी नरसिम्हा, पल्लवी दास, प्रिया गुप्ता, पूजा कुमारी, छाया रानी, हर्ष कुमार गुप्ता, रवि कुमार गुप्ता, चांदनी कुमारी, राहुल कुमार यादव, आनंद कुमार मांझी, मनिक रंजन कुमार, राहुल कुमार, शुभम समीर, अंशु पटेल, सचिन देव, मनचुन कुमार, वैशणव कुमार, गौरव श्रीवास्तव, अफजाल अमान, अन्वेषा चौधरी, नेहा कुमारी, पंकज कुमार, हेमसागर हेम्ब्रम और कुंदन कुमार को रांची में नियुक्ति पत्र मिले हैं।

जोड़ी जिम्मेदार जो प्लान करे परिवार

परिवार कल्याण दिवस
प्रत्येक माह की 21 तारीख को
हेल्थ एंड वेलनेस सेंटर/शहरी स्वास्थ्य केंद्र/सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में परिवार नियोजन की सेवाएं
अवकाश की स्थिति में आगामी कार्य दिवस पर

परिवार कल्याण के लक्ष्य समूह-
- नव विवाहित दम्पत्ति
- एक बच्चे वाले योग्य दम्पत्ति
- जटिल गर्भावस्था वाली महिलाएं
- दो या दो से अधिक बच्चों वाले योग्य दम्पत्ति
- युवक–युवती

गतिविधियाँ
- परिवार नियोजन पर परामर्श
- अस्थाई विधियों का वितरण एवं अन्य परिवार नियोजन सेवाओं की उपलब्धता
- धात्री माता एवं नवजात शिशु स्वास्थ्य संबंधी सलाह
- पोस्टर पेटिंग एवं स्लोगन राईटिंग प्रतियोगिता
- आदर्श दम्पत्ति का सम्मान

परिवार नियोजन का अपनाओ उपाय
लिखो तरक्की का नया अध्याय

परिवार नियोजन की विधियाँ
स्थायी विधियाँ: पुरुष नसबंदी, महिला नसबंदी
अस्थायी विधियाँ: इंजेक्शन एम.पी.ए, आपातकालीन गर्भ निरोधक गोली, गर्भ निरोधक गोलियाँ, कॉपर आई.यू.सी.डी 375 आई.यू.सी.डी 380 A, कंडोम

फिक्स डे एप्रोच के तहत प्रत्येक सप्ताह के मंगलवार या शुक्रवार को परिवार नियोजन की सेवाएं
104
108
अधिक जानकारी के लिए अपने निकटतम सरकारी स्वास्थ्य केन्द्र या जिला अस्पताल से सम्पर्क करें।
स्वास्थ्य, चिकित्सा शिक्षा एवं परिवार कल्याण विभाग, झारखण्ड सरकार
PRNO 288060 ( Health Med Edu and Family Welfare) IPRD 22-23

नक्सलियों के खिलाफ अभियान जारी, गृह विभाग को भेजा गया प्रस्ताव

# राज्य में नक्सलियों के खिलाफ नये सिरे से घोषित होगा इनाम

खबर मन्त्र ब्यूरो




**रांची।** झारखंड में नक्सलियों का समूल नष्ट करने के लिए झारखंड पुलिस द्वारा सख्त अभियान चलाया जा रहा है। इस अभियान के बीच अब नक्सली संगठनों पर नकेल कसने को लेकर कुख्यात नक्सलियों पर नए सिरे से इनाम घोषित किया जाएगा। इसको लेकर पुलिस मुख्यालय ने 114 नक्सलियों के नाम की सूची गृह विभाग को भेजा है। इसमें 76 नये नक्सलियों के नाम को जोड़ा गया है। दरअसल नक्सल संगठनों के खिलाफ पूर्व में घोषित इनाम की राशि की समय सीमा खत्म हो चुकी है। इस स्थिति में झारखंड पुलिस मुख्यालय ने फरार चल रहे 76 नक्सलियों के खिलाफ इनाम की राशि नए सिरे से घोषित करने का प्रस्ताव गृह विभाग को भेजा है। इस वक्त झारखंड में 38 नक्सलियों पर ही इनाम घोषित है। लेकिन गृह विभाग को भेजे गए प्रस्ताव पर मंजूरी मिल जाती है तो इनामी नक्सलियों की संख्या 114 हो जाएगी।

बता दें कि झारखंड में नक्सलियों के भाकपा माओवादी, पीएलएफआई और टीपीसी के सक्रिय संगठन है। झारखंड पुलिस मुख्यालय द्वारा जिन कुख्यात 76 नक्सलियों के नाम जोड़ा गया है। उनमें एक करोड़ से लेकर एक लाख तक का इनाम घोषित करने का प्रस्ताव है। एक करोड़ की सूची में कुख्यात मिसिर बेसरा, पतिराम मांझी उर्फ अनल, असीम मंडल उर्फ आकाश का नाम शामिल है। वही चमन उर्फ लंबू, लालचंद उर्फ अनमोल, रघुनाथ हेंब्रम, निर्भर उर्फ बीरेन, अजीत उरांव उर्फ चार्लिस, अजय महतो और

### नक्सलियों को गिरफ्तार कराने वाले व्यक्ति को भी मिलेगा पुरस्कार

फरार नक्सलियो के संबंध में सूचना देकर गिरफ्तार कराने वाले व्यक्ति को इनाम की राशि मिलेगी। एक से अधिक लोग अगर गिरफ्तारी में मददगार हुए तो उसी अनुपात में इनाम की राशि का बंटवारा होगा। इनामी नक्सली अगर सरेंडर करते हैं तो उन्हें ही इनाम की पूरी राशि दी जाएगी। वहीं, मुठभेड़ में मारे जाने पर पुलिस टीम और गुप्त सूचना देने वालों के बीच इनाम की राशि बांटी जाएगी।

पीएलएफआई के सुप्रीमो दिनेश गोप पर 25 लाख के इनाम की राशि का प्रस्ताव भेजा गया है।

इलेक्शन एक्सपेंडिचर मॉनीटरिंग संबंधी राज्य स्तरीय समन्वय बैठक

## आपसी समन्वय बनाकर रामगढ़ विस उपचुनाव संपन्न कराएं : के. रवि कुमार



खबर मन्त्र ब्यूरो

**रांची।** मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी के रवि कुमार ने कहा कि सभी विभाग के पदाधिकारी रामगढ़ विधानसभा उप चुनाव 2023 को स्वच्छ एवं निष्पक्ष बनाने को आपस में समन्वय स्थापित करने का कार्य करें। उन्होंने कहा कि सभी विभाग निर्वाचन से संबंधित रिपोर्ट को ससमय बना लें एवं अपने द्वारा बनायी गई रिपोर्ट को समर्पित करते समय आपस में समन्वय अवश्य स्थापित करें। वे शनिवार को निर्वाचन आयोग के सभाकक्ष में इलेक्शन एक्सपेंडिचर मॉनिटरिंग से संबंधित राज्य स्तरीय समन्वय बैठक को संबोधित कर रहे थे।

श्री कुमार ने कहा की उपचुनाव में कोई भी प्रत्याशी अवैध रूप से अपना चुनाव प्रचार न कर सके इसके लिए सरकार के सभी विभागों को सक्रिय होकर आपस में समन्वय स्थापित कर कार्य करना होगा।

उन्होंने कहा कि प्रत्याशियों को चुनाव में वैध तरीके से जो चुनाव प्रचार के लिए राशि स्वीकृत की गई है, उससे अधिक का खर्च न करें। इस पर भी सभी संबंधित विभाग अपनी नजर बनाए रखें।

राज्य स्तरीय समन्वय बैठक में पुलिस विभाग, आयकर विभाग, परिवहन, गृह कारा एवं आपदा प्रबंधन विभाग, उत्पाद एवं मद्य निषेध विभाग, वाणिज्य कर विभाग, नारकोटिक कंट्रोल ब्यूरो, बिरसा मुंडा विमान पत्तन, एसएलबीसी, सूचना एवं जनसंपर्क विभाग के पदाधिकारी, वरीय डाक अधिकारी रांची एवं हटिया रेल मंडल के पदाधिकारी उपस्थित थे।

## बीजेपी प्रदेश अध्यक्ष दीपक प्रकाश ने एमपी-एमएलए कोर्ट में किया सरेंडर, मिली जमानत

खबर मन्त्र ब्यूरो



**रांची।** भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष और राज्यसभा सांसद दीपक प्रकाश को रांची सिविल कोर्ट से बड़ी राहत मिली है। कांके थाना में दर्ज कांड संख्या 141/2021 में रांची के एमपी- एमएलए की स्पेशल कोर्ट ने उन्हें सरेंडर के बाद जमानत दे दी। कांके के सुकुरहुरटू इलाके में किसान आंदोलन के दौरान भाजपा प्रदेश अध्यक्ष दीपक प्रकाश और कांके विधायक समरी लाल के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज की गई थी। दीपक प्रकाश के अधिवक्ता सुधीर श्रीवास्तव के मुताबिक सांसद ने अदालत के समक्ष सरेंडर किया, जिसके बाद कोर्ट ने उन्हें जमानत की सुविधा प्रदान कर दी है। कांके विधायक समरी लाल को इस मामले में पहले ही बेल मिल चुकी है।

## हर बच्चे को शिक्षा से जोड़ने के लिए दर्ज करायें शिशु पंजी में नाम

खबर मन्त्र ब्यूरो

**रांची।** राज्य में अभी भी ऐसे कई बच्चे हैं, जो विद्यालय नहीं जाते या विद्यालय छोड़ चुके हैं। ऐसे बच्चों की पहचान कर उन्हें विद्यालय से जोड़ना सरकार की प्राथमिकता है। सरकार इसके लिए लगातार प्रयास कर रही है। इस प्रयास में स्कूली शिक्षा एवं साक्षरता विभाग के अन्तर्गत समग्र शिक्षा के तहत 03-18 साल के बच्चों के विद्यालय में नामांकित होने या नामांकित नहीं होने तथा विद्यालय से ड्रॉप आउट होने से संबंधित जानकारी लेने हेतु शिशु पंजी अद्यतन, 2022-23 संबंधी कार्य पूरे राज्य में छह जनवरी से निःशुल्क किया जा रहा है। सरकार का उद्देश्य है कि इस आयु वर्ग के सभी बच्चों को अच्छी शिक्षा प्रदान की जाये।

### सभी अपनी जिम्मेदारी का निर्वहन करें

इस प्रयास की कड़ी को सशक्त करने के लिए सरकारी विद्यालयों के शिक्षकों, शिक्षा विभाग के विभिन्न पदाधिकारियों एवं चिह्नित स्वयंसेवी संस्थाओं के प्रतिनिधियों द्वारा प्रत्येक परिवार में जाकर उक्त आयु वर्ग के स्कूल जाने वाले, नहीं जाने वाले एवं ड्रॉप आउट बच्चों की जानकारी ली जा रही है। जिसके आधार पर सरकार को राज्य में शिक्षा संबंधी आवश्यक नीति निर्माण एवं शिक्षा योजना में सहयोग मिलेगा। इस कार्य में सभी का सहयोग अपेक्षित है।

### 15 स्पोर्ट्स ट्रेनरों को मिला तीन वर्ष का अवधि विस्तार

**रांची।** खेलकूद एवं युवाकार्य निदेशालय ने आवासीय क्रीड़ा प्रशिक्षण केंद्र में संविदा पर कार्यरत 15 स्पोर्ट्स ट्रेनरों की संविदा अवधि तीन वर्षों के लिए विस्तार करने का आदेश दिया है। इनके नाम के सामने अंकित आवासीय क्रीड़ा प्रशिक्षण केन्द्र में स्पोर्ट्स ट्रेनर के रूप में कार्य करने की स्वीकृति प्रदान की है। संविदा की अवधि को 28 अगस्त 2022 से दिनांक 27 अगस्त 2025 तक विस्तारित किया गया है। निदेशालय ने कहा है कि उक्त प्रशिक्षकों को 31,611 रुपये प्रतिमाह एकमुश्त भुगतान किया जायेगा। उन्हें नियत राशि के अतिरिक्त अन्य कोई भत्ता देय नहीं होगा और समय-समय पर लिये गये निर्णयों से संविदा राशि प्रभावित होगी। वहीं सरकारी कार्य से यात्रा की स्थिति में मात्र झारखंड यात्रा भत्ता नियमावली के अधीन होगी।

## झारखंड के सरकारी स्कूलों को जल्द मिलेंगे हेड मास्टर

खबर मन्त्र ब्यूरो

**रांची।** झारखंड के जिन सरकारी स्कूलों में प्राचार्य नहीं हैं, उन स्कूलों को जल्द ही प्राचार्य मिलेंगे। शिक्षा विभाग तैयारी में जुट गया है। इस संबंध में शिक्षा सचिव के रवि कुमार ने झारखंड लोक सेवा आयोग के सचिव को पत्र लिखा है। सचिव ने लिखा है कि स्कूली शिक्षा एवं साक्षरता विभाग के अंतर्गत झारखंड +2 विद्यालय शिक्षक एवं शिक्षकेत्तर कर्मचारी नियुक्ति एवं सेवा शर्त (संशोधन) नियमावली 2022 पर सहमति दी गयी है। कार्मिक विभाग द्वारा पूर्व में ही राज्य के 59 राजकीय/राजकीयकृत बालक एवं बालिका+2 विद्यालयों में प्राचार्य के 39 पदों पर सीधी नियुक्ति के लिए अधियाचना जेपीएससी को भेजा है।

**राज्य के स्कूलों में प्रिंसिपल के 3226 पद सृजित, कार्यरत मात्र 130 :** वर्ष 2006 से सरकारी स्कूलों में प्राचार्यों की नियुक्ति नहीं हो पायी थी। सरकार के आंकड़े बताते हैं कि काफी सालों से यहां के सरकारी स्कूलों में हेडमास्टर की नियुक्ति हुई ही नहीं है। अब तक प्रभार के भरोसे ही कामकाज चल रहा है। आंकड़ों पर गौर करें तो राज्य के स्कूलों में प्रिंसिपल के 3226 पद सृजित हैं, जबकि मात्र 130 हेडमास्टर ही अपनी सेवाएं दे रहे हैं। 3226 सृजित पदों में से वर्तमान में 3096 पद खाली हैं। वर्ष 2006 में मीडिल और प्राइमरी स्कूलों के लिये प्राचार्यों की नियुक्ति की प्रक्रिया शुरू की गयी थी लेकिन किसी कारणवश यह नियुक्ति नहीं हो पायी।


**उपायुक्त -सह- जिला दण्डाधिकारी का कार्यालय, रामगढ़ (नजारत शाखा)**

**-: अति अल्पकालीन निविदा :-**

23–रामगढ़ विधानसभा क्षेत्र आगामी उपचुनाव, 2023 के निमित्त उपयोग हेतु विभिन्न प्रकार के **मुद्रण सामग्री** की आपूर्ति हेतु एक अति अल्पकालीन निविदा आमंत्रित की जाती है। वैसे निविदादाता जो निविदा शर्त के अनुरूप निविदा भरने के इच्छुक है, वे अपना भरा हुआ निविदा लिफाफा दिनांक 27.01.2023 के 4:00 बजे अपराह्न तक जिला नजारत कार्यालय, रामगढ़ में जमा कर सकते है। निविदा दिनांक 28.01.2023 को 11:00 बजे पूर्वाहन खोला जायेगा। कार्य एवं सामग्री जिसकी निविदा आमंत्रित की जा रही है कि विवरणी एवं शर्ते https://ramgarh.nic.in में notice के अन्दर देखा जा सकता है।

ह०–
नजारत उपसमाहर्त्ता,रामगढ़

PR 287990 (Election)22-23*D



**कार्यालय जिला पशुपालन पदाधिकारी हजारीबाग।**

**आम सूचना**

सरकार के सचिव , कृषि, पशुपालन एवं सहकारिता विभाग (पशुपालन प्रभाग) झारखण्ड रांची के राज्यादेश संख्या 23रा0 वि0 दिनांक 07.11.2022 के आलोक में मुख्यमंत्री पशुधन विकास योजनान्तर्गत ग्रामीण स्तर पर युवाओं को स्वनियोजित कर आत्मनिर्भर बनाने के उद्देश्य से अनुदानित / लाभुक अंशदान (स्वंय या बैंक ऋण) पर संचालन हेतु पशुपालन प्रक्षेत्र के बतख चुजा वितरण की योजना से लाभन्वित होने हेतु इच्छा की अभिव्यक्ति के तहत् विहित प्रपत्र में आवेदन का आमंत्रित किया जाता है:–

| क0 सं0 | योजना का नाम | इकाई लागत प्रति युनिट | 75 प्रतिशत अनुदान पर आच्छादित योजना का लक्ष्य। | | 90 प्रतिशत अनुदान पर आच्छादित योजना का लक्ष्य। | | कुल लक्ष्य |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | | OSP | SCSP | OSP | SCSP | |
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 | 7 | 8 |
| 1 | बतख चुजा वितरण (15 दिवसीय 15 बतख चुजा) | 1700/– | 221 | 66 | 438 | 0 | 725 |

चयन हेतु अहर्ताए एवं प्रकिया:–
- जिला के लाभुकों का चयन कलस्टर के आधार पर किया जायेगा।
- लाभुको को चयन ग्राम सभा द्वारा किया जायेगा ।
- योजनावार निर्धारित लक्ष्य के आलोक में लाभुकों का चयन प्रखण्ड स्तरीय समिति के अनुशंसा उपरांत उपायुक्त की अध्यक्षता में जिला स्तरीय चयन समिति द्वारा अनुमोदन प्राप्त होने पर योजना का लाभ दिया जायेगा ।
- 75% के अनुदान की योजना सभी समान्य वर्ग के महिला–पुरूष / स्वंय सहायता समुह /सहकारी समितियों के सदस्यों जो पूर्व से पशुधन गतिविधि से जुडे को प्राथमिकता के आधार पर योजना का लाभ दिया जायेगा ।
- 90% के अनुदान की योजना सभी अनुसूचित जाति /अनुसुचित जनजाति/ असहाय विधवा महिला/दिव्यांग/निःसंतान (जिनका उम्र कम से कम 50 वर्ष हो) के होगे।(प्रमाण पत्र अनिर्वाय)
- सभी योजनाओं का अनुदान राशि DBT के माध्यम से लाभुकों के Escrow Account में हस्तांतरित की जायेगी ।
- जिला स्तरीय चयन समिति से अनुमोदन उपरांत लाभुक अंशदान राशि एक माह के अंदर संबंधित खाता में जमा कराना होगा।

नोट :– उपरोक्त योजनाओं के आवेदन करने एवं जानकारी हेतु संबंधित प्रखण्ड पशुपालन पदाधिकारी /भ्रमणशील पशु चिकित्सा पदाधिकारी से सम्पर्क करेंगे ।

निवेदक :–
जिला पशुपालन पदाधिकारी, हजारीबाग।

PR 288007 (Agriculture,Animal Husbandry And Co-opretive Department) 22-23 (D)



**कार्यपालक अभियंता का कार्यालय**
**ग्रामीण विकास विशेष प्रमंडल, लोहरदगा**

**अतिअल्पकालीन ई–निविदा आमंत्रण**

अतिअल्पकालीन ई– निविदा सूचना संख्या – RDD/SD/LOHARDAGA/E-34/2022-23

1. कार्य की विस्तृत विवरणी :

| क्र० सं० | कार्य का नाम | प्राक्कलित राशि | अग्रधन की राशि | परिमाण विपत्र का मूल्य | कार्य पूर्ण करने की अवधि |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | लोहरदगा जिलान्तर्गत प्रखण्ड सेन्हा में REO मुख्य पथ से कोयल नदी पुल तक पी०सी०सी० पथ निर्माण। | 24,47,550.00 | 49000.00 | 5000.00 | 3 माह |
| 2 | लोहरदगा जिलान्तर्गत प्रखण्ड कैरो के ग्राम नरौली करमटोली आंगनबाड़ी केन्द्र भवन से बदला पाहन के घर होते हुए चन्दपाल उराँव के घर कटहल पेड़ मुख्य पथ तक 1000 फीट पी०सी०सी० पथ निर्माण। | 11,66,400.00 | 23500.00 | 2500.00 | 3 माह |
| 3 | लोहरदगा जिलान्तर्गत किस्को प्रखण्ड में ईसराफिल अंसारी के घर से जैरू भगत के घर की ओर पी०सी०सी० पथ निर्माण। | 12,39,550.00 | 25000.00 | 2500.00 | 3 माह |
| 4 | लोहरदगा जिलान्तर्गत सेन्हा प्रखण्ड के ग्राम बदला में मंजुरमति हाई स्कुल से मदन महतो के घर की ओर पी०सी०सी० पथ निर्माण कार्य। | 43,57,000.00 | 87500.00 | 5000.00 | 3 माह |

2 वेबसाइट में निविदा प्रकाशन की तिथि :- 30.01.2023
3 ई–निविदा प्राप्ति की अंतिम तिथि एवं समय :- 06.02.2023 अपराह्न 5:00 बजे तक
4 ग्रामीण विकास विशेष प्रमंडल, लोहरदगा में निविदा शुल्क, अग्रधन की राशि, Bank Credit Certificate एवं Affidavit (Section X) जमा करने की तिथि एवं समय :- 07.02.2023 अपराह्न 02:30 बजे तक
5 निविदा खोलने का स्थान :- ग्रामीण विकास विशेष प्रमंडल, लोहरदगा
6 तकनीकी निविदा खोलने की तिथि एवं समय :- 08.02.2023 अपराह्न 2:00 बजे
7 निविदा आमंत्रित करने वाले पदाधिकारी का नाम एवं पता :- कार्यपालक अभियंता, ग्रामीण विकास विशेष प्रमंडल, लोहरदगा।
8 ई–निविदा प्रकोष्ठ का दूरभाष सं० :- 9934523795 (संबंधित कार्यपालक अभियंता का दूरभाष नम्बर)
9. निविदा शुल्क राष्ट्रीयकृत बैंक द्वारा निर्गत ड्राफ्ट जो कार्यपालक अभियंता, ग्रामीण विकास विशेष प्रमंडल, लोहरदगा के पदनाम से देय हो देना होगा।

विस्तृत जानकारी के लिये वेबसाईट www.jharkhandtenders.gov.in एवं कार्यालय की सूचना पट्ट पर देखा जा सकता है।

कार्यपालक अभियंता
ग्रामीण विकास विशेष प्रमंडल, लोहरदगा

PR 288040 Lohardaga (22-23)_D


## केंद्रीय ग्रामीण विकास सचिव आज जायेंगे खूंटी, करेंगे भ्रमण

खबर मन्त्र ब्यूरो

**रांची।** केंद्रीय ग्रामीण विकास सचिव शैलेश कुमार 21 जनवरी को नई दिल्ली से रांची आएंगे। केंद्रीय सचिव रांची आने के बाद खूंटी जिले का भ्रमण करेंगे। वहां ग्रामीण विकास विभाग की योजनाओं की स्थिति से अवगत होंगे। मनरेगा, पीएम आवास सहित अन्य योजनाओं की भी जानकारी लेंगे। खूंटी से रांची आने के बाद एक कार्यक्रम में भी शामिल होंगे। केंद्रीय सचिव के भ्रमण को देखते हुए खूंटी जिले के अधिकारियों को भी आवश्यक तैयारी रखने का निर्देश दिया गया है।

## सिंगराय टूटी बने जेएस आरआरडीए के चीफ इंजीनियर

खबर मन्त्र ब्यूरो

**रांची।** राज्य सरकार ने सिंगराय टूटी को झारखंड स्टेट रूरल रोड डेवलपमेंट अथॉरिटी का चीफ इंजीनियर बनाया है। इनकी सेवा हाल में ही प्रोन्नति के बाद पथ निर्माण विभाग से ग्रामीण कार्य विभाग को मिली थी। इस संबंध में ग्रामीण कार्य विभाग ने अधिसूचना जारी कर दी है। बताते चलें कि आज ही रिक्त पद होने के कारण अस्थाई रूप से अधीक्षण अभियंता जेएस आरआरडीए उमेश कुमार को जेएस आरआरडीए की सभी संचिकाओं का निष्पादन करने के लिए अधिकृत किया गया। यह आदेश नये चीफ इंजीनियर की पोस्टिंग तक लागू था। अब अब सिंगराय टूटी को चीफ इंजीनियर बनाने से पूर्व का आदेश विलोपित हो गया। अब नियमित चीफ इंजीनियर मिल जाने से राज्य में प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना के कार्यान्वयन में तेजी होगी योजनाओं के टेंडर फाइनल हो सकेंगे।

### प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना के कार्यान्वयन में आयेगी तेजी

खनन उद्योग : चुनौतियां और अवसर विषय पर आयोजित संगोष्ठी में शामिल हुए राज्यपाल

# झारखंड की अर्थव्यवस्था में खनन उद्योग का अहम योगदान : राज्यपाल

### इंडियन माइन मैनेजर्स एसोसिएशन के 100 और बीसीसीएल की स्थापना के 50 वर्ष पूरे

खबर मन्त्र ब्यूरो



**धनबाद।** इंडियन माइन मैनेजर्स एसोसिएशन की स्थापना के 100 वर्ष और भारत कोकिंग कोल लिमिटेड (बीसीसीएल) की स्थापना के 50 वर्ष पूर्ण होने पर कोयला नगर स्थित सामुदायिक भवन में खनन उद्योगः चुनौतियां और अवसर विषय पर आयोजित संगोष्ठी कार्यक्रम आयोजित किया गया। जिसमें राज्यपाल रमेश बैस बतौर मुख्य अतिथि शामिल हुए। मौके पर उन्होंने कहा कि इंडियन माइन मैनेजर्स एसोसिएशन देश में खनन उद्योग की वृद्धि और विकास को बढ़ावा देने में अग्रणी रहा है।

संगठन ने भारत में खनन उद्योग को प्रभावित करने वाली नीतियों को आकार देने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है। उन्होंने कहा बीसीसीएल ने 2022 में अपनी स्थापना के 50 वर्ष पूर्ण कर लिये हैं। यह उन सभी लोगों की कड़ी मेहनत और समर्पण का प्रतिफल है जिन्होंने वर्षों से इस कंपनी से जुड़कर अपनी जिम्मेदारियों का पालन किया। विगत 50 वर्षों से भारतीय कोयला खनन उद्योग में भारत कोकिंग कोल लिमिटेड का एक महत्वपूर्ण स्थान रहा है और यह कंपनी देश के विकास में निरंतर योगदान दे रहा है। खनन समुदाय को एक साथ लाने और महत्वपूर्ण मुद्दों पर चर्चा करने और खदान प्रबंधकों तथा खनन पेशेवरों को अपने विचारों का आदान-प्रदान करने के लिए इंडियन माइन मैनेजर्स एसोसिएशन और बीसीसीएल द्वारा यह पहल सराहनीय है। उन्होंने कहा खनन उद्योग का झारखण्ड राज्य की अर्थव्यवस्था में बहुत महत्वपूर्ण योगदान है। धनबाद कोयला खनन के क्षेत्र में पूरे देश में प्रसिद्ध है।

### पर्यावरण और कृषि की सेहत का रखना होगा ख्याल

राज्यपाल ने कहा खनन गतिविधियों का पर्यावरण पर प्रतिकूल प्रभाव पड़ता है, पर्यावरण को इसका सबसे ज्यादा दुष्प्रभाव झेलना पड़ता है, जिसमें वनों की कटाई, जल तथा वायु प्रदूषण शामिल हैं। इन प्रभावों को कम करने और पर्यावरण को ध्यान में रखते हुए खनन कंपनियों को नई तकनीकों पर ध्यान देना होगा। खनन उद्योग के लिए सामाजिक मुद्दे भी महत्वपूर्ण विषय हैं। खनन उद्योग स्थानीय समुदाय के विकास के लिए काफी फायदेमंद हो सकता है, लेकिन ठीक से प्रबंधित न होने पर पर इसका नकारात्मक प्रभाव भी पड़ता है। खनन गतिविधियां कृषि क्षेत्र को भी प्रभावित करती है।

### खनन क्षेत्र में सुरक्षा पर ध्यान जरूरी

उन्होंने कहा कहा कि खनन के क्षेत्र में सुरक्षा पर बहुत ध्यान देने की आवश्यकता है। खनन एक जोखिम भरा पेशा है और काम के दौरान कर्मी सुरक्षित रहें, यह भी सुनिश्चित करना होगा। खनन कार्यों की दक्षता और उत्पादकता में सुधार करने की दिशा में काम करना होगा। इस क्षेत्र में निरंतर नवीनतम तकनीक और उपकरणों का उपयोग करने के आलावा इसमें काम करनेवाले कर्मियों को भी नियमित रूप से प्रशिक्षित करते रहना होगा।

### सीएसआर के तहत कंपनियां मदद करें

कंपनियों को स्थानीय समुदायों और अन्य हितधारकों के साथ निरंतर संवाद स्थापित करना चाहिए और उनकी जरूरतों और चिंताओं को ध्यान में रखकर सीएसआर के तहत मदद करनी चाहिए। उन्होंने कहा खनन कंपनियों को सामाजिक दायित्वों के तहत शिक्षा और कौशल विकास के क्षेत्र में भी ध्यान देने की जरूरत है। शिक्षा और प्रशिक्षण कार्यक्रमों में निवेश करके हम यह सुनिश्चित कर सकते हैं कि आने वाले वर्षों में राज्य और देश के पास कुशल और सक्षम कार्यबल हो। सही नीतियों, निवेश और कुशल कार्यबल के साथ प्राकृतिक संसाधनों की पूरी क्षमता से उपयोग कर अपने देश के लिए स्थायी आर्थिक विकास में भागीदार हो सकते हैं।

### कार्यक्रम में ये थे मौजूद

बीसीसीएल के सामुदायिक भवन में आयोजित कार्यक्रम में सांसद पशुपतिनाथ सिंह, बीसीसीएल के सीएमडी समिरन दत्ता, आइएमएमए अध्यक्ष केएन सिंह, सिंफर के निदेशक एके मिश्रा सहित अन्य पदाधिकारी मौजूद थे। मौके पर उपायुक्त संदीप सिंह, एसएसपी संजीव कुमार, उप विकास आयुक्त शशि प्रकाश सिंह, ग्रामीण एसपी रेष्मा रमेशन, अपर समाहर्ता नंदकिशोर गुप्ता, अनुमंडल पदाधिकारी प्रेम कुमार तिवारी, डीएसपी मुख्यालय – 1अमर कुमार पांडेय, डीसीएलआर सतीश चंद्रा, डीटीओ राजेश कुमार सिंह, ट्राफिक डीएसपी राजेश कुमार सहित तमाम पुलिस व प्रशासनिक पदाधिकारी मौजूद थे।

# परीक्षा में स्कोर की चिंता छोड़ें, मोबाइल अलमीरा में बंद कर सेल्फ स्टडी करें छात्र

■ एसएसपी प्रभात कुमार ने तनावमुक्त रहकर परीक्षा की तैयारी को दिए टिप्स

■ दसवीं एवं बारहवीं (बोर्ड) के छात्र-छात्राओं के लिए चैंबर का प्रोग्राम संपन्न

**खबर मन्त्र ब्यूरो**

**जमशेदपुर।** सिंहभूम चैम्बर ऑफ कॉमर्स एंड इंडस्ट्री के द्वारा आज शुक्रवार दिनांक 20 जनवरी, 2023 को चैम्बर भवन में मोटिवेशनल टॉक शो का आयोजन किया गया। इस टॉक शो में पूर्वी सिंहभूम के वरीय आरक्षी अधीक्षक (एसएसपी) प्रभात कुमार, भा.पु.से. ने दसवीं और बारहवीं के बोर्ड परीक्षा में शामिल होने वाले छात्र-छात्राओं को परीक्षा के दौरान तनाव मुक्त होकर परीक्षा की तैयारियों की रणनीति बनाने की सलाह दी और उन्हें प्रोत्साहित किया। इस दौरान वक्ता के रूप में रिटायर्ड कर्नल संजीव रमन भी उपस्थित थे। मौके पर स्वागत भाषण अध्यक्ष विजय आनंद मूनका एवं मंच संचालन मानद महासचिव मानव केडिया ने किया।

इस अवसर पर वरीय आरक्षी अधीक्षक ने बच्चों से मुखातिब होते हुये कहा कि छात्र-छात्राओं को वे अपनी बोर्ड परीक्षा के तैयारी के वक्त यह सोचकर न चलें कि उन्हें अधिक से अधिक प्रतिशत में अंक प्राप्त करना है। बल्कि उसे पूरी लगन और अपनी क्षमताओं के अनुसार पूरी ईमानदारी एवं समर्पण के साथ स्वयं को इसके लिये श्रेष्ठ रूप में तैयार कर पढ़ाई करनी चाहिए। परीक्षा के तैयारी के दौरान अगर छात्र प्रतिशत के बारे में सोचेंगे तो उनका ध्यान भटकेगा। उन्हें अपनी मन की बातों को सुनते हुये सेल्फ स्टडी करना चाहिए। सबसे प्रमुख बात उन्हें अपनी दिनचर्या समय के अनुरूप निर्धारित करनी चाहिए। इस दौरान विद्यार्थियों को मोबाईल फोन को पूरी तरह दूर रहना चाहिए और मोबाईल फोन को अलमीरा में रख देना चाहिए क्योंकि सोशल मीडिया और इसपर मिलने वाले अन्य इनपुट का उपयोग ध्यान भटकाने वाला और हानिकारक होता है। उन्हें अपनी पूरी नींद लेना चाहिए, प्रतिदिन कुछ व्यायाम, खेलकूद पर भी ध्यान देना चाहिए। कभी-कभी मानसिक शांति हेतु पार्क भ्रमण हेतु भी निकलना चाहिए। इस दौरान उन्हें माता-पिता से खुलकर अपनी भविष्य की बातों पर चर्चा करें।



छात्र-छात्राओं को टिप्स देते एसएसपी प्रभात कुमार।

उन्होंने विद्यार्थियों से कहा कि इन दुनिया में शारीरिक आकार और मानसिक क्षमता दोनों के मामले में हर कोई अद्वितीय पैदा होता है इसलिये अभिभावक को स्कूली शिक्षा की शुरूआत से ही अपने बच्चों के प्राकृतिक झुकाव को पूरी गंभीरता से समझने की कोशिश करते हुये बच्चों को उनके पसंद के अनुरूप आगे बढ़ने देते रहना चाहिए। उन्हें कभी भी अपने बच्चों की तुलना दूसरे बच्चों से नहीं करनी चाहिए। अपनी इच्छाओं को अपने बच्चों पर नहीं थोपना चाहिए। अभिभावक की ओर से ऐसा करने से बच्चे विकृत मानसिकता की उनका झुकाव बढ़ते चला जाता है जो आगे जाकर हानिकारक होता है और गलत दिशा की ओर बढ़ते चले जाते हैं।

अतिथि एवं वक्ता के रूप में उपस्थित रिटायर्ड कर्नल संजीव रमन ने भी दो कहानियों के जरियें विद्यार्थियों को प्रोत्साहित किया।

अंत में धन्यवाद ज्ञापन सचिव पीयूष चौधरी ने किया। इस अवसर पर चैम्बर अध्यक्ष विजय आनंद मूनका, मानद महासचिव मानव केडिया, उपाध्यक्ष नितेश धूत, सचिव भरत मकानी, सचिव पीयूष चैधरी, कोषाध्यक्ष किशोर गोलछा, सीए रमाकांत गुप्ता, अंशुल रिंगसिया, रोहित सिंहानिया, स्नेहित सिंहानिया, विष्णु अग्रवाल, राजेश रिंगसिया, पारस रिंगसिया, अनिल कुमार, मुकेश मित्तल जुगसलाई साहित काफी संख्या में सदस्यगण भी उपस्थित थे।

सेन्ट्रल माईन प्लानिंग एण्ड डिजाईन इन्स्टीच्यूट लिमिटेड
(कोल इण्डिया की एक अनुषंगी ईकाई)
गोंदवाना प्लेस, कॉके रोड, रॉची–834031, झारखंड, भारत

सूचना

"सामग्री, कार्यों एवं सेवाओं की खरीद हेतु सीआईएल एवं इसकी अनुषंगी कम्पनियों द्वारा जारी सभी निविदाएँ कोल इंडिया लिमिटेड की वेबसाइट www.coalindia.in/ संबंधित अनुषंगी कंपनी (सीएमपीडीआई, www.cmpdi.co.in), सीआईएल ई–प्रोक्योरमेंट पोर्टल https://coalindiatenders.nic.in एवं सेंट्रल पब्लिक प्रोक्योरमेंट पोर्टल https://eprocure.gov.in पर उपलब्ध हैं। इसके अलावा, जीईएम पोर्टल https://gem.gov.in के माध्यम से भी खरीद की जाती है।"

## एक नजर में

### एमजीएम अस्पताल में किया गया भोजन वितरण



**जमशेदपुर।** अखिल भारतीय मारवाड़ी युवा मंच के 39वें स्थापना दिवस पर मारवाड़ी युवा मंच स्टील सिटी सुरभि शाखा द्वारा आयोजित तीन दिवसीय कार्यक्रम के तीसरे दिन शुक्रवार 20 जनवरी को एमजीएम अस्पताल परिसर में 239 जरूरतमंदों के बीच दोपहर का भोजन और लड्डू बांटा गया। यह कार्यक्रम शाखा अध्यक्ष उषा चैधरी के नेतृत्व में संपन्न हुआ। इसमें पुष्पा अग्रवाल, निधि अग्रवाल, नीलम देबूका, निशा अग्रवाल, गायत्री अग्रवाल आदि सदस्यों का योगदान रहा।

### एनआरएचएम एएनएम जीएनएम संघ की हड़ताल जारी



**गम्हरिया।** झारखंड अनुबंधित पारा चिकित्साकर्मी संघ और राज्य एनआरएचएम एएनएम जीएनएम संघ के संयुक्त आह्वान पर स्थायीकरण की मांग को लेकर अनुबंध चिकित्साकर्मियों का अनिश्चितकालीन हड़ताल विगत पांच दिनों से लगातार जारी है। शुक्रवार को भी हड़ताली चिकित्साकर्मियों ने सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र के समक्ष धरना देकर सरकार विरोधी नारे लगाए। इधर, उनके इस हड़ताल में एनआरएचएम, एएनएम, ऑपरेटर्स आदि के भी शामिल रहने से गम्हरिया प्रखंड समेत पूरे जिले में स्वास्थ्य व्यवस्था चरमरा गई है। विदित है कि इस हड़ताल में राज्य के करीब आठ हजार अनुबंध चिकित्साकर्मी हैं।

### यूटिलिटी ट्रांसपोर्ट के आई कैंप में 84 ड्राइवरों की जांच



**जमशेदपुर।** डिमना यूटिलिटी ट्रांसपोर्ट कंपनी परिसर में कैंप संयोजक सह आई एच एम ओ जिलाध्यक्ष एसआरके कमलेश की ओर से स्वास्थ्य शिविर आयोजित की गयी। कुल 84 ट्रक ड्राइवरों की जांच हुई। इस दौरान कैंप संयोजक एसआरके कमलेश ने बताया यूटिलिटी ट्रांसपोर्ट कंपनी के ट्रक ड्राइवर जो दिन एवं रातों को लंबी दूरियों का सफर तय करते हैं उन ट्रक ड्राइवरों को ब्लड मे ग्लूकोज, ब्लड प्रेशर, मोतियाबिंद से लेकर नेत्र जांच की गयी ताकि सफर के दौरान दुर्घटना से बच सके। इस कैंप में डायबिटीज के मरीजों को सीनियर कंसलटेंट कार्डियो डायबिटोलॉजिस्ट डॉ रामकुमार ने निशुल्क चिकित्सा सलाह एवं परामर्श दिया। मोतियाबिंद पाए गए मरीजों का निशुल्क ऑपरेशन एएसजी नेत्र चिकित्सालय में किया जाएगा। मौके पर कंपनी के स्वामी सरदार देवेंद्र सिंह, सरदार तरनप्रीत सिंह एवं कंपनी के पदाधिकारी व कर्मचारी के अलावा मेडिकल टीम से फहीम काजमी, नजमुल हसन , आनंद, अनिमेष पांडे अभिषेक पांडे अभिषेक श्रीवास्तव, अजय राय, यासीर , शंकर गोराई , इमरान एसएन शर्मा इत्यादि का महत्वपूर्ण योगदान रहा।

### मानगो : बस्तियों में भाजयुमो ने बांटे 350 कंबल



**जमशेदपुर।** मानगो गौर बस्ती चटाई कुली कॉलोनी में आज भारतीय जनता युवा मोर्चा मानगो मंडल के नेतृत्व में आज आस पास के बस्ती के 350 जरूरतमंदों के बीच कंबल बांटा गया। मौके पर मुख्य अतिथि भाजपा व्यावसायिक प्रकोष्ठ के प्रदेश संयोजक नीरज सिंह, विशिष्ट अतिथि के रूप में भारतीय जनता युवा मोर्चा जमशेदपुर महानगर अध्यक्ष अमित अग्रवाल, और सम्मानित अतिथि के रूप में मानगो मंडल अध्यक्ष विनोद राय वरिष्ठ भाजपा नेता नीलकमल शेखर संतोष उपाध्याय मानगो मंडल युवा मोर्चा अध्यक्ष सुशील पांडे भाजपा जिला आईटी प्रभारी ज्ञान प्रकाश भारतीय जनता पार्टी मानगो मंडल उपाध्यक्ष सुनील सिंह मौजूद थे। इस कंबल वितरण के अवसर पर नीरज सिंह ने कहा की मानगो भाजपा युवा मोर्चा की ओर से आयोजित यह कंबल वितरण का कार्यक्रम बहुत ही सहरहनिया पहल है। नीरज सिंह ने कहा कि भारतीय जनता पार्टी हमेशा समाज के आखरी वक्ति तक पहुंचाती है और हमेशा जनता के हित में काम करने की कोशिश करती है। मानगो युवा मोर्चा की पूरी टीम को बधाई देते हुए आगे भी समाजसेवा में लगे रहने को कहा।

### स्वच्छता अभियान सहारा सिटी मानगो में संपन्न



**जमशेदपुर।** मानगो नगर निगम के कार्यपालक पदाधिकारी श्री सुरेश यादव जी के दिशा निर्देशन में चल रहे स्वच्छता सर्वेक्षण 2023 के तहत मानगो क्षेत्र की बड़ी सोसाइटी को गोद लेने की पहल का कॉलोनीवासियों द्वारा सराहना की जा रही है। गत गुरुवार को सहारा सिटी मानगो के सचिव सह नगर निगम के स्वच्छता ब्रांड एम्बेसडर सुशील सिंह के संचालन में सोसाइटी कैंपस में कॉलोनीवासियों के बीच स्वच्छता जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया। नगर निगम के प्रबंधक निशांत कुमार मुख्य रूप से उपस्थित रहे। स्वच्छता ब्रांड एम्बेसडर मुख्तार आलम खान तथा ताहिर हुसैन, खालिद इकबाल, डॉ लक्ष्मण प्रसाद, रवि शंकर केपी ने उपस्थित सदस्यों को संबोधित किया और सहारा सिटी में चल रहे सफाई कार्य की काफी सराहना की गई और कचड़े को रखने के लिए को सफाई घर बनाया गया उसका भी निरक्षण कर, सुखा सुखा कूड़ा, गीला कूड़ा और खास कर खराब इलेक्ट्रॉनिक को अलग रखने की सुझाव दी गई है, ताकि बाद में उसे बेच कर रिसाइकल किया जा सके। इस प्रोग्राम को कामयाब बनाने में स्वच्छता निरीक्षक श्री अंशुमन, श्री राकेश, श्री कमल की भी सराहनीय भूमिका रही।

### इंदरजीत ने 12वीं और चंचल ने 10वीं बार दिया प्लेटलेट्स



**जमशेदपुर।** सामाजिक संस्था आगाज के संस्थापक अध्यक्ष सह सामाजिक कार्यकर्ता इंदरजीत सिंह ने आज ब्लड बैंक में जाकर प्लेटलेट्स दान किये। आदित्यपुर के इच्छापुर निवासी आर सी महतो( 74 वर्ष) जो की टी एम एच में विगत 28 दिसम्बर से एडमिट है,उनका इलाज सुचारू रूप से हो सके इसके लिये प्लेटलेट्स की आवश्कता थी,ब्लड बैंक से इंदरजीत सिंह से संपर्क किया गया। इंदरजीत सिंह ने तुरंत ब्लड बैंक जाकर प्लेटलेट्स दान किया। इससे पूर्व भी इंदरजीत सिंह 11 बार प्लेटलेट्स दान कर चुके है,वही संस्था के संरक्षक चंचल भाटिया ने श्रीमती मनिका देवी( 34 वर्ष) के लिये आज 10 वी वार प्लेटलेट्स दान किये। इंदरजीत सिंह ने कहा कि समय समय पर वो और उनके साथी रक्तदान एवं प्लेटलेट्स दान करते रहते है। मौके पर हौंसला अफजाई के लिये मुख्य रूप से राजवीर भाटिया,हरविंदर सिंह,सत्प्रीत सिंह,संतोख सिंह,अमनजोत सिंह मौजूद रहे।

## स्पीड न्यूज

### हरिवंश की तीन किताबों पर लेखकीय संवाद आज



**जमशेदपुर।** 21 जनवरी 2023 को 12 बजे से चैंबर भवन, बिष्टुपुर में राज्यसभा के उपसभापति, वरिष्ठ पत्रकार, लेखक हरिवंश की तीन किताबों पर लेखकीय संवाद होगा। प्रेस क्लब ऑफ जमशेदपुर के इस आयोजन में लेखक श्री हरिवंश की तीन नयी पुस्तकों के बारे में जमशेदपुर वीमेंस कॉलेज के कुलसचिव डॉ अविनाश कुमार सिंह व एलवीएसएम कॉलेज के प्राचार्य डॉ एके झा व घाटशिला कॉलेज के प्रोफेसर मित्रेश्वर अग्निमित्र परिचर्चा करेंगे। साहित्यकार सह प्रोफेसर त्रिपुरा झा लेखक श्री हरिवंश की तीनों पुस्तकों पर प्रश्नोत्तरी संवाद करेंगी। इस आयोजन में उपस्थित पाठकों से भी लेखक का संवाद होगा। वाणी प्रकाशन द्वारा प्रकाशित इन तीनों पुस्तकों के नाम क्रमश: 'पथ के प्रकाश पुंज', 'कलश' और 'सृष्टि का मुकुट: कैलास मानसरोवर' है। इन तीनों पुस्तकों का संपादन हैदराबाद में रहनेवाले प्रसिद्ध पत्रकार अतुल कुमार ने किया है।

### नौका विहार चालू करने को एसडीओ को ज्ञापन



**चांडिल।** चांडिल बांध विस्थापित मत्स्य जीवी स्वावलंबी सहकारी समिति ने चांडिल के एसडीओ रंजीत लोहरा को ज्ञापन सौंपा। इस ज्ञापन में चांडिल डैम के दूलमी घाट एवं पातकुम घाट में चांडिल बांध विस्थापित मत्स्य जीवी स्वावलंबी सहकारी समिति ने नौका विहार चालू कराने की मांग की है। श्यामल मार्डी ने कहा इन दोनों जगह में नौका विहार चालू होने से बेरोजगार युवा विस्थापितको रोजगार मिलेगी। इस मौके पर समिति के अध्यक्ष नारायण गोप उपस्थित थे।

### नवोदय विद्यालय में प्रवेश का ऑनलाइन आवेदन शुरू

**जमशेदपुर।** नवोदय विद्यालय समिति (एनवीएस) ने सत्र 2023-24 के लिए कक्षा 06 में प्रवेश के लिए ऑनलाइन आवेदन शुरू कर दिया है। जिन छात्रों को जवाहर नवोदय विद्यालय चयन परीक्षा 2023 (जेएनवीएसटी 2023) में शामिल होना है उनके परिजन आधिकारिक वेबसाइट पर जाकर ऑनलाइन आवेदन कर सकते हैं। आवेदन करने की प्रक्रिया 31 जनवरी, 2023 तक जारी रहेगी। प्रवेश परीक्षा 29 अप्रैल, 2023 को सुबह 11.30 बजे आयोजित होने वाली है।

### गम्हरिया : वन विभाग ने हटाया अवैध अतिक्रमण

**गम्हरिया।** वन विभाग की ओर से गम्हरिया में अवैध अतिक्रमण के खिलाफ अभियान चलाया गया। इस दौरान गम्हरिया के बलरामपुर मौजा में वन विभाग की जमीन को अतिक्रमण कर अवैध रूप से किए गए निर्माण कार्य को तोड़ा गया। आरएफओ प्रमोद सिंह के नेतृत्व में की गई इस कार्रवाई के दौरान बुलडोजर से एक दर्जन से अधिक अवैध निर्माण को जमींदोज कर दिया गया। विदित है कि हाल के दिनों में धड़ल्ले से भू माफियाओं द्वारा वन भूमि को अतिक्रमण कर उसे औने-पौने दामों में बेचा जा रहा था। इसकी सूचना मिलने के बाद वन विभाग हरकत में आयी।

# गंगा आरती के साथ सौंदर्यीकरण से मन मोहेगा दुमुहानी : बन्ना गुप्ता

➲ मंत्री बन्ना और डीसी ने लिया सौंदर्यीकरण और समतलीकरण का जायजा

**खबर मन्त्र ब्यूरो**

**जमशेदपुर।** स्वर्णरिखा और खरकाई नदी तट के विकास के लिये राज्य के मंत्री और स्थानीय कांग्रेस विधायक बन्ना गुप्ता ने समाजसेवियों के साथ नदी तट का अवलोकन किया। नदी के किनारे समतलीकरण, वृक्षारोपण, सौंदर्यीकरण, आरती, घाट की सफाई इत्यादि की योजना पर चर्चा की। साथ ही गंगा की तर्ज पर स्वर्णरिखा आरती मंडप के निर्माण, प्रतिदिन संध्या आरती की शुरूआत एवं स्वर्णरखा पर्यटन के विकास पर चर्चा हुई, जो मंत्री बन्ना गुप्ता की दूरदर्शी परिकल्पना है।

सोनारी दोमुहानी को विकसित करने के लिए उन्होंने यहां पर जेसीबी की मदद से काम शुरू करा दिया है। जमशेदपुर की डीसी विजया जाधव समेत अन्य तमाम पदाधिकारी भी वहां पहुंचे और काम को और तेज करने को कहा। इस दौरान खुद मंत्री बन्ना गुप्ता मेहनत करते नजर आये। वे खुद पूरे स्थल के विकास को लेकर परामर्श व योजना तैयार करते नजर आये। इसके बाद नदी तट के विकास को लेकर पर भी कई तरह के नये कार्य की शुरूआत करायी है। गंगा की तरह निर्मल करते हुए यहां आरती की व्यवस्था शुरू की जा रही है। इस कड़ी में काम शुरू कर दिया गया है। इसको लेकर सभी समाज के लोगों व सामाजिक संगठनों से भी मदद ली जा रही है। शुक्रवार को मंत्री बन्ना गुप्ता ने मारवाड़ी समाज के कई समाजसेवियों से इन मुद्दों पर वार्ता की और उनसे भी परामर्श लिया। इस दौरान अशोक चौधरी, संजय ठाकुर,बिलाल गुफरानी, संजय तिवारी,कैलाश रजक, अमित प्रसाद, सुनील सिंह,रवि दुबे ,बबन शुक्ला, प्रभात ठाकुर,झारखंड प्रांतीय मारवाड़ी सम्मेलन के उपाध्यक्ष ओमप्रकाश रिंगसिया, संयुक्त महामंत्री दीपक पारीक, अजय चेतानी, सांवरमल अग्रवाल, कमल किशोर अग्रवाल, पूर्वी सिंहभूम जिला अग्रवाल सम्मेलन के पूर्व अध्यक्ष संतोष अग्रवाल, पूर्वी सिंहभूम जिला अग्रवाल सम्मेलन के उपाध्यक्ष सन्नी संघी, महासचिव अभिषेक अग्रवाल गोल्डी, सयुंक्त मंत्री बलराम अग्रवाल, अग्रवाल युवा मंच के अध्यक्ष रोहित अग्रवाल, सिंहभूम चैंबर ऑफ कॉमर्स एंड इंडस्ट्री के उपाध्यक्ष महेश सोंथालिया, जुगसलाई संयोजक लोचन मेंगोतिया, पूर्वी सिंहभूम जिला मारवाड़ी सम्मेलन के जिलाध्यक्ष अशोक मोदी इत्यादि कई सदस्य उपस्थित थे।


घाट पर डीसी को आवश्यक निर्देश देते मंत्री बन्ना गुप्ता।

## डीएसपी ने विद्यार्थियों को बताया साइबर क्राइम से बचने का तरीका

■ मोबाइल और लैपटॉप के सुरक्षित उपयोग से साइबर ठगी से बचा जा सकता है : जयश्री कुजूर

■ साइबर फ्रॉड होने पर हेल्पलाइन नंबर 1930 पर अविलंब फोन करें : राकेश




**खबर मन्त्र ब्यूरो**

**जमशेदपुर।** घाटशिला कॉलेज, घाटशिला में साइबर अपराध की रोकथाम को लेकर जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया। उक्त कार्यक्रम में बतौर मुख्य अतिथि साइबर क्राइम के डीएसपी जयश्री कुजूर ने विस्तार से साइबर अपराध तथा इससे बचाव के संबंध में बताते हुए कहा कि मोबाइल एवं लैपटॉप का सुरक्षित प्रयोग करने से ही इससे बचा जा सकता है। उन्होंने साइबर क्राइम के कई उदाहरण देकर बताया कि फोन पर, गूगल पर, पेटीएम, बैंक, ई-कॉमर्स, वेबसाइट, क्रेडिट कार्ड, डेबिट कार्ड आदि के कस्टमर केयर नंबर गूगल पर कभी सर्च नहीं करें। क्रेडिट कार्ड को एक्टिव कराने, लिमिट बढ़ाने, बंद करवाने संबंधी फोन या मैसेज आने पर अपने क्रेडिट कार्ड के विवरण कभी नहीं दें।

## गोपाल मैदान में वृहद टुसू मेला आज

**खबर मन्त्र ब्यूरो**

**जमशेदपुर।** शनिवार, 21 जनवरी को दो वर्षों के अंतराल के बाद बिष्टुपुर गोपाल मैदान में पुनः ढोल, मांदर, धमसा की आवाज गूंजेगी। इसे लेकर लोगों में काफी उत्साह है और उम्मीद से अधिक लोगों के जुटान होने की उम्मीद है। झारखंड वासी एकता मंच के संयोजक सह सांसद विद्युत वरण महतो तथा मुख्य संयोजक आस्तिक महतो ने जानकारी दी कि आयोजन की तैयारी पूरी हो चुकी है। उक्त मेला में राजनीति व समाज के कई गण्यमान्य लोग शिरकत करेंगे। इसकी शुरुआत वर्ष 2006 में पूर्व सांसद स्व.सुनील महतो, राज्य के पूर्व उप मुख्यमंत्री स्व.सुधीर महतो के साथ मिलकर की गई थी, जिसे आज भी कायम रखा गया है। टुसु मेला में आकर्षक प्रतिमा, चौड़ल लेकर आनेवालों के लिये आकर्षक ईनाम राशि तय किये गये हैं। साथ ही बुढ़ी गाड़ी नाच तथा व्यक्तिगत साज-सज्जा करने में बेहतर प्रदर्शन करनेवाले को पुरस्कृत किया जायेगा।

### झारखंड कला संस्कृति मंच ने टुसू मेले में मूर्ति का किया विरोध

दूसरी ओर, जमशेदपुर, बृहद झारखंड कला संस्कृति मंच का ऑनलाइन बैठक आज संपन्न हुआ। मंच ने डहरे टुसु परब के बाद बृहद झारखंड के सभी टुसु परब कमिटी से अपील किया था कि टुसु परब में अपने संस्कृति के अनुसार ही चौड़ल रखे। टुसु के मूर्ति स्वरूप के माध्यम से फैल रहे अपसंस्कृति कोई स्थान न दे। बैठक में मंच के सभी सदस्यों ने अपने इस बात को दोहराया कि अपने संस्कृति के अनुसार टुसु परब में मूर्ति का कोई स्थान नहीं है। हमलोगों के परंपरा संस्कृति में चौड़ल का परंपरा रही है।

मंच ने बताया कि यह कोई देवी देवता का नहीं, कोई राजकुमारी कहानी नहीं है। टुसु यानि धान धान यानि डिनिमाय यानि बीज संरक्षण का और फसल उठाने के परब है। खुशी का परब है।ऑनलाइन बैठक में जयराम महतो, चन्दन महतो, धनंजय महतो, प्रकाश महतो, राजेश महतो माधव महतो, बिकास महतो, डॉ अनिल महतो, मंटू महतो, राम प्रसाद महतो, अंकुर कुड़मी, जगदीश कुमार, प्रहलाद गुलियार, रुम्पा कुमारी, जया कुमारी, मोनिका महतो, बीरसिंह महतो भी थे।

## महावीर राणा प्रताप पुस्तक का विमोचन-वितरण

**खबर मन्त्र ब्यूरो**

**जमशेदपुर।** गत गुरुवार को मरीन ड्राइव स्थित महाराणा प्रताप और उनके वफादार चेतक की प्रतिमा पर क्षत्रिय समाज के लोगों ने भारी संख्या में जुट कर माल्यार्पण किया तथा उन्हें अपनी श्रद्धांजलि अर्पित की। मालूम हो आज भारत की शान महाराणा प्रताप की पुण्यतिथि थी। अखिल भारतीय क्षत्रिय महासभा के जिलाध्यक्ष अभिषेक सिंह राजपूत और प्रदेश महामंत्री समरेश सिंह के संयुक्त नेतृत्व में साकची मैरिन ड्राइव चौक पर वीर शिरोमणि महाराणा प्रताप के पुण्य तिथि पर श्रद्धांजलि अर्पित की गई। मौके पर झारखंड क्षत्रिय संघ के केंद्रीय अध्यक्ष शंभूनाथ सिंह, जिला परिषद की सदस्य कविता परमार, चंद्रगुप्त सिंह, विनोद सिंह वगैरह मौजूद थे। क्षत्रिय युवकों ने एक मोटरसाइकिल रैली भी निकाली, जो महाराणा प्रताप की जय जयकार करती मूर्ति स्थल पर पहुंची। मौके पर जमशेदपुर के पत्रकार एवं कवि गंगाप्रसाद 'कौशल' द्वारा लिखी गई कविता की पुस्तक 'महावीर राणा प्रताप' का विमोचन गण्य मान लोगों के हाथों हुआ।


महाराणा प्रताप की प्रतिमा के सामने पुस्तक का विमोचन करते क्षत्रिय समाज के पदाधिकारीगण।

## कांग्रेसियों ने गांधी घाट पर किया मौन सत्याग्रह

**खबर मन्त्र ब्यूरो**

**जमशेदपुर।** कांग्रेस पार्टी के त्रिपुरा, नागालैंड व सिक्किम राज्यों के प्रभारी सह जमशेदपुर के पूर्व सांसद डॉ. अजय कुमार पर त्रिपुरा राज्य में हुए जानलेवा हमले के विरोध में आज मंत्री श्री बनना गुप्ता के मार्गदर्शन पर, पूर्वी सिंघभूम जिला कांग्रेस के अध्यक्ष श्री आनंद बिहारी दुबे के नेतृत्व में जिला कांग्रेस कमिटी के सदस्यों द्वारा स्वर्णरिखा गाँधी घाट पर सत्याग्रह के रूप में मौन सभा का आयोजन किया गया था। जिला कांग्रेस कमिटी के सदस्यों द्वारा राष्ट्र पिता महात्मा गाँधी के मूर्ति के समक्ष शांति पूर्ण तरीके से मौन विरोध प्रदर्शन के पश्चात पार्टी का एक प्रतिनिधिमंडल जिला उपायुक्त कार्यालय जाकर, त्रिपुरा के घटना के विरोध में, उपायुक्त पूर्वी सिंहभूम के माध्यम से मुख्य निर्वाचन आयुक्त, केन्द्रीय गृह मंत्री एवं राष्ट्रपति महोदया से निष्पक्ष जाँच व त्वरित करवाई की मांग रखते हुए एक ज्ञापन दिया गया। जिला कांग्रेस के अध्यक्ष श्री आनंद बिहारी दुबे के द्वारा इस घिनौने और नीचतापूर्ण कृत्य की कड़ी निंदा करते हुए यह कहा गया की भाजपा राजनीतिक प्रतिशोध में लोकतंत्र का हत्या कर रही है।

## सप्ताह भर चलने वाले जोहार हाट का शानदार समापन

■ 6 राज्यों से 6 विभिन्न जनजातियों का प्रतिनिधित्व करने वाले 21 लोगों ने हाट में भाग लिया

■ 1500 से अधिक लोगों ने देखी प्रदर्शनी और खरीदारी की

**खबर मन्त्र ब्यूरो**

**जमशेदपुर।** टाटा स्टील फाउंडेशन द्वारा 14 जनवरी से आयोजित एक सप्ताह तक चलने वाले जोहार हाट का आज समापन हो गया। कदमा के प्रकृति विहार में आयोजित प्रदर्शनी की अवधारणा पूरे भारत में जनजातियों की कला, शिल्प, व्यंजन और संस्कृति को प्रदर्शित करने के लिए एक समर्पित स्थान के रूप में की गई थी। सप्ताह भर चलने वाली प्रदर्शनी में, 6 राज्यों के 21 लोगों ने भाग लिया, जो 6 विभिन्न जनजातियों का प्रतिनिधित्व करते थे। जोहार हाट में जमशेदपुर और उसके आसपास से 1500 से अधिक उत्साही लोगों ने भागीदारी दिखाई।

सप्ताह भर हाट में कई कार्यशालाओं का आयोजन किया गया। कार्यक्रमों में बच्चों के लिए एक पेंटिंग प्रतियोगिता, शगुन महिला समिति की माया सोरेन द्वारा आदिवासी व्यंजनों पर एक कार्यशाला, माइनो और पोमा मुर्मू द्वारा लाख चूड़ियों पर एक कार्यशाला का संचालन, मेचो जामुदा द्वारा सौरा टैटू कार्यशाला का आयोजन और एक फोटोग्राफी कार्यशाला आदि का आयोजन किया गया। 'समुदाय के साथ' नामक एक टीम द्वारा हर दिन एक फिल्म स्क्रीनिंग का आयोजन भी किया गया। ये फिल्में विभिन्न विषयों पर आधारित थीं जैसे कि आदिवासियों द्वारा सामना किए जाने वाले सामाजिक मुद्दे और आदिवासी कारीगरों के सामने आने वाली चुनौतियां। जोहार हाट के इस पहले संस्करण में डोकरा कलाकृति, सोहराई पेंटिंग्स, संथाल कपड़े, वारली जैविक उत्पाद, सबाई घास के उत्पाद, सौरा कलाकृति, जनजातीय फैशन आभूषण और जनजातीय व्यंजन प्रस्तुत किए गए थे। हाट का समापन सभी प्रतिभागियों का सम्मान और एक आदिवासी संगीत की प्रस्तुति के साथ हुआ। जोहार हाट का अगला संस्करण 14-20 फरवरी, 2023 तक आयोजित करने की योजना बनाई जा रही है।



## स्पीड न्यूज

### पाटन : हाइवा के धक्के से एक की मौत



**पाटन पलामू।** प्रखंड के राजकुमार भुइयां (55) की मौत हाइवा की चपेट में आने से हो गयी। मृतक अंधा-बहरा था। घटना शुक्रवार करीब बारह बजे की है। वह पतन थाना क्षेत्र के सगुण का रहनेवाला था। प्राप्त जानकारी के अनुसार राजकुमार पिता स्व रामधनी भुइयां अपने घर के समीप पाटन डाल्टनगंज जाने वाली मुख्य रोड के किनारे खड़ा था। उसी क्रम में पाटन से तेज गति से जा रही हाइवा ने धक्का मार दिया। जिससे उसकी मौत हो गयी।

### चार स्थानों पर आज मनेगा ऊर्जा दिवस

**मेदिनीनगर।** बिजली विभाग शनिवार को उर्जा दिवस पर जिले चार स्थानों पर उर्जा मेला लगा रहा है। यह जानकारी मेदिनीनगर विद्युत आपूर्ति क्षेत्र के कार्यपालक अभियंता एससी मिश्रा ने दी। बताया कि शनिवार को उर्जा दिवस पर जिले के मेदिनीनगर रेड़मा स्थित बिजली विभाग के कार्यालय, लेस्लीगंज स्थित विद्युत आपूर्ति प्रशाखा, पाटन विद्युत आपूर्ति प्रशाखा व बिश्रामपुर के बी मोड़ पर उर्जा मेला लगेगा। इसमें सौ यूनिट फ्री बिजली सहित उपभोक्ताओं की अन्य समस्याओं का समाधान होगा। कार्यपालक अभियंता श्री मिश्रा सभी उपभोक्ताओं से उर्जा मेला में भाग लेने की अपील की है।

### जलसंकट से जूझ रहे गांगी खुर्द के लोग

**मेदिनीनगर।** गढ़वा जिला अंतर्गत पीपरा पंचायत के गांगी खुर्द स्थित उमाशंकर दुबे एवं गया पांडेय के घर के निकट लगा चापाकल हटा देने से पेयजल की घोर समस्या उत्पन्न हो गई है। भुक्तभोगी परिवार ने बताया कि गांव में नल जल योजना के तहत पेयजल आपूर्ति के लिए पाईप बिछाया जा रहा था इसी में 30 वर्षों से पेयजल समस्या का समाधान कर रहे चापाकल को विभाग ने हटा दिया। नल जल योजना का कार्य भी अधर में लटका हुआ है। पहले से स्थापित चापाकल को उखाड़ देने से ग्रामीणों के बीच पेयजल संकट है। इस बारे में कई बार पेयजल एवं स्वच्छता विभाग के कार्यपालक अभियंता से समाधान का आग्रह किया। छह माह बीतने के बाद भी अभी तक इस दिशा में कोई कार्रवाई नहीं की गई।

### नाई समाज का वनभोज कार्यक्रम आज

**नावा बाजार, पलामू।** राष्ट्रीय नाई महासभा नावाबाजार इकाई 21 जनवरी को नावा बाजार प्रखंड के इटको मोड़ आईटीआई कॉलेज के समीप मिलन समारोह सह वनभोज करेगा। कार्यक्रम दिन 10 बजे शुरू होगा। नावा बाजार इकाई के अध्यक्ष कपिलदेव ठाकुर एवं सचिव रवींद्रनाथ ठाकुर ने बताया कि कार्यक्रम में राष्ट्रीय नाई महासभा के जिलाध्यक्ष वचन ठाकुर सहित अन्य पदाधिकारी, समाज के प्रबुद्धजन भाग लेंगे। इसमें पलामू प्रमंडल के तीनों जिले से समाज के लोग जुटेंगे। अध्यक्ष-सचिव रवींद्रनाथ ठाकुर ने समाज के लोगों को इस मिलन समारोह में भाग लेकर सफल बनाने की अपील की।

### बिजली उपभोक्ताओं की समस्या का हर हाल में होगा समाधान : कमलेश सिंह



**हुसैनाबाद पलामू।** विद्युत उपभोक्ताओं की समस्याओं, बिल में त्रुटि, मीटर गड़बड़ी आदि के समाधान के अलावा विद्युत संबंधित जानकारी देने के लिए हुसैनाबाद के तीनों प्रखंडों में ऊर्जा मेला लगाया जायेगा। हुसैनाबाद हरिहरगंज विधायक कमलेश कुमार सिंह ने पत्रकारों से कहा कि राज्य के विधायकों के सुझाव पर झारखंड राज्य विद्युत वितरण निगम लिमिटेड ने उपभोक्ताओं की समस्याओं के समाधान के लिए राज्य के सभी इलाकों में ऊर्जा मेला लगा रही है। हुसैनाबाद विद्युत विभाग के अभियंताओं ने सिर्फ हुसैनाबाद में मेला के आयोजन की तिथि घोषित की है। इससे हैदरनगर और मोहम्मदगंज के विद्युत उपभोक्ता वंचित रह जायेंगे। मेला की तिथि व समय विद्युत विभाग के अभियंता मीडिया व अन्य माध्यम से देंगे।

### आनंदमार्ग का दो दिवसीय सेमिनार शुरू



**मेदिनीनगर।** आनंदमार्ग प्रचारक संघ ने प्रथम फेज प्रथम डायोसिस गया एवं रांची का सेमिनार शुक्रवार को मेदिनीनगर स्थित आनंद मार्ग जागृति परिसर में शुरू किया जो अगले दो दिनों तक चलेगा। इसका मुख्य विषय पहला शिव की शिक्षा, दूसरा अनूमन-भूमामन और तीसरा जीवन के सभी क्षेत्रों में पुनर्जागरण के साथ योग ध्यान की व्यवहारिक शिक्षा है। इस सेमिनार में बाहर से आए मुख्य प्रशिक्षक आचार्य सिद्धविद्यानंद अवधूत हैं साथ में आचार्य लीलामयानंद अवधूत, आचार्य दिव्यप्रानानंद अवधूत, आचार्य चंद्रेशानंद अवधूत और अवधूतिका आनंदसर्वज्ञ आचार्य भी मजूद है जो अगले दो दिनों तक इस सेमिनार में भाग लेने वाले लोगों को प्रशिक्षित करेंगे। मौके पर आचार्य व्रजगोपालानंद अवधूत (डीएस गया) भुक्ति प्रधान मधेसस्वर देव, वरिष्ठ आनंद मार्गी बैजनाथ, जगरनाथ, विश्वनाथ, सोनू, सरोज, चंदन, मणि, पूनम, रेनू, शारदा थे।

### मां की ममता और पिता की छांव की कोई तुलना ही नहीं है : अविनाश वर्मा



**मेदिनीनगर।** दायित्व ट्रस्ट के संस्थापक सदस्य स्व अखिलेश वर्मा की 83वीं जयंती मनाई गई। विदित हो कि स्व वर्मा स्थानीय प्रधान डाकघर में प्रधान डाकपाल के पद से सेवानिवृत्त हो कर अपना पूरा जीवन सादगी और सरलता के साथ निर्वहन करते हुए शिक्षा और ईमानदारी के प्रति समर्पित रहे। मौके पर श्री वर्मा ने कहा कि प्रत्येक व्यक्ति के जीवन में मां की ममता और पिता की छांव की तुलना किसी भी उक्ति से नहीं की जा सकती है। मौके पर ट्रस्ट के चेयरमैन अविनाश कुमार वर्मा, विष्णु देव नारायण श्रीवास्तव, पिंकी वर्मा, दीपेंदु गुप्ता, आनंद कुमार, अभिलाषा वर्मा, विशाखा वर्मा एवं आकाश वर्मा थे।

### उपायुक्त कार्यालय में लगा जनता दरबार



**मेदिनीनगर।** उपायुक्त सह जिला दंडाधिकारी आंजनेयुलू दोड्डे ने शुक्रवार को अपने कार्यालय कक्ष में जनता दरबार लगाकर लोगों की समस्याओं को सुनते हुए पदाधिकारियों को करवाई हेतु निर्देशित किया। उन्होंने कुछ समस्याओं का तत्काल ही समाधान किया वहीं अन्य प्राप्त समस्याओं एवं शिकायतों के निवारण के लिए उसे संबंधित विभाग के पदाधिकारियों को भेज दिया। ज्ञातव्य है कि प्रत्येक मंगलवार व शुक्रवार को समाहरणालय में जनता दरबार का आयोजन किया जाता है, जहां लोग अपनी समस्याओं को लेकर उपायुक्त से मिल सकते हैं।

# शहर थाना पुलिस ने चोरी की दो स्कूटी के साथ दो को दबोचा

■ चोर उचक्के अपनी हरकतों से बाज आयें, नहीं तो कार्रवाई : ऋषभ गर्ग



**खबर मन्त्र संवाददाता**

**मेदिनीनगर।** शहर थाना पुलिस ने वाहन चोर गिरोह के दो लोगों को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है। इनके पास से चोरी की दो स्कूटी बरामद हुई है। एएसपी सह सदर एसडीपीओ ऋषभ गर्ग ने प्रेस वार्ता कर बताया कि शहर थाना क्षेत्र से 18 और 19 जनवरी को दो स्कूटी चोरी हुई थी। इस मामले में पुलिस ने प्राथमिकी दर्ज कर अनुसंधान शुरू किया। अनुसंधान के क्रम में एवं गुप्त सूचना के आधार पर फारुख अंसारी पिता मुस्ताक अंसारी नूरी मस्जिद रोड पहाड़ी मोहल्ला शहर थाना को गिरफ्तार किया गया। इसकी निशानदेही पर विकास यादव पिता स्व राजू यादव ग्राम कसमार थाना पाटन को गिरफ्तार किया गया। इनके पास से चोरी की दो स्कूटी बरामद हुई है। बताया कि फारूक पूर्व में हत्या मामले में जेल जा चुका है। यह एक शातिर अपराधी है। कहा कि एक स्कूटी को पहाड़ी मोहल्ला से तथा दूसरी स्कूटी चैनपुर थाना क्षेत्र के झरिवा से बरामद हुई है। श्री गर्ग ने कहा कि विकास यादव वर्तमान में चैनपुर थाना क्षेत्र के ग्राम झरिवा में रह रहा है। ये लोग वाहन को चुराकर बेचते हैं।

# गरीबों का निवाला निगलने वालों की अब खैर नहीं : डीएसओ प्रीति किस्कु

**खबर मन्त्र संवाददाता**



**मेदिनीनगर।** पलामू जिला में संचालित जन वितरण प्रणाली के दुकानदारों को अब सावधान रहना जरूरी है। सरकार जन वितरण प्रणाली दुकान के तहत गरीबों को खाद्य सामग्री देती है। जिसमें आये दिन डीलरों से गड़बड़ी करने का मामला जिला प्रशासन तक आते ही रहता है। इससे लाभुक परेशान हैं। लाभुकों को कम राशन देने या समय पर राशन नहीं देने का मामला प्रकाश में आता रहता है। जिससे गरीब इसका लाभ लेने में वंचित हैं। इसकी शिकायत वे उच्चाधिकारियों या जनप्रतिनिधियों को करते हैं। इसमें जिला प्रशासन गंभीरता दिखाकर डीलरों के विरुद्ध प्राप्त आवेदन के आरोप की जांच कराते हैं। यदि आरोप सही पाया जाता है तो डीलर पर प्रशासन कार्रवाई करती है। पलामू जिला में करीब 1530 राशन दुकान जिला मुख्यालय से लेकर जिले के विभिन्न प्रखंडों, पंचायतों एवं गांव में संचालित किये जाते हैं।

### नव पदस्थापित डीएसओ का कांग्रेस नेता ने पुष्पगुच्छ देकर किया स्वागत

■ पलामू जिला में खाद आपूर्ति सुचारू रूप से हो बहाल : दीनानाथ



**मेदिनीनगर।** पलामू जिला के नव पदस्थापित खाद आपूर्ति पदाधिकारी प्रीति किस्कु को कांग्रेस के वरिष्ठ नेता सह खाद्य आपूर्ति मंत्री रामेश्वर उरांव के प्रतिनिधि दीनानाथ तिवारी ने पुष्पगुच्छ देकर स्वागत किया एवं उनसे जिला में संचालित खाद आपूर्ति योजना पर चर्चा किया। चर्चा के दौरान उन्होंने कहा कि खाद आपूर्ति मंत्री का सपना है कि जिसे पलामू के गरीब जनता तक उसे सकार करना है। इसके लिए जन वितरण प्रणाली के सिस्टम को ठीक कर लाभुकों को योजनाओं का लाभ दिलाना है। उन्होंने अधिकारी से कहा कि सरकार की योजना को आम जनता तक पहुंचाने में यदि कहीं कोई परेशानी होती है।तो उसे मिलकर दूर किया जाएगा। लेकिन गरीबों का राशन समय पर मिले यह सुनिश्चित कराना प्रशासन का काम है। उन्होंने कहा कि खाद आपूर्ति मंत्री रामेश्वर उरांव इसके प्रति काफी गंभीर है। वे चाहते हैं कि इस योजना का लाभ गरीबों को हर हाल में प्रति माह समय पर मिले ताकि गरीबों का कल्याण हो सके।

**गणतंत्र दिवस : एसडीएम ने की बैठक, तैयारी को लेकर दिये कई निर्देश**

# शहर के सार्वजनिक प्रतिमाओं के पास से हटेंगी फुटपाथ दुकानें

■ 26 को सुबह 7 से 1:30 तक मुख्य सड़क पर नहीं चलेंगे व्यावसायिक वाहनः एसडीपीओ



**खबर मन्त्र संवाददाता**

**हुसैनाबाद, पलामू।** शुक्रवार अनुमंडल कार्यालय के सभागार में गणतंत्र दिवस मनाने एवं विधि व्यवस्था एवं हर्षोउल्लास के साथ मनाने की तैयारी को लेकर बैठक हुई। बैठक की अध्यक्षता एसडीओ कमलेश्वर नारायण ने की। बैठक में क्षेत्र के विभिन्न कार्यालय व चौक चौराहों पर झंडोत्तोलन को लेकर चर्चा हुई। चर्चा में सभी स्थानों पर पूर्वतर समय मे झंडोतोलन पर सहमति बनी, इसके अलावा एसडीओ ने और और नगर पंचायत के कार्यपालक अधिकारी को शहर के सभी सार्वजनिक स्थलों पर अस्थायी रूप से लगाये दुकानों ठेला और फुटपाथियों को हटवाने का निर्देश दिया साथ ही झंडोत्तोलन के समय सड़कों पर भारी वाहनों को रोक लगाने को कहा तथा सभी सरकार गैर सरकारी निजी विद्यालय को अपने अपने समय अनुकूल झंडोतोलन एवं हर्षोल्लास के साथ मनाने को कहा कि वहीं एसडीपीओ पूज्य प्रकाश ने थाना प्रभारी एवं अन्य पुलिस अधिकरी से शहर के मुख्य सड़क में 26 जनवरी को सुबह 7 बजे से लेकर 1:30 तक बड़े व व्यावसायिक वाहनों रोक लगाने का निर्देश दिया।

**कहां कब फहरेगा तिरंगा :** हुसैनाबाद के जननायक कर्पूरी भवन सुबह 07:00, अनुमंडलीय गोपनीय शाखा 07:10, अनुमंडलीय पुलिस पदाधिकारी गोपनीय 07:15, वीर कुंवर सिंह 07:20, अनुमंडल कार्यालय हुसैनाबाद 07:25 , अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी कार्यालय 07:30 ,अधिवक्ता संघ हुसैनाबाद 07:35 , जवाहर नवोदय विद्यालय टू 07:40, निबंधन कार्यालय 07:45 , मुन्नी सिंह चौक 07:55 प्रखंड कार्यालय हुसैनाबाद 08:10, व्यापार मंडल 08:20।

**भव्य स्वागत के बाद अजमेर जा रहे यात्रियों को पर्यावरणविद ने किया रवाना**

# अपने धर्म के साथ पर्यावरण धर्म अपनायें उसी से खुलेगा जन्नत का दरवाजा: कौशल

➲ प्रकृति के हरे रंग से जुड़ा है इस्लाम : पर्यावरणविद



**खबर मन्त्र संवाददाता**

**छतरपुर, पलामू।** छतरपुर अनुमंडल के ग्राम पंचायत डाली बाजार के आजाद नगर में विश्वव्यापी पर्यावरण संरक्षण अभियान के राष्ट्रीय अध्यक्ष सह पर्यावरण धर्मगुरु व वन राखी मूवमेंट के प्रणेता पर्यावरणविद कौशल किशोर जायसवाल ने अजमेर चादर चढ़ाने जा रहे सभी यात्रियों को फूल माला देकर रवाना किया। राजस्थान के अजमेर शरीफ में 29 जनवरी को आयोजित उर्स में चादर चढ़ाने जा रहे पंचायत वासियों को फूल माला व ड्राई फूड देकर रवाना किया। दो बसों से अजमेर जा रहे सभी यात्रियों को पर्यावरणविद ने सुखद व सुरक्षित यात्रा की शुभकामनाएं दी। कौशल ने कहा कि हिंदू भाइयों को स्वर्ग और मुस्लिम भाइयों को जन्नत का दरवाजा खोलने के लिए खुदा से मिली प्रकृति को बचाने के लिए पौधे लगाकर उसे अपने बच्चे की तरह हिफाजत करना होगा। प्रकृति की हिफाजत हम सबका दायित्व है। क्योंकि मक्का मदीने का रोजा का गुंबद 14 सौ वर्ष से हरा है। जिसके रंग में कोई बदलाव आज तक नहीं हुआ। प्रकृति के हरे रंग के अनुरूप ही इस्लामी झंडा और पगड़ी का रंग भी हरा है। वन राखी मूवमेंट के प्रणेता का मानना है कि इस्लाम धर्म प्रकृति के हरा रंग से जुड़ा हुआ धर्म है। इसीलिए तो जन्नत का दरवाजा खोलने के लिए पर्यावरण प्रेमी होना जरूरी है। अरुण गुप्ता ने भी डाली बाजार के पर्यावरणविद कौशल किशोर जायसवाल को धन्य बताया।

# डॉ अमित अग्रवाल बने गुलाबचंद प्रसाद अग्रवाल कॉलेज के सचिव

›› डॉ राहुल अग्रवाल बने प्रबंध समिति के नये अध्यक्ष



**खबर मन्त्र संवाददाता**

**छतरपुर, पलामू।** गुरुवार को गुलाबचंद प्रसाद अग्रवाल कॉलेज, सड़मा, छतरपुर के शहर कार्यालय में प्रबंध समिति की बैठक अध्यक्ष डॉ नारायण चंद अग्रवाल की अध्यक्षता में हुई। जिसमें कॉलेज के विवि प्रतिनिधि डॉ एके वैद्य के साथ सभी सदस्य मौजूद रहे। इस बैठक में दानदाता सदस्य के रूप में डॉ अमित कुमार अग्रवाल भी थे। प्रबंध समिति के सभी सदस्यों ने सर्व सम्मति से कॉलेज के नये सचिव के रूप में दानदाता सदस्य डॉ अमित अग्रवाल चुने गये। सभी सदस्यों ने नव चयनित सचिव डॉ अमित अग्रवाल को हार्दिक अभिनंदन एवं शुभकामनाएं दी। बैठक के कॉलेज के सभी गतिविधियों एवं उत्तरोत्तर विकास हेतु विचार विमर्श किया गया। साथ ही शिक्षक प्रतिनिधि प्रो अखिलेश कुमार सिंह ने नैक पर भी चर्चा किया। बैठक में प्रबंध समिति के अध्यक्ष डॉ नारायण चंद अग्रवाल ने अपनी अस्वस्थता जाहिर करते हुए अध्यक्ष पद से मुक्त होने की बात कही।

# विंध्याचल हॉस्पिटल परिवार समाजसेवा में सक्रिय: मनीष

**खबर मन्त्र संवाददाता**

■ बेसहारों का सहारा बना विंध्याचल हॉस्पिटल
■ कंपकंपाती ठंड में कंबल का किया वितरण



**मेदिनीनगर।** शहर के बैरिया चौक स्थित विंध्याचल हॉस्पिटल सेवा के क्षेत्र के साथ ही साथ समाज सेवा में भी बढ़-चढ़कर भाग ले रही है।बेसहारों का सहारा बनकर विंध्याचल हॉस्पिटल कई ख्याति प्राप्त कर रहा है। इस कंपकंपाती ठंड में हॉस्पिटल के संचालक मनीष सिंह मध्य रात्रि में अपनी टीम के साथ निकल कर बेसहारों को एवं ठंड से ठिठुरते लोगों को कंबल और खाना देने का काम किया। मनीष सिंह ने कहा कि हॉस्पिटल खोलकर गरीब असहाय, लाचार लोगों को स्वास्थ्य सेवा सरल एवं सुलभ सुविधा उपलब्ध कराया जा रहा है। इससे गरीब लोग काफी लाभान्वित हो रहे हैं।उन्होंने कहा कि इस हॉस्पिटल में कई जटील रोगों का इलाज विशेषज्ञ डॉक्टरों के द्वारा किया गया है। सिंह ने बताया कि आर्थिक तंगी के कारण पलामू जिले के लोग जिला से बाहर जाने में असमर्थ रहते हैं।

### छात्र नेता हसीन बिस्मिल ने त्रिपुरा हमले पर उठाये सवाल



**मेदिनीनगर।** झारखंड कांग्रेस के पूर्व प्रदेश अध्यक्ष त्रिपुरा के प्रभारी डॉ अजय कुमार पर त्रिपुरा में बाइक रैली के दौरान भाजपाई गुंडों के हमले की कड़ी निंदा करता हूं। भारत जोड़ो यात्रा का असर दिख रहा है। इसी कारण भाजपा मानसिक संतुलन खो दी है और त्रिपुरा के धरती पर से ही भाजपा के इस कायराना हरकत का उचित जवाब देने तथा हम भाजपा को सबक सिखाने के लिए तैयार हैं। हमला से साफ पता चलता है कि त्रिपुरा में भाजपा अपना जनाधार खो चुकी है। सत्ता हाथ से जाते देख बौखलाहट में कांग्रेस नेताओं पर हमला कर रही है। राजनीति में हिंसा की कोई जगह नहीं है।

### चैनपुर : टेंपो के धक्के से एक की मौत



**चैनपुर पलामू।** सेमरा पंचायत के टोला खुरा कला के सुकन उरांव (35) पिता स्व गणेश उरांव गुरुवार को मजदूरी कर करसों से शाम 6 बजे स्प्लेंडर बाइक से घर लौट रहा था। इसी क्रम में सलतूआ डैनी डोंगरी के पास डाल्टेनगंज तरफ से आ रहे टेंपू जेएच-03 वाई 8237 ने अचानक धक्का मार दिया, जिससे सुकन घायल हो गया। आसपास के लोग उसे सदर अस्पताल ले गये जहां डॉक्टरों ने मृत घोषित कर दिया। गांव के लोगों को पता चला, तो शुक्रवार को खुरा कला रोड जाम कर दिये। मौके पर सीओ संजय बाखला व थाना प्रभारी उदय कुमार गुप्ता ने पारिवारिक लाभ दिलाने का आश्वासन दिया और दोषियों पर कड़ी कार्रवाई का आश्वासन दिया तब जाम खत्म हुआ।

# डिग्री कॉलेज में एकदिवसीय स्वास्थ्य जांच शिविर आयोजित

**खबर मन्त्र संवाददाता**



**तरहसी, पलामू।** राष्ट्रीय सेवा योजना के तहत सुखदेव सहाय मधेश्वरण सहाय डिग्री कॉलेज में एक दिवसीय स्वास्थ्य जांच शिविर लगाया गया, जिसमें तरहसी स्वास्थ्य केंद्र के डॉ रवि प्रकाश, सीएचओ अनीता कुमार, सीएचओ शालिनी लकड़ा, ब्रजकिशोर प्रसाद, अरुण कुमार ने 90 छात्र-छात्राओं का हीमोग्लोबिन, ब्लड प्रेशर, शुगर मलेरिया, कोविड-19 जांच की गयी। जांच उपरांत संबंधित रोगों का उचित दवाई बांटे। साथ ही कैल्शियम, विटामिन, आयरन की दवाई भी दिया गया। मौके पर कॉलेज के प्रभारी प्राचार्य प्रभाकर ओझा, एनएसएस पदाधिकारी प्रो अनूप कुमार, प्रो अंजनी पाठक, प्रो राजकुमार, प्रो अर्चना कुमारी, प्रो बजरंग, प्रो राम जन्म पांडे, प्रशांत कुमार, नवीन पांडे, राहुल कुमार, सरजू कुमार, नितीश कुमार, अनिल कुमार आदि थे।

### अवैध खनन, भंडारण और परिवहन को लेकर डीएमओ ने की कार्रवाई

**सतबरवा, पलामू।** अवैध खनन, परिवहन एवं भंडारण को लेकर जिला खनन पदाधिकारी ने कार्रवाई की। डीएमओ आनंद कुमार शुक्रवार को बकोरिया पहुंचे एवं सतबरवा थाना के पुअनि इंदरा पासवान एवं पुलिस बल के साथ बकोरिया में हो रहे अवैध पत्थर एवं मार्बल खनन स्थल पर पहुंच छापेमारी की, जहां पर पत्थर एवं मार्बल के अवैध खनन के निक्षेप मिले,इस दौरान खनन किए गए पत्थर एवं मार्बल को जप्त किया, वहीं अवैध खनन को लेकर बनाए गए गडडे को स्टोन डस्ट जेसीबी से भरवाया एवं रास्ते को भी बंद करते हुए अज्ञात संलिप्त व्यक्तियों के खिलाफ थाने में प्राथमिकी दर्ज करवायी। जिला खनन पदाधिकारी आनंद कुमार को गुप्त सूचना मिली थी कि बकोरिया में अवैध पत्थर एवं मार्बल की अवैध खनन किया जा रहा है।

# पलामू: ऐतिहासिक होगी हाथ से हाथ जोड़ो यात्रा

**खबर मन्त्र संवाददाता**



**मेदिनीनगर।** पलामू जिला कांग्रेस कमेटी का विस्तारित कमेटी को बैठक जिला अध्यक्ष जैश रंजन पाठक उर्फ बिट्टू पाठक के अध्यक्षता में किया सेलिब्रेशन वेंकट हॉल में गया जिस के मुख्य अतिथि झारखंड प्रदेश कांग्रेस कमेटी के कार्यकारी अध्यक्ष शहजादा अनवर विशिष्ट अतिथि जिला प्रभारी विनय सिन्हा उर्फ दीपू सिन्हा की गरिमामई उपस्थिति दर्ज हुई। विस्तारित बैठक में विधानसभा प्रभारी के रूप में पप्पू पासवान आभा ओझा प्रभात दुबे एवं अरविंद तूफानी उपस्थित हुए। विस्तारित बैठक में नई जिला कार्यकारिणी का नामों का घोषणा किया गया उपस्थित कार्यकारिणी सदस्य को प्रमाण पत्र प्रदान किया गया इसके साथ मंडल और प्रखंड प्रभारी भी नियुक्त किये गये।

### मोहम्मदगंज में गरीबरथ एक्सप्रेस ठहराव को लेकर मांग तेज, सांसद से उम्मीद : अनूप कुमार

**मोहम्मदगंज पलामू।** रांची नई दिल्ली 12877/12878 गरीबरथ एक्सप्रेस का मोहम्मदंज स्टेशन पर ठहराव की मांग तेज होने लगी है।राज्य के गढ़वा और पलामू दोनों जिले के कांडी, मझिआंव, विश्रामपुर, मोहम्मदगंज प्रखंड क्षेत्र से विभिन्न राजनीतिक दल के नेता, समाजसेवी व युवाओं की लंबी कतार एक्सप्रेस ठहराव की मांग के मुहिम में जुड़ने लगा है। पूर्व मध्य रेलवे के डेहरी ऑन सोन-गढ़वा रोड रेलखंड का मोहम्मदगंज झारखंड राज्य का अतिमहत्वपूर्ण स्टेशन है। मोहम्मदगंज स्टेशन से सीधा जुड़ाव मोहम्मदगंज प्रखंड के अलावा हैदरनगर प्रखंड के बडण्डा, उंटारी रोड प्रखंड के सतबहिनी पंचायत,गढ़वा जिला के मझिआंव प्रखंड का मोरबे पंचायत, भवनाथपुर, केतार सहित सम्पूर्ण कांडी प्रखंड के सैकड़ो गांव के लोगो का है।साथ ही सोन नदी पार बिहार राज्य के सोन नदी सीमावर्ती गांव के लोगो का ट्रेन सुविधा के लिए मोहम्मदगंज स्टेशन ही एक मात्र सुविधायुक्त स्टेशन है। अधिकतम आबादी मजदूर, किसान, मध्यम आय वर्ग का है।

# पलामू: जिला पशुपालन में शिविर लगाकर किया बकरियों का वितरण

**खबर मन्त्र संवाददाता**



**मेदिनीनगर।** मुख्यमंत्री पशुधन योजना के तहत जिला पशुपालन पदाधिकारी डॉक्टर अनूप बिलियन ने 16 लाभुकों के बीच बकरी का वितरण किया। इस शिविर में प्रखंड प्रमुख बसंती देवी, पूर्व जिला परिषद अर्जुन सिंह भी उपस्थित थे।

बता दें कि मुख्यमंत्री पशुधन योजना के तहत लाभुकों के बीच बकरी का किया गया। वितरण के दौरान एक लाभुक को 5 बकरियां दी गयी हैं। मौके पर जिला पशुपालन पदाधिकारी विद्यासागर ने बताया कि हम लोग सरकार द्वारा लाभुकों का चयन कर उनके अनुसार सफर हमने लाभुकों के बीच बकरी वितरण किया है। इस मौके पर पूर्व जिला परिषद अर्जुन सिंह ने बताया कि हमारे सदर प्रखंड के भी लाभुक लाभान्वित हुए हैं। इससे लाभुकों में काफी उत्साह देखा जा रहा है और इन्हीं बकरियों से घर चलाने में आसानी होगी। प्रमुख बसंती देवी ने बताया कि जिन लाभुकों के बीच बकरियां बांटी गयी हैं, यह बहुत अच्छा है। इससे लाभुक खुश हैं। मौके पर डॉ अनूप बिलियन ने बताया कि सरकार द्वारा पंचायत से ग्रामसभा कर हमने सारे लाभुकों को चयन कर लाभुकों के बीच आज बकरी बांट रहे हैं। इससे गरीबों को काफी लाभ होगा। इस मौके पर बकरी व्यापार उपेंद्र यादव उपेंद्र लाभुक विजय चौधरी कलावती देवी सहित कई लोग शामिल हैं।

# जिला शिक्षा अधीक्षक से मिले झारखंड राज्य सहयोगी शिक्षक संघ के प्रतिनिधि

**खबर मन्त्र संवाददाता**



**मेदिनीनगर (पलामू)।** झारखंड राज्य सहयोगी शिक्षक संघ का प्रतिनिधिमंडल सहायक अध्यापकों की समस्या को लेकर जनेश्वर सिंह के नेतृत्व में जिला शिक्षा अधीक्षक से मिला। शिक्षकों की समस्या पर लंबी चली बातचीत में एनसी क्लियर कर चुके जिला के 175 सहायक अध्यापकों को प्रशिक्षित का मानदेय देने का पत्र शिक्षा सचिव ने निकाला था। उसके बाद डीएसई का भी प्रखंडों को पत्र मानदेय भुगतान लिए भेजा लेकिन अप्रशिक्षित का मानदेय ही मिला। आखिर ऐसा क्यों हुआ जबकि अन्य जिलों में भुगतान हो गया। प्रतिनिधिमंडल में शामिल प्रदेश अध्यक्ष बिनोद तिवारी ने कहा कि हर बार पलामू ही पीछे क्यों रहता है। बैठक में एडीपीओ अशोक रजक व जिला शिक्षा अधीक्षक के साथ बातचीत में तय हुआ कि अगले महीने पिछले बकाया के साथ प्रशिक्षित का मानदेय मिल जायेगा। मानदेय भुगतान में 6 से 8 में बहाल सहायक अध्यापकों को प्राइमरी का मानदेय मिला जो निराशाजनक है, श्री तिवारी ने इसे असहनीय बताया।

**खास बातें :** प्रदेश अध्यक्ष श्री तिवारी ने आकलन परीक्षा फॉर्म भरने में आ रही समस्या से अवगत कराया जैसे लिंक नहीं खुलना, संस्कृत बोर्ड का सर्टिफिकेट वेरीफिकेशन नहीं होना, दूसरे विश्वविद्यालय से बीएड किए सहायक अध्यापकों का, रांची इनवरसिटी का स्नातक सर्टिफिकेट वेरीफिकेशन नहीं होना, जैक से बरती जा रही लेट लतीफी पर ध्यान केंद्रित कराया बैठक में समस्याओं का समाधान जल्द करने का मांग किया है जिस पर जिला शिक्षा अधीक्षक ने जल्द समाधान करने की बात कहा है। प्रतिनिधिमंडल में पलामू जिला कोषाध्यक्ष मो इमामुद्दीन अंसारी, विजय तिवारी, दिनेश प्रसाद, अशोक केशरी, प्रखंड अध्यक्ष अमलेश चौरसिया आदि शामिल थे।

# परीक्षा के तनाव से मुक्ति के लिए बच्चों के बीच प्रतियोगिता

## एसएस हाई स्कूल स्टेडियम ओरमांझी में चार हजार बच्चे हुए शामिल

खबर मन्त्र संवाददाता

**ओरमांझी।** परीक्षा के तनाव में आकर देषभर के बच्चे आत्महत्या कर रहे हैं। इस घटना से देष के प्रधानमंत्री भी चिंतित हैं। उक्त बाते राज्य सभा सांसद आदित्य साहू ने शुक्रवार को एसएस हाई स्कूल स्टेडियम ओरमांझी में स्कूली बच्चों के बीच आयोजित आर्ट व पेंटिंग प्रतियोगिता में कही। रांची और रामगढ़ जिला के अलावे खिजरी व कांके विधानसभा क्षेत्र के 26 स्कूल से चार हजार छात्र-छात्राएं प्रतियोगिता में शामिल हुए। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के आह्वान पर सभी लोकसभा व विधानसभा क्षेत्र में इस प्रकार का कार्यक्रम का आयोजन की जा रही है। ताकि बच्चे तनाव व भयमुक्त उत्साहपूर्ण माहौल में परीक्षा दें। प्रतियोगिता के दौरान स्कूली छात्र- छात्राओं से पूरा स्टेडियम भर गया था।



अतिथियों के साथ विजेता छात्र-छात्राएं।

### कार्यक्रम में थे शामिल

कार्यक्रम के मुख्य अतिथि पद्मश्री वरिष्ठ पत्रकार बलबीर दत्त, पद्मश्री मुकुंद नायक, राज्यसभा सदस्य आदित्य साहू व पूर्व सांसद रामटहल चौधरी, पूर्व विधायक रामकुमार पाहन, प्रमुख अनुपमा देवी, पूर्व प्रमुख जयगोविंद उर्फ लालू साहू, साई विश्वविद्यालय के वीसी, अमर कुमार चौधरी, एसी मोर्चा जिला अध्यक्ष कमलेश राम, डॉ पारसनाथ महतो, अनिल टायगर, मानकी राजेंद्र शाही, दिलीप मेहता, शशि मेहता, राजधाम साहू, राजकिशोर साहू, सत्यमराज कुशवाहा, अलखनाथ महतो, सुनिल महतो, उमाशंकर साहू, जोधन मुंडा, अमरनाथ चौधरी, नरेद्र कुमार, शैलेंद्र मिश्रा, ओमप्रकाश चंद्रवंशी, विभिन्न स्कूल के शिक्षक, छात्रा–छात्राएं बुद्धिजीवी व समाजिक कार्यकर्ता उपस्थित थे।

### बच्चे बनाएंगे देश को महाशक्तिः बलबीर दत्त

प्रतियोगिता के दौरान पद्मश्री के साथ अतिथिगण छात्र-छात्राओं के पास जाकर बच्चों का अनुभव जाना और परीक्षा को त्योहारों की तरह लेने को कहा। वहीं बच्चों की चित्रकारी देख पद्मश्री व बलबीर दत्त ने सरहाना की और कहा सबसे बड़ा चित्रकार ईश्वर है। जिन्होंने प्रकृति व मानव की सुंदर रचना की है। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने वर्ष 2047 तक भारत को महाशक्ति बनाने का लक्ष्य निर्धारण किया है। देश को महाशक्ति बनाने में इन्हीं बच्चों की भूमिका महत्वपूर्ण होगी। बाद में उपस्थित अतिथियों द्वारा प्रतियोगिता के विजेता प्रथम साईं विश्वविद्यालय दीप शिखा कुमारी, दुतीय सरस्वती शिशु मंदिर ओरमांझी रोशन कुमार, तृतीय एसपीवी अंजली कुमारी व चतुर्थ डाउंट कार्मेल निशांत कुमार के साथ सभी स्कूल के टॉपर छात्र-छात्राओं को पुरस्कार व प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी प्रसस्ती पत्र देकर सम्मानित किया गया। कार्यक्रम में पद्मश्री मुकुंद नायक, राज्यसभा सदस्य आदित्य साहू, पूर्व सांसद रामटहल चौधरी सहित उपस्थित अतिथियों ने संबोधित किया।

### पद्मश्री मुकुंद नायक के साथ झूमीं स्कूली छात्राएं



पद्मश्री मुकुंद नायक के साथ झुमती छात्राएं।

प्रतियोगिता में शामिल छात्र–छात्राएं काफी उत्साहित थे। उत्साहपूर्ण माहौल में परीक्षा दी और पद्मश्री मुकुंद नायक के साथ ढोल की थाम पर झूमे और प्रतियोगिता का आनंद उठाये। वहीं पद्मश्री ने बच्चों के जीवन को अनमोल बताया और कहा कि 'जे नाची से बाची' का अर्थ बच्चों को समझाया। उन्होंने कहा कि फुहड़ गीत व नृत्य करना नहीं, अखरा संस्कृति को हमें बचाना है। आज अखरा टूट रहा है। अखरा व झारखंड संस्कृति को बचाना जरूरी है।

## स्पीड न्यूज

### प्रखंड स्तरीय शांति समिति की बैठक कल



**रातू।** प्रखंड स्तरीय शांति समिति की बैठक 22 जनवरी की शाम 3 बजे से होगी। थाना परिसर में आयोजित बैठक के दौरान क्षेत्र में सरस्वती पूजा शांतिपूर्ण तरीके से संपन्न कराने को लेकर चर्चा की जायेगी। विसर्जन की तिथि का भी निर्धारण किया जायेगा। सदस्यों को गांव और मुहल्ले में गठित पूजा समितियों के अध्यक्ष, सचिव और कोषाध्यक्ष के नामए पता और मोबाइल नंबर मांगी गयी है। ताकि जरूरत पड़ने पर पदधारियों से संपर्क किया जा सके। यह जानकारी पुलिस निरीक्षक सह थानेदार सपन कुमार महथा ने दी। उन्होंने बताया कि बैठक में सीओ प्रदीप कुमार, बीडीओ हरिशंकर बारिक व डीएसपी प्रवीण सिंह भी शामिल होंगे। श्री महथा ने सदस्यों से बैठक में भाग लेकर सुझाव देने और इसे सफल बनाने की अपील की है।

### झामुमो का कार्यकर्ता मिलन सह वनभोज 23 जनवरी को

**कांके।** झामुमो प्रखंड समिति द्वारा कार्यकर्ता मिलन समारोह सह वनभोज कार्यक्रम 23 जनवरी को रेंडो पतरातू स्थित महाराजा मदरा मुंडा स्टेडियम समीप रखा गया है। प्रखंड अध्यक्ष जावेद अख्तर अंसारी ने बताया कि इस मौके पर मुख्य अतिथि मंत्री झारखंड सरकार मिथिलेश ठाकुर, राज्यसभा सदस्य महुआ माजी, पूर्व मंत्री मथुरा महतो, केंद्रीय महासचिव विनोद पांडेय, विधायक बसंत सोरेन, शामिल होंगे।

### सिल्ली में झामुमो का मिलन समारोह कल

**सिल्ली।** सिल्ली प्रखंड झामुमो की ओर से रविवार को वन भोज सह मिलन समारोह का आयोजन किया गया है। इसकी जानकारी देते हुए सिल्ली प्रखंड झामुमो के युवा मोर्चा अध्यक्ष राधिका महतो ने कहा है कि आगामी 22 जनवरी को रामपुर पुल के समीप प्रखंड के हलमाद, हाकेदाग एवं पिस्का पंचायत के झामुमो पंचायत कमीटी का गठन किया जाएगा। उन्होंने सभी सक्रिय कार्यकताओं को उपस्थित होने का आग्रह किया है।

### बंद पड़े लैंपस में मिनी कोल्ड स्टोर शुरू करने की सहमति

**पिठोरिया।** शुक्रवार को पिठोरिया लैंप्स के मीनी कोल्ड स्टोर में कांके वीसीओ सुदर्शन चौबे का स्वागत किया गया। मौके पर अध्यक्ष मनी मुंडा और उप मुखिया रामलगन महली ने ब्रोकली फूल गोभी देकर उनका स्वागत किया गया। इस अवसर पर बताया गया कि लगातार मैराथन बैठक करके कई वर्षों से बंद पड़ा पिठोरिया लैम्पस को पुनर्जीवित कर दिया। मौके सर्वसम्मति से निर्णय लिया गया कि इस मिनी कोल्ड स्टोर को फंक्शनल बनाने में हर दिशा निर्देश का पालन किया जायेगा। बैठक में अध्यक्ष मनी मुंडा, उप मुखिया रामलगन महली, कार्यकारिणी सदस्य यशोदा देवी, देवंती देवी, विजय मल मुंडा, अशुदिन अंसारी, अरविंद साहू, रितेश कुमार दीपक, कृषक ऋषभ साहू, संजय कुशवाहा, गोवर्धन सुनार आदि उपस्थित थे।

### मुड़मा मैदान में आज लगेगा ऊर्जा मेला

**मांडर।** प्रखंड के मुड़मा मेला मैदान में ऊजा मेला का आयोजन झारखंड बिजली वितरण निगम लिमिटेड के तत्वावधान में विद्युत आपूर्ति अवर प्रमंडल, मांडर द्वारा किया जा रहा है। शनिवार की सुबह दस बजे इसकी शुरूआत होगी। मेला का उद्देश्य उपभोक्ताओं की शिकायत और समस्याओं को दूर करना और लोगों को जागरूक बनाना है कि वे सभी अपने घरेलू विद्युत संबंध में मीटर लगाएं और 100 यूनिट मुफ्त बिजली पाएं। योजना का लाभ उठाएं। साथ ही इस दौरान बिजली बिल जमा करना, खराब मीटर बदलना, बिजली बिल सुधार, अनमीटर से मीटर, नया विद्युत संबंध उपल्ब्ध कराना, बिजली चोरी से संबंधित समस्या का निवारण होगा। बिजली विभाग के कार्यपालक अभियंता हिमांशु कुमार ने अपील की है कि अपनी समस्याओं के निष्पादन हेतु मेला में पहुंचें।

## महिला समूह के बीच तीन मिनी ट्रैक्टर का वितरण



खबर मन्त्र संवाददाता

**सोनाहातू।** जेएसएलपीएस व भूमि संरक्षण विभाग की ओर से शुक्रवार को प्रखंड के जेएसएलपीएस कार्यलय में तीन महिला समूह के बीच 90 प्रतिशत अनुदान पर तीन मिनी ट्रैक्टर और रोटावेटर का वितरण किया गया। मिनी ट्रैक्टर का वितरण जिप सदस्य मंजू सिंह मुंडा, विधायक प्रतिनिधि चितरंजन महतो, सीओ प्यारेलाल और बीपीएम अभिलाषा कुमारी ने संयुक्त रूप में किया। मिनी ट्रैक्टर के लाभुकों में प्रखंड के जय मां दुर्गा महिला समिति महकमसीला, मां दुर्गा महिला समिति बारुहातू और झारखंड महिला समिति माचाडीह के बीच मिनी ट्रैक्टर का वितरण किया गया। इस दौरान तीनों महिला समूहों के सदस्यों को ट्रैक्टर की चाभी दी गई। मौके पर तारणी सिंह मुंडा, बीपीएम अभिलाषा कुमारी, एफटीसी हीरालाल महतो, ललित कुमार धनेश्वर अहीर, शीला देवी, मैक्सिमा कुजूर अजित महतो, शंकर प्रामाणिक, मनोहर महली, सुषेण प्रमाणिक, बसंत महतो, विपिन महतो, मुकेश महतो उपस्थित थे।

## स्विच ऑन फाउंडेशन और पॉलिटेक्निक के बीच एमओयू

खबर मन्त्र संवाददाता

**सिल्ली।** सिल्ली पॉलिटेक्नीक ने स्विच ऑन फाउंडेशन कोलकाता के साथ एमओयू किया गया। सिल्ली पॉलिटेक्निक सभागार में शुक्रवार को स्विच ऑन फाउंडेशन के प्रोजेक्ट मैनेजर विवेक गुप्ता एवं पॉलिटेक्निक कॉलेज के प्राचार्य एमोयू पर हस्ताक्षर कर एक-दूसरे का आभार जताया। इस मौके पर प्राचार्य समीर शर्मा ने बताया कि हमारे छात्र शिक्षा के साथ-साथ सोशल वर्क के क्षेत्र में भी काम करते हैं। विशेष कर आसपास के ग्रामीण इलाकों में शिक्षा, महिला सशक्तिकरण एवं स्वरोजगार के लिए सहयोग एवं जागरूक किया जाता है। अब स्वीच आन फाउंडेशन के सहयोग से छात्र-छात्राओं द्वारा किए जाने वाले सोशल वर्क बेहतर ढंग से किया जाएगा। विवेक गुप्ता ने बताया कि स्विच ऑन फाउंडेशन कोलकाता की एक एनजीओ संस्था है जो ऊर्जा, पानी, कृषि और पर्यावरण एवं समाजिक कल्याण की कार्य करती है। ग्रामीणों को सहयोग कर उनकी बुनियादी आजीविका प्राप्त करने में सहयोग तथा इनोवेटिव को आगे बढ़ाते हैं। वर्तमान में महामारी के बाद की दुनिया को स्वच्छ ऊर्जा और कृषि में निवेश की ओर हमारा ध्यान देने की आवश्यकता है। बहुत जल्द यह संस्था सिल्ली इंटर कॉलेज एवं सिल्ली कॉलेज सिल्ली के साथ भी काम करेगी, इसकी भी तैयारी चल रही है। मौके पर सिल्ली पॉलिटेक्निक के डॉ अरिंदम सरकार, दीपक कुमार महतो, विकाश चंद्र बेरा, सुमित कुमार आदि उपस्थित थे।



### बिजली समस्या को लेकर विचार-विमर्श

**सोनाहातू/राहे।** विधायक सुदेश महतो ने अपने आवास में बिजली विभाग के पदाधिकारियों के साथ बैठक की। बैठक में सिल्ली, सोनाहातू और राहे प्रखंड में व्याप्त बिजली समस्या को लेकर चर्चा की गई। बैठक में सिल्ली विधानसभा के अंतर्गत वैसे गांव जहां सिंचाई हेतु विद्युतीकरण का कार्य चल रहा है, उसे एक निश्चित समयावधी में पूर्ण करने पर चर्चा हुई। इसके साथ ही बहुत से गांव जहां सिंचाई के लिए विद्युतीकरण का कार्य शुरू नहीं हो पाया है, वहां जल्द–से–जल्द सर्वे तथा डीपीआर बनाने का कार्य शुरू करने का निर्णय हुआ। बिजली विभाग के पदाधिकारियों ने शीघ्र अतिशीघ्र कार्य पूरा करने का आश्वासन दिया है। मौके पर बिजली विभाग के जीएम बीके श्रीवास्तव, ओमशंकर मेहता उपस्थित थे।

## अवैध रूप से जमीन की बिक्रीः पौने पांच करोड़ में हुई है जमीन की डील, सौंपा ज्ञापन

खबर मन्त्र संवाददाता

**अनगड़ा।** अनगड़ा अंचल अंतर्गत मौजा हेसल में अवस्थित खाता नंबर 02 रकबा 4 एकड़ 64 डिसमिल खतियानी जमीन को एक वंशज के द्वारा अकेले चार करोड़ सतहत्तर लाख पैतालीस हजार रुपये में अवैध रूप से बिक्री किए जाने का मामला प्रकाश में आया है। इसको लेकर शुक्रवार को अनगड़ा अंचल कार्यालय के समक्ष जमीन के अन्य वंशज ने जमीन दलालों के साथ मिलकर उनके भी हिस्से की जमीन को अवैध तरीके से बिक्री रजिस्ट्री किए जाने की जांच कर कार्रवाई किए जाने की मांग को लेकर धरना प्रदर्शन किया। इस संबंध में अनगड़ा के अचल अधिकारी सहित प्रमुख दीपा उरांव उप प्रमुख जयपाल हजाम को मुख्यमंत्री के नाम ज्ञापन भी सौंपा। ज्ञापन में कहा गया है कि उपरोक्त जमीन सीएनटी एक्ट से अक्षादित है और खतियान के अनुसार उपरोक्त जमीन में मधु पहान, पिता भाकू पहान एवं अजय पहान पिता स्व मुनेश्वर पहान सहित दस हिस्सेदार हैं। साथ ही उपरोक्त जमीन पर कुछ सीकमी रैयत का भी दखल कब्जा है, लेकिन मधु पहान ने जमीन-दलालो के साथ मिलकर तत्कालीन उपायुक्त से सीएनटी एक्ट की धारा 49 के तहत परमीजशन करवाकर पंचजन्य फूड प्रोडक्ट्स प्राईवेट लिमिटेड के निदेशक वेंकट रमण, पिता भगवान नायडू श्रीमती गंगा नायडू, पिता एपी बलराम नायडू तथा भगवान नायडू, पिता स्व लोकनाथ नायडू के नाम पर दिनांक 29.07.2022 को रजिस्ट्री कर दिया गया है। ज्ञापन में अजय पहान एवं उनके वंशजों ने मुख्यमंत्री से अवैध रूप से करोड़ों रुपये में बेची गयी जमीन का रजिस्ट्री पट्टा रद्द करने सहित इस जमीन को बिक्री करवाने में दलाली करने वालों के खिलाफ कारवाई किए जाने की मांग की गयी है। इस संबंध जमीन के क्रेता वेंकट रमण से पूछे जाने पर उन्होंने बताया कि उसने विधिवत रूप से प्रमीशन लेकर जमीन की खरीद की है।

## जंगली हाथी खा गये किसानों के धान, फसलों को रौंद डाला

खबर मन्त्र संवाददाता

**बुंडू।** बुंडू प्रखंड स्थित खुदी मधुकम गांव में बीती रात 45 जंगली हाथियों का झुंड राजकिशोर महतो, नंद किशोर महतो, बुधन लाल मुंडा के अलावा अन्य लोगों के खलियान में रखे धान को खा गए। इसके साथ ही तारकेश्वर महतो के शौचालय को तोड़फोड़ कर गिरा दिया। गांव के ही चार-पांच अन्य लोगों का हरी सब्जी आलू बैगन एवं अन्य खेती को नष्ट कर दिया। ग्रामीणों ने बताया जंगली हाथियों का दल रात्रि 11 बजे गांव के किनारे पहुंचकर उत्पात मचाना शुरू किया। जंगली हाथियों के गरजने के कारण डर से ग्रामीण छिपे रहे। 2 घंटे तक लगातार जंगली हाथियों ने खलिहान के धान को खाया। राजकिशोर महतो और नंद किशोर महतो के खलियान से 25,000 रुपए की संपत्ति की क्षति हुई है। गांव के किनारे जलमीनार की पाइप को भी तोड़फोड़ कर पेयजल के सामग्रियों को तोड़ डाले हैं। ग्रामीणों ने वन विभाग के अधिकारियों से मुआवजे की मांग की है। इधर जानकारी मिलते ही मुखिया सिद्धार्थ मुंडा ने दौरा कर स्थिति का जायजा लिया। उन्होंने कहा कि वन विभाग की उदासीनता के कारण मुआवजा मिलने में कठिनाई हो रही है। जंगली हाथियों को भगाने के लिए कोई पहल नहीं की जा रही है।

## कांकेः रिनपास में मानसिक तनाव प्रबंधकों का प्रशिक्षण होगा शुरू

**कांके।** झारखंड सरकार के स्वास्थ्य विभाग के निर्देश के आलोक में रिनपास मानसिक अस्पताल में तनाव प्रबंधक का प्रशिक्षण शुरु होगा। इस कार्यक्रम के तहत स्नातक एवं स्नातकोत्तर स्तर मनोविज्ञान, समाजशास्त्र, सामाजिक कार्य व ग्रामीण विकास के छात्र-छात्राओं को मानसिक स्वास्थ्य एवं मनोरोग की पहचान करना, तनाव एवं विभिन्न परिस्थितियों समूहों में तनाव निवारण जैसे बच्चों, वयस्कों व महिलाओं में तथा स्कूल समुदाय, परिवार कार्यस्थल पर तनाव के विषय में प्रशिक्षण दिया जाएगा। इसके बाद वे उन लोगों की पहचान करेंगे, जिनको मानसिक समस्याओं के लिए इलाज की आवश्यकता है तथा उन्हें मानसिक स्वास्थ्य सुविधाओं से जोड़ेंगे। तनाव की पहचान कर प्रतिभागियों को तनाव निवारण हेतु प्रशिक्षित किया जाएगा। यह प्रशिक्षण दो सप्ताह के लिए रिनपास मानसिक अस्पताल में होगी। प्रशिक्षणार्थियों का चयन राज्य विश्वविद्यालय अधीनस्थ विभाग तथा महाविद्यालयों से किया जाएगा।

## शिक्षा से ही होगा पासवान समाज का कल्याण

खबर मंत्र संवाददाता

**खलारी।** अखिल भारतीय दुसाध; पासवानद्ध कल्याण समिति एन के पिपरवार क्षेत्र के तत्वाधान में शुक्रवार को वनभोज सह मिलन समारोह का आयोजन सपही नदी में किया गयाए मुख्य अतिथि बालजीत राम पूर्व विधायक लातेहार, विशिष्ट अतिथि जवाहर पासवान, कन्हाई पासवान, बृजकिशोर पासवान, जय प्रकाश पासवान, अर्जुन मांझी, महेश पासवान, सुभाष पासवान, विनोद बिहारी पासवान, गोपाल पासवान, नंदन पासवान, बली पासवान, किशोर पासवान उपस्थित थे। कार्यक्रम में बतौर मुख्य अतिथि बालजीत राम ने कहा कि आज भी समाज दूसरों की अपेक्षा शिक्षाए राजनीति व आर्थिक रूप से काफी पीछे है। इन सारी समस्याओं को दूर करने और हक लेने के लिये एकजुट होकर संघर्ष करना होगा। वही विशिष्ट अतिथि जवाहर पासवान ने अपने वक्तव्यों में कहा नए वर्ष से आज से ही प्रण ले कि संगठन व समाज के सभी लोगों को एक साथ निष्ठा के साथ काम करने का निर्णय ले और पासवान समाज का विकास तभी होगाण जब शिक्षा व रोजगार दोनों में आगे बढ़ेंगे।



## सोनाहातू में हर्षोल्लास के साथ मना टुसू मेला

खबर मन्त्र संवाददाता

**सोनाहातू।** शिक्षित बेरोजगार संघ सोनाहातू के तत्वावधान में शुक्रवार को स्थानीय क्रिकेट मैदान झारखंड टुसू मेला में मुर्गा लड़ाई एवं क्रिकेट प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। लोग मेले में चौड़ल टुसु के साथ नाचते गाते हुए आये। मेले में जिप सदस्य मंजू सिंह, पूर्व जिप उपाध्यक्ष चितरंजन महतो, समाजसेवी तारणी सिंह मुंडा, छात्र नेता देवेंद्र नाथ महतो, मुखिया सविता देवी, उपमुखिया वीणापानी देवी, पंसस रायमनी देवी, शिक्षित बेरोजगार संघ के अध्यक्ष भीष्मदेव महतो आदि लोग पहुंचे।

### बेहतर चौडल को मिला पुरस्कार

चौड़ल–टुसू में प्रथम पुरस्कार 6 हजार आरराडीहए बुंडू को, दृतीय पुरस्कार 4 हजार बुढ़ाडीह बुंडू तथा तृतीय पुरस्कार 2 हजार गितिलडीह बुंडू को दिया गया। इनके अलावा मेले में लाए गए सभी चौड़ल दलों को सांत्वना पुरस्कार देकर सम्मानित किया गया। वहीं क्रिकेट में दानाडीह टीम विजेता व बाजार टांड़ टीम उपविजेता बना। इन दोनों टीमों को भी नगद राशि देकर पुरस्कृत किया गया। मौके पर धर्मेंद्र महली, बिरेन्द्र लोहरा, खगेंद्र राजवंश, विपिन पाल, लखी मांझी, बिसनाथ महतो, जयप्रकाश महतो, सुषेण प्रमाणिक आदि लोगों का सराहनीय योगदान रहा।



## एक नजर में

### खलारीः मनरेगा योजना के क्रियान्वयन को लेकर मिला प्रशिक्षण



**खलारी।** प्रखंड सभागार खलारी में मनरेगा योजना के क्रियान्वयन से संबंधित प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित किया गया। जिसमें सभी पंचायतों से मनरेगा महिला मेट, रोजगार सेवक, पंचायत सचिव उपस्थित थे। प्रखंड कार्यक्रम पदाधिकारी बिनय कुमार गुप्ता द्वारा सभी को प्रशिक्षण दिया गया जिसमें जॉब कार्ड संधारण, कार्य की मांग, मस्टर रॉल संधारण, अभिलेख संधारण, एनएमएमएस, योजना कार्य स्थल पर कार्य सुविधा, योजनाओं का मापी, मनरेगा अंतर्गत बिभिन्न योजनाओं के प्राक्कलन की जानकारी, मजदूरी भुगतान को ट्रैक कर संबंधित मजदूर को जानकारी उपलब्ध करवाना, रोजगार दिवस और मजदूर को आवश्यक सहयोग प्रदान करना आदि बिषयों पर बिस्तार से प्रशिक्षण दिया गया।

### सर्वोदय स्कूल राहे को मिला 2023 का शिक्षा रत्न पुरस्कार



**राहे।** यूनिवर्सल मेंटर्स एसोसिएशन द्वारा आयोजित पांचवी एडु लीडर्स सम्मान समारोह 2023 होटल लीला एबियंस नई दिल्ली में आयोजित किया गया, जिसमें सर्वोदय स्कूल राहे को शिक्षा रत्न का पुरस्कार दिया गया। स्कूल के डायरेक्टर सुनील महतो को शिक्षा रत्न पुरस्कार से सम्मानित किया गया। सम्मान समारोह में 250 स्कूल के प्रिंसिपल, डायरेक्टर और 40 स्कूल ने हिस्सा लिया। सम्मान समारोह का संचालन यूनिवर्सल मेंटर्स एसोसिएशन के फाउंडर संदीप गुलाटी ने किया। कार्यक्रम का उद्घाटन मनीष नायडू, सुषमा शेरावत, गौतम राजगरिया ने दीप प्रज्वलित कर किया। स्कूल के उपलब्धि पर राहे के शिक्षाविदों ने शुभकामनाएं दी है।

### दिड़सीर गांव में पीसीसी सड़क का शिलान्यास



**सोनाहातू।** विधायक निधि से शुक्रवार को प्रखंड के दिड़सीर गांव में तीन सौ फिट पीसीसी और सोनाहातू हरिजन कलोनी में चार सौ पच्चास फिट पेवर ब्लॉक पथ निर्माण कार्य का शिलान्यास जिला परिषद् सदस्य मंजू सिंह और विधायक प्रतिनिधि चितरंजन महतो ने संयुक्त रूप में किया। ग्रामीणों द्वारा इस सड़क का निर्माण काफी दिनों से करने के लिए सिल्ली विधायक सुदेश महतो से मांग किया गया था। मौके पर समाजसेवी तारणी सिंह मुंडा, मुखिया सावना महली, सुषेण प्रमाणिक, मिहिर महतो, बसंत महतो, विपिन महतो, मुकेश महतो आदि उपस्थित थे।

### विधायक के नाना का निधन, शोक की लहर



**सिल्ली।** सिल्ली के विधायक सुदेश महतो के 89 वर्षीय नाना छोटा मुरी निवासी रामेश्वर महतो की शुक्रवार को उनके आवास पर मृत्यु हो गयी। खबर के बाद क्षेत्र में शोक की लहर है। विधायक समेत अन्य आजसू कार्यकर्ता एवं स्थानीय लोग उनको देखने पहुंचे। रामेश्वर महतो पहले फौज में थे। उसके बाद रेलवे से रिटायर हुए थे। रिटायर होने के बाद से उनकी रुचि सामाजिक व धार्मिक कार्यों में थी। उनका अंतिम संस्कार देलबेड़ा घाट पर किया गया।

### तमाड़ः जरूरतमंदों के बीच कंबल का वितरण



**तमाड़।** प्रखंड क्षेत्र के पश्चिमी पंचायत अंतर्गत मोदीडीह वार्ड नंबर 3 में थाना प्रभारी दीपक सिंह और मुखिया प्रतिनिधि हीरा मुंडा द्वारा असहाय विधवा, वृद्ध, जरूरतमंद महिलाओं के बीच कंबल का वितरण किया गया। थाना प्रभारी ने कहा कि सेवा ही धर्म है। बढ़ती ठंड को देखते हुए कंबल वितरण का कार्यक्रम किया गया। बढ़ती हुई कनकनी से वृद्ध, बुजुर्गों को काफी परेशानी का सामना करना पड़ रहा। पुलिस हमेशा सेवा धर्म में लगी हुई है। मौके पर मुरली कुमार सेठ, सूरज प्रजापति, महिला समिति के सदस्य बालावती देवी, सुरती देवी, बसंती देवी, जीरू देवी आदि गणमान्य लोग उपस्थित थे। कंबल पाने वाले वृद्ध असहाय महिलाएं में से फुदान देवी, प्रभा देवी, गंगा देवी, सीता देवी, बिरोजा देवी शामिल थी।

### साधु मेला में चौडल प्रदर्शनी के प्रतिभागी पुरस्कृत

**सिल्ली।** सिल्ली प्रखंड के बंता हजाम दक्षिणी पंचायत के कोंकालगाम गांव टुंगरी परिसर में साधु मेला शुक्रवार को हर्षोल्लास के साथ सम्पन्न हो गया। मेले में मुख्य अतिथि गूंज के संयोजक जयपाल सिंह, अध्यक्ष सुनील सिंह, बंता हजाम दक्षिणी पंचायत के मुखिया गंगा नारायण सिंह मुंडा, पंसस सबीता महतो, सुचांद महतो आदि ने मेले में आए चौड़ल प्रदर्शनी के प्रतिभागियों को पुरस्कार देकर सम्मानित किया। मेले में आसपास के कई गाव के लोग शामिल हुए। मेले में आए लोगों ने पहाड़ पर स्थापित शिव पार्वती पुजा अर्चना की। मेले में चाट, चाउमिन खिलौने की दुकान समेत कई प्रकार के दुकानें लगी थी।

## मानस और मानसिकता

हमारे समाज में कुछ ऐसे बहस होते हैं जो राजनीतिक इच्छाओं और लाभ को ध्यान में रखकर होते हैं। इसे आप गुलामी का असर कहें या वर्तमान संदर्भ में ज्ञान और अध्ययनशीलता में कमी लेकिन चर्चा में रामचरितमानस की पंक्तियां ही है। दुनिया में शायद ही कोई ऐसा देश होगा जो अपनी संस्कृति पर गर्व न करता हो। दुर्भाग्य से देश में दूसरे देशों से अंगीकार की गयी विचारधारा, परिवेश, जीवन शैली और चर्चित होने या चर्चा में रहने की मजबूरी से ग्रसित जन ऐसा कुछ करते रहते हैं। तुलसीदास ने विक्रम संवत 1631 (1574 ईस्वी) में अयोध्या में रामचरितमानस लिखना शुरू किया। रामचरितमानस की रचना अयोध्या, वाराणसी और चित्रकूट में हुई थी। भारत इस अवधि के दौरान मुगल सम्राट अकबर (1556-1605 सीई) शासक था। मानस तुलसीदास को विलियम शेक्सपियर का समकालीन भी बनाता है। रामचरित मानस एकमात्र रचना है जो दुनिया भर के हिंदूओं,कामिल बुल्के जेसे ईसाई का आस्थाग्रंथ है इसकी पूजा की जाती है। मानस पाठ के नियम है और उसे भी पूजा की तरह किया जाता है। इस पुस्तक को अगर गंभीरता से समझा जाए तो आज के संदर्भ में दुनिया में जितनी भी समस्या है चाहे वह मानव निर्मित हो या प्राकृतिक सभी का हल रामचरितमानस में मिल जाता है। इसके रचियता तुलसीदास संस्कृति के विद्धान होते हुए भी अवधी में इसकी रचना की। क्योंकि वे एक सामाजिक वैज्ञानिक थे। भारतीयों के आत्मबल का एक बड़ा श्रोत रामचरितमानस है जिसे आज के संदर्भ में आर्ट ऑफ लिविंग की सबसे उत्कृष्ट साहित्य के रुप में देख सकते हैं। यह चरित्र की समग्र गाथा है जिसके कुछ पंक्तियों पर टिप्पणी कर चर्चा में आ सकते हैं लेकिन दुनिया के हर हिंदू के मन से मानस की श्रद्धा कम नहीं कर सकते। यह जननीति, राजनीति और त्याग से समृद्धि की उत्कृष्ट रचना है।

## गंगा विलास पर सवाल

यह सर्वविदित है कि पूर्वी एशिया के तमाम छोटे देश विदेशी पर्यटकों के जरिये जो विदेशी मुद्रा हासिल करते हैं, उसके मुकाबले हम बहुत पीछे हैं। लेकिन तस्वीर का दूसरा पहलू यह भी है कि पर्यटन संस्कृति अपने साथ अपसंस्कृति भी लाती है। इसके बावजूद वैश्वीकरण के दौर में विदेशी नकद-नारायण की अपनी महिमा है, जिसकी त्रासदी कोरोना संकट के बाद श्रीलंका समेत तमाम देशों ने भुगती भी। बहरहाल, बनारस से बांग्लादेश होते हुए असम तक की लंबी यात्रा पर चलने वाले दुनिया के सबसे लंबे क्रूज गंगा विलास का जलावतरण निस्संदेह भारतीय पर्यटन जगत में एक अभिनव कदम है। बनारस में गंगा के रविदास घाट से रवाना होकर ह्यगंगा विलास क्रूज बिहार, बंगाल और बांग्लादेश होते हुए असम के डिब्रूगढ़ पहुंचेगा। यह यात्रा 51 दिन में पूरी होगी और विभिन्न राज्यों के पचास महत्वपूर्ण पर्यटक स्थलों से गुजरेगी। लेकिन इसी बीच इसका विरोध भी शुरू हुआ है। निस्संदेह, तार्किक आधार पर किसी कदम का विरोध जरूर होना चाहिए, लेकिन वजह राजनीतिक दुराग्रह न हो।इस बार की यात्रा में शामिल 36 पर्यटकों में से 32 स्विट्जरलैंड के हैं और अगले दो साल के लिये इसकी बुकिंग पूरी हो चुकी है। क्रूज में सवार यात्री भारत व बांग्लादेश के 27 रिवर सिस्टमों व सात नदियों से गुजरेंगे। कलकत्ता शिपयार्ड में तैयार क्रूज को स्वदेशी तकनीक व साज-सज्जा तथा वास्तुकला के सांचे में ढाला गया है। यात्रा के लिये जरूरी तमाम आधुनिक सुख-सुविधाएं इसमें उपलब्ध हैं। इस यात्रा का सफर पांच राज्यों से होता हुआ 51 दिन बाद डिब्रूगढ़ में संपन्न होगा। जिसमें 15 दिनों का बांग्लादेश में होने वाला पड़ाव भी शामिल है। बहरहाल विदेशी सैलानी इस दौरान वैश्विक धरोहरों, राष्ट्रीय पार्क व दर्शनीय स्थलों से रूबरू होंगे। इसे देश के लिये गर्व की बात भी माना जाना चाहिए।

# दुनिया में आर्थिक मजबूती पाते भारतीय प्रवासी






\- प्रहलाल सबनानी

> भारतीय मूल के नागरिक यहां सबसे अधिक पढ़े-लिखे माने जाते हैं क्योंकि भारतीय मूल के 58 प्रतिशत नागरिक उच्च अध्ययन (ग्रेजुएट एवं अधिक) प्राप्त हैं जबकि आस्ट्रेलिया मूल के 22 प्रतिशत नागरिक ही उच्च अध्ययन प्राप्त हैं। कार्य करने योग्य कुल भारतीय मूल के नागरिकों में से 88 प्रतिशत को रोजगार प्राप्त है, इनमें से 61 प्रतिशत को पूर्णकालिक रोजगार प्राप्त है एवं 27 प्रतिशत को अंशकालिक रोजगार।

हम सभी भारतीयों के लिए यह गर्व का विषय है कि आज लगभग समस्त विकसित देश भारतीय मूल के नागरिकों को अपने देशों की नागरिकता प्रदान करने के लिए लालायित नजर आ रहे हैं। विशेष रूप से आस्ट्रेलिया, ब्रिटेन, कनाडा, अमेरिका, सिंगापुर, जापान सहित अन्य कई विकसित देश आज इस प्रकार की नई नीतियां बनाने में जुटे हैं कि किस प्रकार इन देशों में रह रहे भारतीय नागरिकों को वहां के राजनैतिक क्षेत्र में भी भागीदार बनाया जाए ताकि इन देशों की सामाजिक, आर्थिक एवं राजनैतिक व्यवस्था में सुधार किया जा सके।

भारतीय मूल केअधिक से अधिक नागरिकों के अपने देश में आकर्षित करने के लिए आज इन देशों के बीच एक तरह से आपस में प्रतियोगिता सी चल रही है। आज भारतीय मूल के 320 लाख से अधिक नागरिक विश्व के विभिन्न देशों में रह रहे हैं। इनमें 140 लाख भारतीय नागरिक प्रवासी भारतीय के रूप में इन देशों में रह रहे हैं एवं शेष 180 लाख भारतीय मूल के रूप में इन देशों के नागरिक बन चुके हैं। कुल मिलाकर 146 से अधिक देशों में भारतीय मूल के नागरिक निवास कर रहे हैं। केरेबियन देशों, उत्तरी अमेरिका, फीजी, दक्षिण एवं पूर्वी अफ्रीका एवं मलेशिया में तो भारतीय मूल के नागरिक लगभग 200 वर्षों (शताब्दियों) से अधिक समय से निवास कर रहे हैं एवं आज वहां भारतीयों की कई पीढ़ियां निवास करती आ रही हैं।

पिछले कुछ दशकों (दशाब्दियों) से गल्फ के देशों में भी भारतीय मूल के नागरिक निवासरत हैं एवं इन देशों की अर्थव्यवस्था को गति देने में अपनी महत्वपूर्ण भूमिका अदा कर रहे हैं तो वहीं वर्ष 1965 के बाद से अमेरिका, ब्रिटेन, कनाडा, जर्मनी, सिंगापुर एवं आस्ट्रेलिया जैसे कई विकसित देशों में भारतीयों ने अपनी एक विशेष पहचान बनाई है एवं विशेष रूप से इन देशों के सूचना प्रौद्योगिकी, स्वास्थ्य एवं विज्ञान जैसे क्षेत्रों के विकास में अपना अतुलनीय योगदान दिया है। विशेष रूप से 1990 के दशक में एवं इसके बाद के वर्षों में उच्च शिक्षा एवं उच्च कौशल प्राप्त भारतीय विकसित देशों में विशेष रूप से तकनीकी एवं विज्ञान के क्षेत्र में कार्य कर रही बहुराष्ट्रीय कम्पनियों में उच्च कौशल से युक्त पदों पर कार्य करने के लिए इन देशों की ओर आकर्षित हुए। साथ ही, इन क्षेत्रों में उच्च शिक्षा प्राप्त करने के उद्देश्य से भी लाखों की संख्या में भारतीय छात्र इन देशों में अप्रवासी भारतीय के रूप में दाखिल हुए।

भारतीयों ने अपनी महान सनातन संस्कृति का पालन करते हुए अपनी दक्षता को भी पूर्ण रूप से सिद्ध किया है। वर्ष 2016 में आस्ट्रेलिया में 6.76 लाख भारतीय मूल के नागरिक (आस्ट्रेलिया की कुल जनसंख्या का 2.8 प्रतिशत), जिन्होंने आस्ट्रेलिया की नागरिकता प्राप्त कर ली थी, निवास कर रहे थे। साथ ही, 4.55 लाख भारतीय (आस्ट्रेलिया की कुल जनसंख्या का 1.9 प्रतिशत), प्रवासी भारतीय के तौर पर आस्ट्रेलिया में निवास कर रहे थे। आस्ट्रेलिया में भारतीय मूल के नागरिकों की जनसंख्या वर्ष 2006 से वर्ष 2016 के बीच 10.7 प्रतिशत की औसत वृद्धि दर के साथ सबसे तेज गति से बढ़ रही है और ऐसी उम्मीद की जा रही है कि वर्ष 2031 तक भारतीय मूल के नागरिकों की जनसंख्या चीन मूल के नागरिकों की जनसंख्या को पीछे छोड़कर प्रथम स्थान पर आ जाएगी।

भारतीय मूल के नागरिक यहां सबसे अधिक पढ़े-लिखे माने जाते हैं क्योंकि भारतीय मूल के 58 प्रतिशत नागरिक उच्च अध्ययन (ग्रेजुएट एवं अधिक) प्राप्त हैं जबकि आस्ट्रेलिया मूल के 22 प्रतिशत नागरिक ही उच्च अध्ययन प्राप्त हैं। कार्य करने योग्य कुल भारतीय मूल के नागरिकों में से 88 प्रतिशत को रोजगार प्राप्त है, इनमें से 61 प्रतिशत को पूर्णकालिक रोजगार प्राप्त है एवं 27 प्रतिशत को अंशकालिक रोजगार प्राप्त है। भारतीय मूल के नागरिकों की औसत आय भी सबसे अधिक है।

वर्ष 2011 के आकड़ों के अनुसार, ब्रिटेन में भारतीय मूल के 14.5 लाख नागरिक निवासरत थे, जो ब्रिटेन की कुल जनसंख्या का 2.3 प्रतिशत हिस्सा हैं। भारतीय मूल के नागरिकों में 25 प्रतिशत भारतीय ब्रिटेन के अग्रणी विश्वविद्यालयों से उच्च शिक्षा प्राप्त हैं और वे उच्च कौशल प्राप्त क्षेत्रों यथा मेडिसिन, कानून, फार्मसी एवं लेखा आदि में रोजगार प्राप्त करते हैं। ब्रिटेन में भारतीय मूल के नागरिकों में बेरोजगारी की दर अन्य देशों के मूल नागरिकों की तुलना में बहुत कम है। भारतीय मूल के नागरिकों की बहुत बड़ी संख्या डॉक्टर, इंजिनियर, सालिसिटर, चार्टर्ड अकाउंटेंट, शिक्षक एवं सूचना प्रौद्योगिकी जैसे क्षेत्रों में कार्यरत हैं। सूचना प्रौद्योगिकी के क्षेत्र में तो ब्रिटेन में बाहरी देशों से आने वाले उच्च शिक्षा प्राप्त कुल इंजीनियरों में 60 प्रतिशत से अधिक इंजीनियर भारतीय मूल के रहते हैं। ब्रिटेन के कुल स्वास्थ्य सेवाओं (रिटेल सहित) के क्षेत्र में तो 40 प्रतिशत भारतीय ही व्यवसायी के रूप में कार्य करते हैं।

वर्ष 2016 में कनाडा में 14 लाख भारतीय मूल के नागरिक निवास कर रहे थे, जो कनाडा की कुल जनसंख्या का चार प्रतिशत हिस्सा थे। इनमें से 45 प्रतिशत भारतीय उच्च शिक्षा प्राप्त (यूनिवर्सिटी से डिग्री धारक) थे जबकि कनाडा की कुल जनसंख्या में 26 प्रतिशत नागरिक ही उच्च शिक्षा प्राप्त थे। भारतीय मूल की कुल जनसंख्या में से 75 प्रतिशत उच्च शिक्षा प्राप्त भारतीय उच्च तकनीकी क्षेत्रों, उच्च कौशल प्राप्त क्षेत्रों, व्यवसायी एवं उपक्रमी के रूप में कनाडा में कार्य कर रहे थे। इसी प्रकार चिकित्सा के क्षेत्र में भी भारतीय मूल के नागरिक बहुत अच्छी संख्या में कार्यरत हैं।

सिंगापुर में भारतीय मूल के नागरिकों की कुल सात लाख की जनसंख्या चीन एवं मलाया के बाद तीसरे स्थान पर है और यह सिंगापुर की कुल जनसंख्या का नौ प्रतिशत है। सिंगापुर में निवास कर रहे अन्य देशों के नागरिकों की कुलजनसंख्या में 21 प्रतिशत भारतीय मूल के नागरिक हैं। सिंगापुर में भारतीय मूल के कुल नागरिकों में से 60 प्रतिशत नागरिक वित्तीय सेवाओं, सूचना प्रौद्योगिकी, निर्माण एवं समुद्रीय गतिविधियों, छोटे एवं मध्यम व्यवसाय जैसे क्षेत्रों में बहुत बड़ी मात्रा में कार्य करते हैं।अमेरिका में

## खास बात

## प्रधानभिक्षु शरीफ

**डॉ. वेदप्रताप वैदिक**

**पाकिस्तान** के प्रधानमंत्री शहबाज शरीफ आजकल प्रधानमंत्री कम, प्रधानभिक्षु बनकर देश-विदेश के चक्कर लगा रहे हैं। कुछ दिन पहले उन्हें सउदी अरब जाकर अपना भिक्षा-पात्र फैलाना पड़ा। तीन-चार दिन पहले वे अबू धाबी और दुबई आए हुए थे। संयोग की बात है कि दो-तीन दिन के लिए मैं भी दुबई और अबू धाबी में हूं। यहां के कई अरबी नेताओं से मेरी बात हुई। पाकिस्तान की दुर्दशा से वे बहुत दुखी हैं लेकिन वे पाकिस्तान पर कर्ज लादने के अलावा क्या कर सकते हैं?

उन्होंने 2 बिलियन डॉलर जो पहले दे रखे थे, उनके भुगतान की तिथि आगे बढ़ा दी है और संकट से लड़ने के लिए 1 बिलियन डॉलर और दे दिए हैं। शहबाज की झोली को पिछले हफ्ते भरने में सउदी अरब ने भी काफी उदारता दिखाई थी। लेकिन पाकिस्तान की झोली में इतने बड़े-बड़े छेद हैं कि ये पश्चिम एशियाई राष्ट्र तो क्या, उसे चीन और अमेरिका भी नहीं भर सकते। इन छेदों का कारण क्या है? इनका असली कारण है- भारत। भारत के विरुद्ध पाकिस्तान की फौज और सरकार ने इतनी नफरत कूट-कूटकर भर दी है कि उस राष्ट्र का ध्यान खुद को संभालने पर बहुत कम लग पाता है।

आम जनता रोटियों को तरसती रहती है लेकिन उसे भी नफरत के गुलाब जामुन कश्मीर की तश्तरी में रखकर पेश कर दिए जाते हैं। पिछले हफ्ते शहबाज शरीफ, कजाकिस्तान और संयुक्त अरब अमीरात गए। वहां भी उन्होंने कश्मीर का राग अलापा। उन्होंने भारत के प्रधानमंत्री से बात करने की पहल की, जो कि अच्छी बात है लेकिन साथ में ही यह धमकी भी दे डाली कि अगर दोनों देशों के बीच युद्ध हो गया तो कोई नहीं बचेगा। दोनों के पास परमाणु बम हैं। शहबाज ने अबू धाबी के शासक से कहा कि भारत से आपके रिश्ते बहुत अच्छे हैं। आप मध्यस्थता क्यों नहीं करते? एक तरफ वे मध्यस्थता की बात करते हैं और दूसरी तरफ, वे भारत से कहते हैं कि आप संयुक्तराष्ट्र संघ के प्रस्ताव के मुताबिक कश्मीर हमारे हवाले कर दो। पाकिस्तान के दो-तीन प्रधानमंत्रियों से मेरी बहुत ही मैत्रीपूर्ण बातचीत में मुझे पता चला कि उन्होंने संयुक्तराष्ट्र

## पवित्र क्या है?

### धर्म-प्रवाह

**जग्गी बासुदेव**

**आपकी** ज्यादातर इच्छाएं वास्तव में आपकी नहीं होती, आप बस उन्हें अपने सामाजिक परिवेश से उठा लेते है। आध्यात्मिक का मतलब है क्रमिक विकास की प्रक्रिया को तेजी से बढ़ाना। एक बार जब आपका मन पूर्ण रूप से स्थिर हो जाता है तब आपकी बुद्धि मानवीय सीमाओं को पार कर जाती है।

लोग किताबों को पवित्र कहते है लेकिन उन्हें अभी भी ये समझना है कि जीवन पवित्र है।

एक गुरु कोई ऐसा नहीं होता जो आपके लिए मशाल पकड़ता है बल्कि वो खुद मशाल होता है। भौतिक अस्तित्व का बस एक छोटा सा पहलू है, इस ब्रह्मांड में 1% भी भौतिक नहीं है बाकी गैर -भौतिक है।अविश्वसनीय चीजें आसानी से की जा सकती हैं यदि हम उन्हें करने के लिए प्रतिबद्ध हैं। एक बार जब आपका मन पूर्ण रूप से स्थिर हो जाता है तब आपकी बुद्धि मानवीय सीमाओं को पार कर जाती है।हर चीज को ऐसे देखना जैसी कि वो है, आपको जीवन को सहजता से जीने की शक्ति और क्षमता देता है। मन को केवल कुछ चीजें ही याद रहती हैं। शरीर को सबकुछ याद रहता है। जो सूचना ये रखता है वो अस्तित्व के प्रारम्भ तक जाती हैं। आपकी कई सारी सीमाएं हैं और वो सब स्वयं आपकी बनाई हुई हैं, तभी आपके अंदर उन्हे तोड़ने की चाहत पैदा होगी। एक इंसान एक बीज की तरह है या तो आप इसे वैसे रख सकते हैं जैसा वो है, या आप इसे फूलों और फलों से लदे एक अद्भुत पेड़ के रूप में विकसित कर सकते हैं।

**मुरी** टुंगरी में आयोजित टुसू सांस्कृतिक महोत्सव में शामिल हुआ। झारखंड की समृद्ध और विविध सांस्कृतिक विरासत तथा उल्लास और उमंग का प्रतीक पर्व टुसू आप सभी के जीवन में अपार खुशियां और समृद्धि लेकर आए।

–अनुपम खेर, अभिनेता

### आपके ट्वीट

**बच्चन** जी के शब्दः नाश के दुख से कभी दबता नहीं निर्माण का सुख प्रलय की निस्तब्धता से सृष्टि का नव गान फिर-फिर ! नीड़ का निर्माण फिर-फिर, नेह का आह्वान फिर-फिर !

– स्वामी अवधेशानंद गिरी





**उत्तर प्रदेश** के बस्ती और आसपास के क्षेत्रों में सांसद खेल महाकुंभ को लेकर युवाओं में काफी उत्साह है। उभरती खेल प्रतिभाओं के लिए यह पहल एक बेहतरीन अवसर प्रदान करती है।

– नरेन्द्र मोदी

# सीएम से करम नदी को पुनर्जीवित करने की मांग



**डॉ अशोक नाग**

### पर्यावरण

**सीएम** हेमंत सोरेन जी को खुला पत्र : शहर का एक जिम्मेदार नागरिक होने के नाते मैं अपने राज्य के मुखिया को नगर निगम रांची के अनैतिक कार्य के सम्बन्ध में यह पत्र आपको लिख कर जानकारी दे रहा हूं। उनकी मांगें निम्नवत है :

करमटोली तालाब से होकर पूर्व दिशा की ओर, सबसे निचले इलाके से होकर करम नदी बहती थी जिसमें शहर के अधिकांश इलाके लालपुर, मोराबादी, बरियातु, कोकर का भी पानी निकलकर डिस्टलरी पुल, भगवान बिरसा मुण्डा की समाधि स्थल के रास्ते स्वर्णरेखा नदी में मिलता था।

करम नदी के कारण ही रांची शहर के अधिकांश आबादी के घरों में भूगर्भ जलस्तर ऊंचा रहता था और बहुत सारे कुओं में तो गर्मी में भी लवालव पानी भरा रहता था और पूरी रांची को पानी की समस्या से नहीं जूझना पड़ता था।

बरसात के समय करम नदी के रास्ते पूरे शहर का पानी डिस्टलरी पुल होता हुआ, स्वर्णरेखा नदी में मिलता था और घनघोर बारिश के आधे घंटे बाद ही रांची शहर में कहीं जलजमाव नहीं होता था।

रांची शहर के लिए डिस्टलरी पुल और करम नदी एक महत्वपूर्ण स्थान रखता था क्योंकि भूगर्भ जल करम नदी के कारण और पूरी रांची में बाढ़ की समस्या कभी नहीं हुई, क्योंकि बरसात का अधिकांश पानी करम नदी के संग मिलकर डिस्टलरी पुल होता हुआ स्वर्णरेखा नदी में मिल जाता था।

महाशय, यह उल्लेख करना महत्वपूर्ण है कि भगवान बिरसा मुण्डा की समाधि स्थल, कोकर डिस्टलरी पुल के पास ही क्यों है? जहां पानी जलप्रपात के रूप में बहता था, अंग्रेजों को लगा कि बिरसा की मौत की खबर से शहर में दंगा नहीं फैलेगा और उनका शव डिस्टलरी पुल से होता हुआ पानी के बहाव के साथ स्वर्णरेखा नदी में मिल जायेगा।

महाशय, डिस्टलरी पुल, करम नदी अपने प्रवाह में आराम से बहती रही जबतक की रांची नगर निगम के पदाधिकारियों और भू-माफिया की कुदृष्टि डिस्टलरी पुल और करम नदी के प्रवाह के रास्ते में नहीं पड़ी।

भू-माफियाओं और नगर निगम के अधिकारियों ने करम नदी को ही विलुप्त करने की ठानी और डिस्टलरी पुल को ही पाट दिया और वहां करम नदी के रास्ते को घेरकर पार्क और डिस्टलरी मार्केट का निर्माण करा दिया। भारत ही नहीं विश्व में यह प्रथम घटना होगी जहां जीवित नदी के रास्ते को वहीं के नगर निगम ने घेरकर पार्क व दुकान बना दिया है, जो आज भी बरसात में पूरा डूब जाता है, क्योंकि पानी निकासी का वही एकमात्र निचला इलाका है।

रांची नगर निगम के इस कुकृत्य के कारण रांची के लगभग 7-8 लाख लोगों के यहां भूगर्भ जलस्तर बिल्कुल नीचे चला गया है और रांची शहर में बरसात में बाढ़ जैसी स्थिति उत्पन्न हो जा रही है और पानी निकासी की समस्या से शहर जूझ रहा है।

महाशय, विडम्बना यह है कि रांची नगर निगम के सरकारी बेवसाईट में रांची मास्टर प्लान 2037 का उल्लेख है जिसमें पानी निकासी के रास्ते दिखाये गये हैं (संलग्न-1) जो जमीन खाता नं0, प्लॉट नं0 के रूप में उल्लेखित है। रांची नगर निगम अपने रांची मास्टर प्लान 2037 के तहत जिस भूमि को वाटर वॉडी बनाता है उसी में पार्क और दुकान का निर्माण कैसे कराता है? यह समझ से परे हैं?

इन सब बातों को ध्यान में रखकर मैं माननीय मुख्यमंत्री महोदय से आग्रह करता हूं कि तुरंत करम नदी को करमटोली तालाब से होकर डिस्टलरी पुल तक अतिक्रमण मुक्त कराएं।

### कॉर्टून वर्ल्ड

प्रदूषण से त्रस्त दुनिया...



साभार कॉर्टून मूववेंट

### लेटर टू एडीटर

#### सख्त हो आयोग

**पांच** साल बाद होने वाले चुनाव में हर बार नया घोषणा पत्र और नये वादे लेकर नेता लोग जनता के बीच में आते हैं। चुनाव के समय जनता को भ्रमित करने के लिए जनप्रतिनिधियों द्वारा इतने सारे झूठे और खोखले वादे किए जाते हैं केवल थोथे नारे लगाने वालों की बात को ही सुना जा रहा है। इसलिए चुनाव आयोग को सख्त निर्णय लेना चाहिए।

– रवि, रांची

#### जवाबदेही तय हो

**चुनाव** आते ही घोषणापत्रों का भ्रमजाल छाने लगता है। शब्दजाल व आंकड़ों की बाजीगरी का बोलबाला हो जाता है। घोषणा पत्र राजनीतिक प्रक्रिया का एक अभिन्न अंग है जिस पर जवाबदेही समय की मांग है। कानून बने, जिसमें ऐसा प्रावधान हो, जिसके तहत राजनीतिक दलों को वादे पूरे नहीं करने के लिए उत्तरदायी ठहराया जा सके।

–अश्विनी कुमार, हजारीबाग

# समाजवादी युग के एक मजबूत स्तंभ का चला जाना

**विजय केसरी**

### स्मृति शेष

**राजनीति** में प्रवेश मात्र चौबीस वर्ष की उम्र में हो गया था, जब वे जबलपुर इंजीनियरिंग कॉलेज छात्र संघ के प्रेसिडेंट चुने गए थे।

शरद यादव इस धरा पर 75 वर्षों तक रहे, जिसमें उनके जीवन का 51 वर्ष भारतीय राजनीति के नाम दर्ज रहा। 51 वर्ष की राजनीति में उन पर कभी भी भ्रष्टाचार के आरोप नहीं लगे। देश में चर्चित हवाला कांड में देश के कई बड़े नेताओं का नाम आए थे। उस हवाला कांड में शरद यादव का भी नाम शामिल था।? उन्होंने सार्वजनिक मंच से इस बात को स्वीकार किया था कि उन्हें भी छः लाख रुपए प्राप्त हुए हैं, जिसे मैंने पार्टी फंड में डाल दिया है। बाद के दिनों न्यायालय ने उन्हें आरोप मुक्त कर दिया था। उन्होंने जिस समाजवाद कमिटमेंट के साथ राजनीति की शुरूआत की थी, उसे अपने जीवन के अंतिम क्षण तक निभाया भी।

वे भारत के एकमात्र ऐसे नेता थे, जो बिहार, मध्यप्रदेश और उत्तर प्रदेश जैसे प्रांतों से सात बार लोकसभा के सांसद के रूप में चुने गए थे। इसके साथ ही वे तीन बार राज्य सभा के सांसद के रूप में भी चुने गए थे। केंद्र में लंबे समय तक मंत्री भी रहे। वे जिस समाजवादी विचारधारा के साथ राजनीति में आए थे, उस समाजवाद विचारधारा को संपूर्ण देश में फैलाते भी रहे थे। वे जमीन से जुड़े हुए नेता थे । अंत तक जमीन से ही जुड़े रहे थे। देशभर में फैले छोटे से छोटे कार्यकर्ताओं से खुद फोन लगाकर बात किया करते थे। उनका सक्रिय राजनीति में प्रवेश कांग्रेसी तानाशाह के विरुद्ध लोकनायक जयप्रकाश नारायण के आंदोलन से हुआ था। उन्होंने कांग्रेसी हुकूमत को सत्ता से बेदखल करने में महती भूमिका अदा की थी।

शरद यादव एक आम जन के नेता के रूप में अपनी छवि बनाने में सफल हुए थे । उनकी लोकप्रियता संपूर्ण देश में थी । जहां भी उनकी सभाएं होती थी। हजारों - लाखों की संख्या में लोग सुनने के लिए एकत्रित होते थे। यह मेरा सौभाग्य है कि मैं कई बार उनको विभिन्न मंचों से सीधे सुन चुका हूं। 1991 में शरद यादव का आगमन हजारीबाग की धरती पर हुआ था। स्थानीय केशव हॉल में एक बड़ी जनसभा हुई थी। पूरा केशव हॉल परिसर उनको सुनने के लिए भरा हुआ था। सभा समाप्ति के पश्चात शरद यादव हजारीबाग के एक वरिष्ठ नेता अर्जुन यादव के यहां भोजन किए थे। शरद यादव जब जनता दल यूनाइटेड के राष्ट्रीय अध्यक्ष थे, तब गौतम सागर राणा जनता दल यूनाइटेड के झारखंड प्रदेश के अध्यक्ष के रूप में महती भूमिका अदा की। आयोजन मील का पत्थर साबित हुआ।

शरद यादव की बिहार की राजनीति में गहरी पकड़ थी। जननायक कपूर्री ठाकुर के निधन के बाद लालू प्रसाद यादव को विपक्ष के नेता बनाने में शरद यादव की जबरदस्त भूमिका रही थी। यहीं से लालू प्रसाद यादव के बिहार की राजनीति के शीर्ष पर चढ़ने की सफर की शुरूआत मानी जाती है। राजनीति से दुःखी जरूर थें। लेकिन वे पिछले तीन-चार वर्षों से लगातार बीमार चल रहे थे।

वे समाजवादी विचारधारा के एक बड़े नेता थे। उनके निधन से एक समाजवादी युग का अंत हुआ है। उनके समाजवादी सोच को जीवित रखना ही उनके प्रति सच्ची श्रद्धांजलि होगी।


संस्थापक
स्व. डॉ अभय कुमार सिंह

वृन्दा मीडिया पब्लिकेशन्स प्राइवेट लिमिटेड के लिए
मुद्रक, प्रकाशक
मंजू सिंह

द्वारा चिरौंदी, बोड़ेया रोड, रांची (झारखंड) से मुद्रित एवं प्रकाशित।

संपादक
अविनाश ठाकुर*

फोन : 94313-55233

पिनः -834006

e-mail
khabarmantra.city@gmail.com

R.N.I No.
JHAHIN/2013/51797

*पीआरबी एक्ट के अंतर्गत खबरों के चयन के लिए उत्तरदायी। प्रकाशित खबरों से संबंधित किसी भी विवाद का निपटारा रांची न्यायालय में ही होगा।

स्पीड न्यूज़

### जीपीडीपी बैठक में मुखिया सिकंदर राणा व अन्य

**बरही।** प्रखंड के बेन्दगी पंचायत भवन में मुखिया सिकंदर राणा की अध्यक्षता में ग्राम पंचायत विकास योजना (जीपीडीपी) निर्माण हेतु ग्राम बैठक रखी गई। जिसमें सरकार के आदेशानुसार योजनाओं को चयन ग्राम सभा के माध्यम किया गया, जिसका उद्देश्य सरकार की योजनाओं का लाभ प्रत्येक व्यक्ति को मिलें। मौके पर मुख्य रूप से उपस्थित मुखिया सिकंदर राणा, पंचायत सेवक प्रभुदयाल, उपमुखिया अशोक राणा, वार्ड सदस्य मनोज साव, सविता देवी, फुलमतिया देवी, पूनम देवी, सुनील यादव, दिनेश साव, मनोज साव, राजेश यादव, दिलीप रजक, मुकेश यादव, छत्रधारी यादव, कुंदन राणा, लाडली कुमारी सहित अन्य ग्रामीण व वार्ड सदस्य मौजूद रहे।

### आज बिजली विभाग नुक्कड़ नाटक के माध्यम से उपभोक्ताओं को करेगा जागरूक

**बरकट्ठा।** बिजली विभाग नुक्कड़ नाटक के माध्यम से उपभोक्ताओं को बिजली बचाने, मीटर लगाने और समय पर बिजली बिल भुगतान के फायदे को लेकर जागरूक किया जाएगा। उक्त जानकारी विद्युत विभाग के सहायक अभियंता सौरभ लिंडा ने दी। उन्होंने बताया कि बिजली विभाग सभी उपभोक्ताओं को बिजली को लेकर जागरूक किया जाना है। कहा कि लोंगो को बिजली मीटर लगाने, बिजली खपत को कैसे बचाने, प्रत्येक माह बिजली बिल भुगतान करने समेत कई जानकारी जागरूकता अभियान के तहत नुक्कड़ नाटक के माध्यम से दी जाएगी। सहायक अभियंता ने बताया कि प्रत्येक माह के 11 और 21 तारीख को पंचायतों में जागरूकता कार्यक्रम और बिजली उपभोक्ताओं के समस्या को समाधान किया जाएगा। उन्होंने कहा कि 21 जनवरी को बरकट्ठा बाजार और सूर्यकुंडधाम परिसर में जागरूकता अभियान आयोजित किया जाएगा।

### एनएच 23 पर अज्ञात वाहन की चपेट में आने से बाइक सवार की मौत

**रामगढ़।** रामगढ़-बोकारो मार्ग एनएच 23 कोठार ओवरब्रिज के निकट शुक्रवार की शाम एक अज्ञात वाहन की चपेट में आने से एक बाइक सवार की मौत हो गई। दुर्घटना को लेकर बताया गया कि बाइक संख्या जेएच 01 बीडब्ल्यू 7968 पर एक व्यक्ति कहीं जा रहा था। उसी दौरान वह एक अज्ञात वाहन की चपेट में आ गया। जिससे उसकी मौत हो गई। दुर्घटना की सूचना पर रामगढ़ थाना पुलिस मौके पर पहुंची और शव को कब्जे में लेकर पोस्टमॉर्टम के लिए भेज दिया। पुलिस ने बताया कि मृतक का नाम और पता मालूम करने की कोशिश की जा रही है।

### भाजपा के वरिष्ठ नेता ओम प्रकाश सिंह कांग्रेस में हुए शामिल

**रामगढ़।** भाजपा के वरिष्ठ नेता सह इफिको जनता मजदूर संघ के संगठन सचिव ओम प्रकाश सिंह शुक्रवार को कांग्रेस की नीतियों से प्रेरित होकर कांग्रेस पार्टी में शामिल हुए। कांग्रेस प्रदेश अध्यक्ष राजेश ठाकुर ने माल्यार्पण कर कांग्रेस पार्टी में उन्हें शामिल किया।

### फुटबॉल खेल प्रतियोगिता का आयोजन

**इचाक।** उच्च विद्यालय सिजुआ परिसर में विद्यालय के छात्र-छात्राओं के अलग-अलग गुटों में खेल प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। वही खेल प्रतियोगिता का उद्घाटन मुखिया संघ के जिला अध्यक्ष रंजीत मेहता व उप प्रमुख सत्येंद्र कुमार मेहता ने संयुक्त रूप से किया। प्रतियोगिता के दौरान मुख्य अतिथि रंजीत मेहता ने कहा कि इस तरीके का खेल से शारीरिक एवं मानसिक विकास होता है, साथ ही साथ खिलाड़ियों के बीच प्रतिस्पर्धा की भावना बढ़ती है एवं इस खेल के माध्यम से राज्य के साथ देश में एक अलग पहचान हासिल किया जा सकता है। फुटबॉल खेल प्रतियोगिता के दौरान मुख्य रूप से विद्यालय के शिक्षक चंद्रधारी प्रसाद, प्रियंका कुमारी, जय नारायण मेहता, प्रदीप पांडेय, खेमलाल विश्वकर्मा, दिलीप कुमार कई लोग मौजूद थे।

#### अदाणी फाउंडेशन ने शुरू की निःशुल्क चिकित्सा वाहन सेवा, मरीजों को समय से मिलेगा इलाज

# अदाणी फाउंडेशन से लगातार मिल रहे हैं कई तरह के प्रशंसनीय सहयोग : प्रभारी चिकित्सा पदाधिकारी

### अदाणी फाउंडेशन का सेवा भाव अतुलनीय, अधिक से अधिक संख्या में लाभ लें ग्रामीण : अंचलाधिकारी

खबर मन्त्र संवाददाता

**बड़कागांव।** गोंदलपुरा खनन परियोजना के तहत अदाणी फॉउंडेशन ने शुक्रवार को ग्रामीणों के लिए निःशुल्क चिकित्सा वाहन सेवा की शुरूआत की। अंचलाधिकारी अमित किस्कू और प्रभारी चिकित्सा पदाधिकारी डॉ बीएन प्रसाद ने संयुक्त रूप से फीता काटकर और हरी झंडी दिखाकर इस चिकित्सा वाहन को रवाना किया। इस अवसर पर डॉक्टर प्रसाद ने कहा कि अदाणी फॉउंडेशन से लगातार कई तरह के सहयोग मिल रहे हैं, जो प्रशंसनीय हैं। उन्होंने कहा कि इससे पहले टीबी मरीजों को पोषण किट प्रदान किया गया, विभिन्न ग्रामीण इलाकों में लगातार फ्री हेल्थ कैम्प लगाए



**डॉक्टरी सुविधा, ऑक्सीजन सिलिंडर और दवाओं से लैस है चिकित्सा वाहन, गोंदलपुरा, हाहे, फुलांग, गाली, बलोदर और अंबाजीत के ग्रामीणों को मिलेगा लाभ**

जा रहे हैं और अब ये चिकित्सा वाहन शुरू हो रहा है, जिससे यहाँ के लोगों को काफी लाभ मिलेगा। उन्होंने इस नेक कार्य के लिए अदाणी फॉउंडेशन की टीम को धन्यवाद दिया। वही अंचलाधिकारी अमित किस्कू ने कहा कि अदाणी फॉउंडेशन का सेवा भाव अतुलनीय है, इसलिए सभी को मिलकर ऐसे सामाजिक हित के कार्यों को आगे बढ़ाया जाना चाहिए ताकि आम लोगों को अधिक से अधिक लाभ मिल सके। चिकित्सा वाहन पूरी तरह डॉक्टरी सुविधा, ऑक्सीजन सिलिंडर और दवाईयों से लैस है, जिसके माध्यम से बड़कागांव प्रखंड के गोंदलपुरा, हाहे, फुलांग, गाली, बलोदर और अम्बाजीत जैसे दूर-दराज क्षेत्रों में रहने वाले लोगों को काफी लाभ मिलेगा। चिकित्सा वाहन के माध्यम से प्राथमिक स्वास्थ्य संबंधी रोगों का उपचार प्रशिक्षित एमबीबीएस डॉक्टर, रजिस्टर्ड फार्मासिस्ट, रजिस्टर्ड नर्स के माध्यम से निःशुल्क चिकित्सा परामर्श एवं निःशुल्क दवाइयों का वितरण किया जाएगा। साथ ही खून की कमी की जांच, शुगर, बीपी, वजन और अस्थमा की जांच, मलेरिया, टाइफाइड एवं विभिन्न रोगों की निःशुल्क जांच की जाएगी। इसके अलावा बुखार, खांसी, जुकाम, बच्चों की दवाइयों, सेनेटरी नैपकिन, बच्चों को पेट के कीड़े मारने की दवा (अल्बेन्डाजोल), विटामिन सी तथा महिलाओं के अन्दर खून की कमी को दूर करने के लिए आयरन की दवा तथा सिरप भी निःशुल्क वितरण किया जाएगा। एक अनुमान के तहत एम्बुलेंस दो से तीन गांवों का प्रतिदिन भ्रमण करके करीब सौ मरीजों को स्वास्थ्य सम्बन्धी सुविधा दिलाएगी। कार्यक्रम में बड़कागांव के थाना प्रभारी विनोद तिर्की समेत बड़ी संख्या में ग्रामीण मौजूद थे।

एक नजर में

### जनसंपर्क अभियान में विनोद यादव व अन्य



खबर मन्त्र संवाददाता

**बरही।** 22 जनवरी को बरही में प्रस्तावित भारत जोड़ो यात्रा के तैयारी में वरिष्ठ कांग्रेस नेता विनोद कुमार यादव के नेतृत्व में कांग्रेस पार्टी का विशेष प्रतिनिधि मंडल तूफानी जनसंपर्क अभियान के तहत लोगों से संपर्क साधने में जुट गई है।कांग्रेसियों का जत्था विनोद कुमार यादव के नेतृत्व में बरही प्रखंड के अंतर्गत पंच माधव पंचायत धनवार पंचायत रानी चुआं पंचायत मलकोको पंचायत समेत अन्य क्षेत्रों में घर घर जाकर लोगों से मिलकर एवं भारत जोड़ो यात्रा के उद्देश्य के बारे में लोगों को विस्तार से बताया। बताते चलें कि भारत जोड़ो यात्रा भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस द्वारा शुरू किया गया एक जन आंदोलन है, जिसका उद्देश्य नई दिल्ली में भाजपा के नेतृत्व वाली केंद्र सरकार की कथित विभाजन कारी राजनीति के खिलाफ देश को एकजुट करना है। उक्त जानकारी कांग्रेस कार्यालय प्रभारी नरेश सिंह ने दी है। जनसंपर्क अभियान में कांग्रेस प्रतिनिधिमंडल में शामिल वरिष्ठ कांग्रेस नेता विनोद कुमार यादव, प्रखंड बीस सूत्री अध्यक्ष इकबाल रजा, प्रखंड कांग्रेस उपाध्यक्ष यमुना यादव, कुणाल कतरियार, मोहम्मद वारिस समेत अन्य कांग्रेसी शामिल रहे।

#### निःशुल्क नेत्र परीक्षण शिविर का आयोजन 21 को

### शिविर में अधिक संख्या में पहुंचकर उठाएं लाभ : राजेंद्र प्रसाद



**बरही।** अफरोज चैरिटेबल ट्रस्ट द्वारा संचालित दृष्टि आई हॉस्पिटल चौपारण द्वारा विशाल निःशुल्क नेत्र परीक्षण शिविर का आयोजन प्रखंड के धनवार पंचायत स्थित पैक्स ऑफिस में 21 जनवरी को सुबह 10 बजे से 4 बजे तक किया जाएगा। इस बाबत धनवार मुखिया राजेन्द्र प्रसाद ने बताया कि नेत्र प्रशिक्षण शिविर में हर प्रकार के नेत्र समस्या का निशुल्क परामर्श एवं जांच किया जायेगा। साथ ही मोतियाबिंद एवं नाखूना का निःशुल्क ऑपरेशन भी किया जाएगा। शिविर का लाभ उठाने के लिए मोतियाबिंद के मरीजों के लिए आधार कार्ड, आयुष्मान कार्ड, वोटर कार्ड, राशन कार्ड, पैन कार्ड, ड्राइविंग लाइसेंस एवं फोन नंबर साथ में लाना अनिवार्य है। चयनित मोतियाबिंद मरीजों को निर्धारित तारीख को अस्पताल लाया जाएगा, उनका अगले दिन मोतियाबिंद का ऑपरेशन किया जाएगा। चयनित मोतियाबिंद मरीजों के आने-जाने, रहने और खाने की निशुल्क व्यवस्था होगी। आधुनिक पद्धति द्वारा विदेशी लेंस लगाने की सुविधा भी इस शिविर में माध्यम से चयनित मरीजों को दी जाएगी। मुखिया राजेन्द्र प्रसाद ने ग्रामीणों को एक दूसरे से संपर्क कर नेत्र मरीजों से शिविर मे आकर अपना इलाज कराने की अपील किया है।

## विद्यालय प्रबंधन समिति की बैठक में उपस्थित हुए विधायक

### प्रबंधन समिति को दिये जरूरी दिशा निर्देश



खबर मन्त्र संवाददाता

**पदमा।** प्रखंड अंतर्गत ग्राम सरैया के राजकीय उत्क्रमित उच्च विद्यालय के प्रांगण में विद्यालय प्रबंधन समिति की बैठक बरही विधायक सह सभापति निवेदन समिति उमाशंकर अकेला यादव के अध्यक्षता में हुई, बैठक का संचालन सहायक शिक्षक संदीप कुमार ने किया। इस अवसर पर विद्यालय के सचिव श्रीमती मनीषा कुमारी, पदमा प्रखंड विधायक प्रतिनिधि अनिल मेहता , 20 सूत्री अध्यक्ष संजय कुमार यादव सुरैया पंचायत मुखिया शांति देवी पदमा प्रखंड के उप प्रमुख सत्येंद्र राणा विद्यालय में पढ़ने वाले छात्रों के अभिभावक, विद्यालय के सभी शिक्षक एवं शिक्षिकाएं, एवं समाज के गणमान्य लोग उपस्थित थे।

## हरिनाथ तिवारी का धरना प्रदर्शन हुआ समाप्त



खबर मन्त्र संवाददाता

**टाटीझरिया।** अटका, बगोदर निवासी हरिनाथ तिवारी ,अपने मृत पुत्र संजीत तिवारी के मृत्यु प्रमाण पत्र प्राप्त करने के लिए धरना प्रदर्शन किया। दिनभर धरना पर बैठने के बाद बीडीओ,थाना प्रभारी और जनप्रतिनिधियों ने उन्हें यह आश्वस्त किया कि जितना जल्द हो सकेगा,मृतक का मृत्यु प्रमाण पत्र उपलब्ध करा दिया जाएगा। बीडीओ साइनी तिग्गा और थाना प्रभारी जितेंद्र कुमार ने कहा इनका डीएनए टेस्ट होगा और बरामद कंकाल के डीएनए टेस्ट रिपोर्ट के बाद मृत्यु प्रमाण पत्र निर्गत कर दिया जाएगा।

इस कार्य में श्री तिवारी जी के सहयोग की आवश्यकता है। लिखित आश्वासन के बाद धरना समाप्त करवाया गया। मृतक के पिता ने कहा कि मुझे जल्द न्याय नही मिला तो मैं पुनः आमरण अनसन पा बैठूंगा। बताते चलें कि पूर्व प्रकाशित अखबारों में बेड़म के जंगल में दो नरकंकाल मिला था। जिसमें एक उमेश मंडल और दूसरा संजीत तिवारी के रूप में परिजनों ने पहचान किया गया। संजीत के कंकाल को उसके पिता को पोस्टमार्टम के बाद सौंपा गया था। जब वे बाद में अपने मृत पुत्र का मृत्यु प्रमाण पत्र के लिए आवेदन दिया तो इन्हे प्रमाण पत्र नहीं दिया गया।प्रखंड प्रशासन ने जिला को ,जिला ने प्रदेश सांख्यिकी विभाग को पत्राचार कर दिशा निर्देश मांगा।

### सरस्वती पूजा व गणतंत्र दिवस को लेकर बड़कागांव थाना में शांति समिति की बैठक

**बड़कागांव।** थाना प्रांगण में सरस्वती पूजा एवं गणतंत्र दिवस मनाने को लेकर शांति समिति की बैठक हुई। इसकी अध्यक्षता व संचालन थाना प्रभारी विनोद तिर्की ने किया।मौके पर मुख्य अतिथि जिप सदस्य सुनीता देवी ने कहा कि शराब पर अंकुश लगाया जाए ,विसर्जन का समय निर्धारित किया जाए ,भद्दी गीत एवं ठेस पहुंचाने वाले गीत नहीं बजाया जाए।उप प्रमुख बचनदेव कुमार ने कहा कि प्रखंड शिक्षा प्रसार पदाधिकारी स्कूलों के प्रधानाध्यापकों से बैठक कर पूजा ,झंडोत्तोलन एवं विसर्जन के लिए समय का निर्धारण किया जाए।मौके पर पसस प्रभु राम, मुखिया संघ का अध्यक्ष रंजीत कुमार मेहता, काँड़तरी मुखिया पारसनाथ प्रसाद,मुखिया प्रतिनिधि भीखन महतो, मुखिया प्रतिनिधि अजीत महतो, रामसेवक सोनी,दीपन साव,शाहजाद आलम, डोमन राम ,रघुनाथ राम,इन्द्रदेव नायक,सतीश दास,किशोर राणा,सुरेश महतो, संतोष कुमार राणा,मानेश्वर राम, समाजसेवी सुरेश सोनी, सोनू इराकी आदि शामिल थे।

## अवैध बालू कारोबार से लाखों रुपये के राजस्व का नुकसान : विष्णु कुमार

### अवैध बालू खनन व कारोबार को ले भाकपा ने पतरातू सीओ को सौंपा ज्ञापन

खबर मन्त्र संवाददाता

**भुरकुंडा (रामगढ़)।** भारतीय कम्युनिस्ट पार्टी ने अवैध बालू खनन व कारोबार को ले शुक्रवार को अंचल अधिकारी पतरातू को ज्ञापन सौंपा। सौंपे गये ज्ञापन के माध्यम से भाकपा के जिला सचिव कामरेड विष्णु कुमार ने कहा कि राज्य सरकार द्वारा बालू खनन व उठाओ पर पूरी तरह रोक है बावजूद इसके कारोबारी प्रशासन के आंख के नीचे से काम करती नजर आ रही है।



ज्ञापन सौंपने जाते भाकपा के लोग।

उन्होंने कहा कि बालू कारोबारियों द्वारा करोड़ों रुपयों की उगाही की जा रही है।इससे सरकार को करोड़ो रुपए के राजस्व का नुकसान हो रहा है। श्री कुमार ने कहा है कि आए दिन क्षेत्र में कारोबारी बेखौफ होकर बालू उत्खनन कर उठाव का कार्य कर रहे हैं। भाकपा ने ज्ञापन के माध्यम से अंचल अधिकारी से अवैध खनन पर रोक लगाने, बालू घाटों पर निरंतर पेट्रोलिंग कराने की मांग की है। ज्ञापन सौंपने वालो में भाकपा जिला सचिव कॉ. विष्णु कुमार, अंचल सचिव मनोज कुमार महतो, बलकुदरा शाखा सचिव मनोज पहान, संतोष मुंडा, मोहम्मद अंसारी, सुनील सिंह, रवि मुंडा, यदुराज मुंडा, सनी मुंडा आदि शामिल थे।

### कटकमदाग थाना परिसर में शांति समिति की बैठक

**कटकमदाग।** प्रखंड के कटकमदाग थाना परिसर में सरस्वती पूजा को लेकर शांति समिति के बैठक का आयोजन किया गया। बैठक की अध्यक्षता अंचल अधिकारी कटकमदाग शशि भूषण सिहं ने किया ।लोगों से शांतिपूर्ण तरीके से सरस्वती पूजा मनाने के अपील वही कटकमदाग थाना प्रभारी धंनजय कुमार प्रजापति ने कहा की सभी पूजा कमेटी से डीजे पर प्रतिबंध रूठ चाट तौयार करें पूजा के बाद अगले दिन समय को ध्यान में रख कर करे प्रतिमा विसर्जन का निर्देश वही इस्पेक्टर उतम तिवारी ने दिया कई निंदेश बैठक में लोगों को कहा माँ सरस्वती पूजा अर्चना कर शांतिपूर्ण तरीके से मनाये लोगों को प्रतिमा विसर्जन मे आपसी तालमेल के साथ रुठ चाट बनाकर रखें ताकि कोई परेशानी नही हो वही पुलिस प्रशासन की नजर सभी कमिटी पर रहेगी मुस्तैद ।मौके पर उपस्थिति कटकमदाग बीस सूत्रीसुनील कुमार ओझा प्रमुख कुमारी बिनीत दिपक सिह उपप्रमुख विमल गुप्ता मुखिया मधु रानी राजेश गुप्ता कल्लू राम परमेश्वर गोप राजू यादव विनय सिह सुधीर पाण्डेय अख्तर नुरी सभी पंचायत प्रतिनिधि उपमुखिया पंचायत समिति सदस्य समाज सेवी संस्था इत्यादि।

## पटेल चौक के पास ट्रक से टकराकर बस पलटी



डेढ़ दर्जन यात्री घायल

मौके पर पहुंचे सांसद।

खबर मन्त्र संवाददाता

**रामगढ़।** पटेल चौक के निकट शुक्रवार को एक बस के पलट जाने से उसपर सवार कई यात्री घायल हो गये। इस संबंध में बताया गया कि शुक्रवार को यात्रियों को लेकर बिहार के गया से महारानी नामक बस संख्या बीआर2ए 1051 आ रही थी। बस के पटेल चौक पहुंचने पर विपरित दिशा से आ रहे एक ट्रक से उसकी टक्कर हो गई। जिससे बस पलट गई। दुर्घटना में लगभग डेढ़ दर्जन यात्री घायल हो गये। घटना की जानकारी मिलने पर गिरिडीह सांसद चंद्रप्रकाश चौधरी मौके पर पहुंचे और घायल यात्रियों को अस्पताल भिजवाने में मदद किया। उन्होंने कहा कि इस तरह की दुर्घटनाएं तकनीकी कारणों से यहां होती रहती है। जिसपर एनएचएआई को ध्यान देने की जरूरत है। कहा कि तकनीकी गड़बड़ियों को दूर करने से दुर्घटनाएं रूक सकती हैं।

## पाइप चोरी कर रहे दो चोरों को सुरक्षा गश्ती दल ने पकड़ा, कुजू पुलिस को सौंपा

खबर मन्त्र संवाददाता

**कुजू।** कुजू ओपी क्षेत्र के सीसीएल तोपा परियोजना के खुली खदान से दो चोरों को पाइप चोरी करते हुए सुरक्षाकर्मियों गुरूवार की रात धर दबोचा। बाद में उनको कुजू पुलिस को सौंप दिया। जानकारी के अनुसार खदान के पास के सुरक्षाकर्मी टुनटुन बेसरा व श्यामल मंडल को खदान से डिवाटरिंग के लिए मोटर पंप में लगाए गए पाइप के काटे जाने की भनक। इस पर उन्होंने तत्काल इसकी सूचना तोपा परियोजना सुरक्षा प्रभारी रामप्रसाद बेदिया को दी। सूचना पाकर उन्होंने गश्ती दल को जानकारी देते हुए तत्काल सुरक्षाकर्मियों के साथ खुली खदान पहुंचे। जहां पाइप चोरी कर रहे चोर सुरक्षा कर्मियों को देकर भागने लगे।



पकड़े गये चोर।

सुरक्षा कर्मियों ने दौड़ाकर दो चोर को धर दबोचा। पकड़े गये चोर में मो.फिरोज(32वर्ष) पिता स्व शफीउल्लाह व शाहबुद्दीन अंसारी (40वर्ष) पिता रमजान मियां दोनों हुआग निवासी है। मौके पर क्षेत्रीय गश्ती दल के हेमंत सिंह, मुकेश कुमार, मनीष कुमार,बिगल करमाली, लालचंद महतो, शिवलाल महतो, विनोद मांझी, बिट्टू सिंह सहित अन्य सुरक्षाकर्मी शामिल थे।

### झरपो के पांच वर्षीय बच्चा है वेल्लोर में भर्ती, माता-पिता ने लगायी मदद की गुहार

**टाटीझरिया।** प्रखंड क्षेत्र के सुभाष राणा पिता कामेश्वर राणा झरपो निवासी के 5 वर्षीय पुत्र का तबीयत अचानक खराब हो गया। बेहतर इलाज के लिए श्री राणा ने अपने पुत्र को आनन फानन में भेलौर ले गये जहां चिक्तिसक ने उनके पुत्र को ब्लड केंसर निकाल दिया। घटना की जानकारी पीड़ित परिवार के परिजन झरपो निवासी उमाशंकर राणा ने दिया और कहा कि वे गरीबी रहने के कारण वे अपने बच्चे का इलाज करवाने से असमर्थ है। विवश होकर श्री राणा ने विधायक, नेता मंत्रियों आम जनता से मदद की गुहार लगाते हुए रइक बैंक खाता संख्या - 20216569531 आइएफएससी - एसबीआइएन0006233 फोन पे नम्बर-7981205150, यूपीआइ-79815150@वाइबीएल साझा किया है। उन्हें यथाशक्ति सहयोग राशि देकर बच्चे की बेहतर इलाज के लिए सहायता किया जा सकता है।

## सीसीएल त्रिपक्षीय सुरक्षा समिति की बैठक, आग पर काबू पाने को दिये कई निर्देश

खबर मन्त्र संवाददाता

**कुजू।** सीसीएल त्रिपक्षीय सुरक्षा समिति की बैठक शुक्रवार को सीसीएल कुजू महाप्रबंधक कार्यालय के सभागार में आयोजित की गई। बैठक में मुख्य रूप से निदेशक माइंस सेफ्टी साउथ ईस्टर्न जोन रांची के अफताब अहमद, उपनिदेशक माइंस सेफ्टी आरपी ठाकुर, दक्षिणी पूर्वी जोन रांची के उपनिदेशक माइंस सेफ्टी (विद्युत) विनीत चौरसिया तथा यांत्रिक विभाग के रविन्द्र बुंथा,



बैठक में मौजूद अधिकारी।

सीसीएल मुख्यालय के जीएम (सेफ्टी) आरके सिन्हा, माइनिंग सीनियर मैनेजर सीबी प्रसाद, एज्जास मोहम्मद, हनुमंत राव शामिल हुए। बैठक का शुभारंभ सीआईएल के कॉर्पोरेट गीत के साथ किया गया। कार्यक्रम के दौरान संचालन कर रहे कुजू क्षेत्रीय सुरक्षा पदाधिकारी संजय कुमार सिंह ने 5 साल के दौरान कुजू क्षेत्र की सुरक्षा व्यवस्था एवं उत्पादन से जुड़ी जानकारी दी। बैठक में मौजूद क्षेत्रीय सुरक्षा सलाहकार समिति के सदस्यों एवं शिक्षा अधिकारियों ने खान सुरक्षा से जुड़ी जानकारी साझा किया। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए डीएमएस आफताब अहमद ने भूमिगत आग से प्रभावित बंद पड़ी कुजू कोलियरी खदान एवं तोपा कोलियरी के श्री सेंटर क्वायरी का वैज्ञानिक सर्वेक्षण कराकर आग पर काबू पाने का निर्देश दिया। मौके पर करमा पीओ पवन कुमार, एसओपी एमएफ हक, तोपा पीओ मनीष कुमार, ओपी सिंह, एमके सिंह, संतोष कुमार, प्रशांत प्रियदर्शी, आशुतोष कुमार, अजीत कुमार सिंह, परशुराम सिंह, आरके यादव के अलावे क्षेत्रीय सुरक्षा सलाहकार समिति के सदस्य रामभजन लाल महतो, डीके वर्मा, उमेश साव, भोला रवानी, बोधन मांझी, वाहिद अंसारी मौजूद रहे।

### अवैध कोयला को लेकर चला बड़कागांव पुलिस का डंडा

**बड़कागांव।** बड़कागांव पुलिस द्वारा क्षेत्र में अवैध कोयला खनन एवं ढुलाई के विरुद्ध छापामारी तेज कर दी गई है। इसी आलोक में बीती रात पसरिया घाटी से अवैध कोयला लदा दो ट्रैक्टर जप्त किया गया। बड़कागांव थाना कांड संख्या 30/ 23 धारा 414, 34 भादवी 30 (2) कोल माइन्स एक एवं 33 वन अधिनियम के तहत दोनों ट्रैक्टर मालिक एवं चालक सहित दो-तीन अन्य लोगों के विरुद्ध मामला दर्ज किया गया है। छापामारी अभियान में थाना प्रभारी विनोद तिर्की, एसआई अभय कुमार एवं सशस्त्र पुलिस बल के जवान शामिल थे। वहीं दूसरी ओर थाना क्षेत्र के बादम-रूदी जंगल के रहरिया टांड़ से डंप किया गया लगभग 10 टन कोयला जप्त किया गया। जप्त कोयले को बड़कागांव थाना लाया गया।

## स्पीड न्यूज

### थाना में जब्त अवैध बालू लदे ट्रैक्टर को लेकर माफिया फरार



**सेन्हा-लोहरदगा।** अवैध बालू लोडडे ट्रैक्टर को पुलिस जब्त कर एकागुड़ी पथ से थाना ला रही थी परंतु बालू माफिया बेखौफ सक्रिय होने का परिचय देते हुए पुलिस से जब्त वाहन को छीन फरार हो गये। लोहरदगा जिला में बालू माफिया का बोलबाला सातवें स्थान पर जिसपर पुलिस द्वारा लगतार कार्रवाई किया जा रहा है। उसी दरमियान एक सेन्हा थाना क्षेत्र के एकागुड़ी से प्राप्त हो रहा है।अवैध बालू खनन व परिवहन की गुप्त सूचना सेन्हा थाना प्रभारी धनंजय कुमार पासवान को मिला था। जिसपर त्वरित कारवाई करते हुए छापेमारी टीम गठित कर अवैध बालू खनन व परिवहन के विरुद्ध कारवाई के लिए टीम को रवाना किया गया। जहाँ छापेमारी के दौरान गठित टीम द्वारा एक ट्रैक्टर को जब्त कर सेन्हा थाना लाया जा रहा था। बालू माफिया बेखौफ सक्रिय होने का परिचय देते हुए। डब्लू बी 02 डी 1999 एट हंड्रेड कार से चार लोग आए और ट्रैक्टर के आगे अपनी गाड़ी खड़ा कर जप्त ट्रैक्टर पुलिस को नीचे उतार कर धक्का मुक्की करते हुए ट्रैक्टर को लेकर भागने में सफल रहे। परंतु पुलिस ने कार को जब्त कर चार लोगों के विरुद्ध कारवाई में जुट गई है। थाना प्रभारी धनंजय कुमार पासवान ने धक्का मुक्की की बात का पुष्टि नहीं कर रहें हैं। उन्होंने कहा जब्त ट्रैक्टर को थाना लाने के क्रम में ट्रैक्टर पर बैठे पुलिस को नीचे उतार कर बालू माफिया द्वारा ट्रैक्टर को भगाने का कार्य किया गया है। जिसके विरुद्ध कारवाई किया जा रहा है।

### कंप्यूटर प्रशिक्षण केंद्र खुला



**लोहरदगा।** वित्त विभाग, योजना एवं विकास विभाग, वाणिज्यकर विभाग तथा खाद्य, सार्वजनिक, वितरण एवं उपभोक्ता, मामले विभाग मंत्री डॉ रामेश्वर उरांव ने शुक्रवार को एससीए योजना मद से अधिष्ठापित डॉ एपीजे अब्दुल कलाम कम्प्यूटर प्रशिक्षण केंद्र, लोहरदगा का लोकार्पण किया गया। नवनामांकित छात्र-छात्राओं से मंत्री डॉ रामेश्वर उरांव ने एक-एक कर मुलाकात की। मंत्री ने कहा कि एससीए योजना मद से डॉ एपीजे अब्दुल कलाम कम्प्यूटर प्रशिक्षण केंद्र का संचालन प्रारंभ कर जिला प्रशासन के द्वारा बहुत ही सराहनीय किया गया है। इस प्रशिक्षण का यहां के छात्र-छात्राओं को बहुत फायदा मिलेगा। आज शिक्षा के साथ-साथ कम्प्यूटर का ज्ञान भी बहुत जरूरी है। इससे ना सिर्फ रोजगार मिलेगा, बल्कि गरीबी भी दूर होगी। इस मौके पर एसडीओअरविंद कुमार लाल, जिला योजना पदाधिकारी अरूण सिंह, जिला सूचना विज्ञान पदाधिकारी आकाश सिंह, विधायक प्रतिनिधि नीशीथ जायसवाल, कम्प्यूटर प्रशिक्षक रत्नप्रभा समेत सभी छात्र-छात्राएं समेत अन्य गणमान्यजन उपस्थित थे।

### सूखाड़ राहत के लिए सत्यापन



**कैरो।** मुख्यमंत्री सूखाड़ राहत योजना के तहत लाभान्वित होने वाले किसानों का भौतिक सत्यापन को लेकर शुक्रवार को प्रखंड तकनीकी प्रबंधक अमरेंद्र प्रसाद वर्मा ने प्रखण्ड के गुड़ी पंचायत अंतर्गत नगड़ा के वैसे लाभुक जिन्होंने अपना आवेदन जमा किया है वैसे किसानों के खेत मे जाकर जांच किया व किसानों से धान फसल के बारे में जानकारी लिया ।मौके पर कई किसान व पंचायत मुखिया ने बताया कि इस बार अधिकांश किसानों का रोपा भी नही हो सका और जिन किसानों ने कर्ज और उधारी में पूंजी लेकर किसी तरह कुँवा, नदी से सिंचाई कर विचड़ा की रोपाई किए किन्तु उनका भी पैदावार नही हो सका जिस कारण आज के समय मे किसानों के पास गंभीर समस्या बन गई है। किसान दसई उरांव, सोमरा उरांव सहित दर्जनों किसानों का कहना है कि सरकार द्वारा मदद करने के नाम पर आवेदन जमा तो ले लिया गया है किंतु अगर समय पर उसका भुगतान ही नही होगा तो हमारे सामने पलायन के अलावे और कोई दूसरा विकल्प नहीं दिखाई दे रहा है।

### किसानों के मोटर और पाइप की चोरी

**कैरो।** थाना क्षेत्र में बीते कई सप्ताह से चोरों का आतंक जोरो पर है। जिसके कारण सबसे ज्यादा परेशानी क्षेत्र के किसानों को उठाना पड़ रहा है, किसान मेहनत मजदूरी व कर्ज लेकर किसी तरह सिंचाई पम्पसेट, मोटर, पाइप की व्यवस्था करते हैं और घर से दूर नदी, तालाब, कुँवा के माध्यम से दो जून की रोटी और परिवार के भरण पोषण के लिए कृषि कार्य करते हैं किंतु पिछले कई सप्ताह से किसान के खेत व सिंचाई स्थलों से चोरों द्वारा किसी का मोटर पमसेट तो किसी का पाइप का चोरी कर ले जाना आम बात बन गई है। मिली जानकारी अनुसार से पिछले दिनों हुदू गांव से कई मोटर चोरी हो गया वहीं खरता से गरीब किसान का चार सौ फीट फीता चोरी हो गया। हनहट पंचायत के मुखिया ने बताया कि लगातार चोरी होने से जहाँ एक तरफ कृषि कार्य मे परेशानी हो रही है वहीं दूसरी तरफ किसानों का आर्थिक नुकसान का सामना करना पड़ रहा है जिसे लेकर कहीं न कहीं पुलिस प्रसासन के ऊपर सवाल उठ रहा है कि आखिर क्या कारण है कि किसान त्रस्त हैं और चोर उच्चके मस्त हैं। अगर पुलिस प्रसासन चौकस होती क्षेत्र में दिन और रात में गश्ती होती तो निश्चित रूप से असामाजिक लोगों में भय होता।

### कुश्ती प्रशिक्षण सह कार्यशाला

**भंडरा ।** युवा सद्भावना मंच भंडरा के द्वारा कस्तूरबा गांधी आवासीय बालिका विद्यालय भंडरा परिसर में रेसलिंग प्रशिक्षण कार्यशाला का आयोजन किया गया। इस प्रशिक्षण का उद्घाटन बीडीओ रंजीत कुमार सिन्हा के द्वारा किया गया। प्रशिक्षण कार्यशाला में प्रशिक्षक महादेव उरांव के द्वारा लाल बहादुर शास्त्री प्लस टू विद्यालय भंडारा, प्रोजेक्ट बंसीधर कन्या उच्च विद्यालय भंडरा, मॉडल विद्यालय भंडरा एवं कस्तूरबा गांधी बालिका आवासीय विद्यालय के छात्र छात्राओं को कुश्ती लड़ने या कुश्ती का तैयारी करने का प्रशिक्षण दिया गया। इस मौके पर प्रशिक्षक के द्वारा कई तरह की बारीकी, कुश्ती लड़ने के बारे में बताया गया ।मौके पर लाल बहादुर शास्त्री के शारीरिक शिक्षक दुर्गा प्रजापति,मतिउला परवेज, वार्डन लीना एक्का, पंचायत सचिव रऊफ अंसारी सहित कस्तूरबा गांधी बालिका आवासीय विद्यालय के अन्य शिक्षक उपस्थित थे।

# खेल में रोजगार की असीम संभावना : डॉ उरांव

- मंत्री ने किया राज्य स्तरीय एथलेटिक्स मीट का उद्घाटन
- तीन दिवसीय प्रतियोगिता में 600 से अधिक खिलाड़ी लेंगे भाग

**खबर मन्त्र संवाददाता**



**लोहरदगा।** जिला एथलेटिक्स एसोसिएशन लोहरदगा के तत्वावधान में तीन दिवसीय राज्य स्तरीय एथलेटिक्स मीट का शुक्रवार को आगाज हुआ। स्थानीय ललित नारायण स्टेडियम में डॉ रामेश्वर उरांव वित्त एवं खाद्य आपूर्ति मंत्री झारखंड सरकार ने खेल ध्वज फहराकर किया। इस अवसर पर मंत्री डॉ रामेश्वर उरांव ने कहा कि खेलकूद से शारीरिक क्षमता का विकास होता है साथ ही साथ कैरियर भी बनता है। लोहरदगा जिला में 1951 से खेल कूद का आयोजन है किया जा रहा है। स्वर्गीय शिव प्रसाद साहू खेल को बढ़ावा देने के लिए हमेशा प्रयासरत रहते थे।

शिव प्रसाद साहू के खेल प्रति योगदान की प्रशंसा करते हुए उनके साथ बिताए गए अनुभवों को साझा किए, मुझे उनका सदैव मार्गदर्शन मिलता रहता था। उन्होंने बताया कि खेलकूद को दिखलाने का प्रथम प्रयास मार्च पास्ट होता है। इसे और भी आकर्षक ढंग से प्रस्तुत करने की आवश्यकता है ताकि लोगों को खेल के प्रति सकारात्मक प्रभाव पड़ सके।

आयोजन समिति के पूर्व सचिव स्वर्गीय रशीद खान को भी याद करते हुए बताया कि काफी मेहनत करते थे उनके कार्यों को वर्तमान सचिव सुखैर भगत अभियान के रूप में लेकर आगे बढ़ा रहे हैं, जो प्रशंसा के पात्र हैं। आयोजन समिति के कोषाध्यक्ष संजय साहू ने बतलाया कि आज इस मैदान में 66 वां एथलीट मीट का शुभारंभ किया गया। यह आयोजन झारखंड के खिलाड़ियों के लिए मील का पत्थर साबित हो रहा है। यहां के आयोजन से सफल होकर खिलाड़ी राष्ट्र का नाम रौशन कर रहे हैं, साथ ही सरकार के विभिन्न पदों को सुशोभित भी कर रहे हैं। स्वागत भाषण सह विषय प्रवेश कराते हुए आयोजन समिति के सचिव सूखैर भगत ने बतलाया की आयोजक द्वारा खिलाड़ियों के लिए हर सुविधा मुहैया कराया जाएगा।मार्च पास्ट में गणेश स्पोर्ट्स क्लब गुमला, खेलारी रांची, पलामू जिला, बिरसा एकेडमी गुमला, लक्ष्य फिजिकल अकेडमी गुमला, धूमकुरिया किसको लोहरदगा, नवाटांर रांची, एन ए सी सी धुर्वा रांची, कोडरमा जिला, हजारीबाग जिला, एसए आई धुर्वा रांची, डीबी मोराबादी रांची, डिफेंस एकेडमी लोहरदगा, जिला एथलेटिक्स एसोसिएशन ने मार्च पास्ट में भाग लिया। अजय प्रसाद के नेतृत्व में तैयार ड्रिल को उर्सलाइन कान्वेंट बालिका उच्च विद्यालय की छात्राओं ने खूबसूरत प्रस्तुत किया।इस अवसर पर मुख्य रूप से एसबीआई के प्रबंधक नीरज शाह, अनुसूचित जाति जनजाति आयोग के पूर्व सदस्य डॉ दिवाकर मिंज, सांसद प्रतिनिधि अशोक यादव, संजय बर्म्मन, निशिथ जयसवाल, अजय शाहदेव, हाजी शकील अहमद,कमल केसरी, अरुण राम, राहुल कुमार, अजय प्रसाद, सजित लकड़ा, नसीम अख्तर, मुरारी गोस्वामी, आलोक साहू, विनय उरांव, सुनील साहू, यूनुस अंसारी सहित अन्य उपस्थित थे।

# सड़क सुरक्षा नियमों का करें पालन : डीसी

**स्टेकहोल्डर के साथ सेमिनार में दुर्घटनाओं में कमी पर की चर्चा**

**खबर मन्त्र संवाददाता**




**गुमला।** उपायुक्त सुशांत गौरव की अध्यक्षता में सड़क सुरक्षा सप्ताह 2023 के तहत स्टेकहोल्डर के साथ सेमिनार आयोजन कर सड़क दुर्घटनाओं में कमी लाने हेतु विचार विमर्श किया गया।

उपायुक्त ने स्टेकहोल्डर को सड़क सुरक्षा तथा यातायात के नियमों के विषय में विस्तार से जानकारी दी तथा यह भी बताया कि हम सब की नैतिक जिम्मेदारी है कि सड़क दुर्घटना के नियंत्रण के लिए सड़क सुरक्षा से संबंधित नियमों का पालन करें और अपने आसपास के लोगों को यातायात नियमों के प्रति जागरूक करें। यातायात नियमों का पालन सभी के लिए महत्वपूर्ण है। जिससे सड़क दुर्घटना में कमी लाया जा सके। उपायुक्त ने जिला परिवहन विभाग द्वारा सड़क सुरक्षा जागरूकता अभियान के तहत विद्यालयों में बच्चों को जागरूक करने के निरंतर कार्य की सराहना की एवं उन्होंने बताया कि बेहतर भविष्य के निर्माण में भावी पीढ़ी को जागरूक करना बेहद ही आवश्यक कड़ी है।

बच्चों को जागरूक करने से वे स्वयं भी जिम्मेदार बनेंगे साथ ही उनके अभिभावकों को भी यातायात नियमों का पालन करने हेतु विवश करेंगे। उपायुक्त ने बेहतरीन अभिभावकों को पुरस्कृत करने की बात कही। सड़क सुरक्षा जागरूकता अभियान के तहत विद्यालयों में बच्चों के बीच क्विज प्रतियोगिता हुआ । विजेताओं को उपायुक्त ने सम्मानित किया । मौके पर परिवहन पदाधिकारी, ट्रक एसोसिएशन, बस एसोसिएशन, ऑटो एसोसिएशन, सभी टू व्हीलर एवम फोर व्हीलर शोरूम, सभी पेट्रोल पंप एसोसिएशन से आग्रह किया कि सड़क सुरक्षा तथा परिवहन के नियमों के सभी मानक को पूर्ण कर ही वाहन परिचालन करें। मौके पर जिला परिवहन पदाधिकारी विजय सिंह बिरवा, सार्जेंट मेजर प्रणव कुमार, बस एसोसिएशन सभी टू व्हीलर ,फोर व्हीलर सभी पेट्रोल पंप एसोसिएशन राजकीय पथ प्रमंडल , कार्यपालिका अभियंता, निदेशक, कार्यपालक अभियंता राष्ट्रीय उच्च पथ प्रमंडल समेत कई लोग उपस्थित थे।

### घाघरा में हिंडालको ने 55 टीवी मरीजों को दिया पोषण किट



**घाघरा।** सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र घाघरा में हिंडालको सीएसआर के तहत टीवी मरीजों के बीच शुक्रवार को पोषण आहार किट का वितरण किया गया। सिविल सर्जन राजू कच्छप ने हिंडालको प्रबंधन का आभार प्रकट करते हुए कहा कि इनके सहयोग से टीवी के मरीजों के बीच पोषण आहार किट का वितरण किया जा रहा है। उन्होंने कार्यक्रम में टीवी मरीजों को टीवी के लक्षण, इसके विस्तार एवं रोकथाम पर विस्तार पूर्वक जानकारी दी। उन्होंने बरती जाने वाले सावधानियों को अपनाने पर बल दिया। दवा रोधी के साथ पोषण आहार ससमय लेने का अनुरोध किया। उन्होंने पुरुषों से भी नशा पान बिल्कुल ना करने की हिदायत दी तभी टीवी से मुक्त होने में मदद मिलेगी। उन्होंने बताया कि टीवी हवा के माध्यम से फैलता है जो स्वस्थ व्यक्ति को भी प्रभावित कर सकता है। इसी फैलाव की कड़ी को रोकना ही तथा टीवी से मृत्यु दर कम करना ही हमारा प्रमुख लक्ष्य है। वहीं मौजूद हिंडाल्को के महाप्रबंधक राजेश रंजन अंबष्ठा ने कहा कि हिंडालको अपने सीएसआर के माध्यम से सदैव लोगों की सेवा करता रहा है। उन्होंने कहा कि हम स्वास्थ्य, शिक्षा के साथ साथ समाज के कल्याण एवं विकास के लिए सदैव तत्पर हैं। घाघरा सीओ प्रणव ऋतुराज ने कहा कि मानसिक रूप से मजबूत होकर टीवी से लड़ें, हिम्मत रखें, दवा के साथ साथ पोषक आहार का भी नियमित रूप से सेवन करें । आप जल्द ठीक हो जाएंगे।

### गुमला जिले के प्राकृतिक स्थलों को डिस्प्ले पर दिखाने की मांग



**गुमला।** मिशन बदलाव महिला जिला सचिव साय्यदा खातून ने डीसी के नाम आवेदन सौंपकर गुमला जिला के प्राकृतिक धरोहरों का शहर मुख्यालय में डिस्प्ले प्रदर्शित करने की मांग की। मौके पर साय्यदा खातुन ने कहा कि गुमला जिला में टूरिज्म की बहुत संभावनाएं हैं। शहर मुख्यालय में प्राकृतिक धरोहरों का डिस्प्ले प्रदर्शित किये जाने से बाहर से आने वाले लोगों में उसके प्रति आकर्षण बढ़ेगा और लोग उन स्थलों पर घूमने के लिए लालायित होंगे। इससे पर्यटन को बढ़ावा मिलेगा। साथ ही पर्यटक स्थलों में रोजगार का सृजन भी होगा। कई गरीब बेरोजगार रोजगार से जुड़ पाएंगे। उन्होंने उपायुक्त से इस दिशा में साकारात्मक पहल करने की अपील भी की। इस अवसर पर ग्लोरिया ज्योति किंडो उपस्थित थी।

### छात्राओं को मेनू के अनुसार गुणवत्ता युक्त भोजन दें : डीडीसी

**गुमला।** झारखंड शिक्षा परियोजना गुमला के सौजन्य से उप विकास आयुक्त हेमंत सती की अध्यक्षता में शुक्रवार को विकास भवन के सभागार में जिले के सभी कस्तूरबा गांधी आवासीय विद्यालय रसोईया का दक्षता निर्माण प्रशिक्षण संपन्न हुआ। डीडीसी ने कहा कि कस्तूरबा गांधी विद्यालय व झारखंड आवासीय विद्यालय सरकार की महत्वाकांक्षी योजना है। छात्राओं को बेहतर स्वास्थ्य व पोषण उपलब्ध करना जरूरी है। उन्होंने रसोईयों को पाकशाला में भोजन बनाने में प्रयुक्त होने वाले बर्तनों की विशेष रूप से सफाई करने की बात कही।

## गुमला में कामकाजी महिला के बच्चों के लिए बनेगा क्रेच

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**गुमला।** महिला एवं बाल विकास मंत्रालय भारत सरकार द्वारा 15वें वित्त आयोग के तहत 2021-22 से 2025-26 तक की अवधि में मिशन शक्ति योजना अंतर्गत उप योजना समर्थ के घटक के रूप में पालना कार्यक्रम का क्रियान्वयन किया जाना है। इसको लेकर में शुक्रवार को उपायुक्त सुशांत गौरव की अध्यक्षता में बैठक हुई। जिला समाज कल्याण पदाधिकारी सीता पुष्पा ने उक्त योजना के बारे में जानकारी दी। कामगार महिलाएं जो दिन भर बाहर कार्य करती हैं एवं उनके घरों में छोटे बच्चों के देखभाल के लिए कोई नहीं होते हैं। वैसे स्थिति में बच्चों की देखभाल एवं नौकरी के बीच में समन्वय बना कर कार्य कर पाना माताओं के लिए एक चुनौती पूर्ण कार्य होता है। माताओं के इस मानसिक तनाव की स्थिति को समझते हुए सरकार की ओर से पालना कार्यक्रम के तहत जिले एवं प्रखंड स्तरों में क्रेच का निर्माण किया जाएगा। इस क्रेच में 0 से 6 वर्ष तक के बच्चों को माताएं यहां छोड़ कर काम पर जा सकती हैं एवं क्रेच में उन बच्चों का घर की तरह देखभाल भी किया जाएगा।

# परीक्षा पर चर्चा को लेकर पेंटिंग प्रतियोगिता

**खबर मन्त्र संवाददाता**



**लोहरदगा।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की परीक्षा पर चर्चा से पूर्व लोहरदगा में बच्चों के बीच विशाल आर्ट एवं पेंटिंग प्रतियोगिता का आयोजन मनोहर लाल अग्रवाल विद्या मंदिर प्लस टू स्कूल में किया गया ।

प्रतियोगिता का उद्देश्य विद्यार्थी उत्सवपूर्ण और हल्के माहौल में अपनी परीक्षाएं दे सकें। कार्यक्रम में मुख्य रूप से लोकसभा सांसद सुदर्शन भगत,पूर्व विधानपार्षद प्रवीण सिंह, प्रांत संघ चालक सचिदानंद अग्रवाल, क्षेत्रीय चेंबर ऑफ कॉमर्स उपाध्यक्ष राजेश महतो, जिला सचिव राकेश सिन्हा,जिला अध्यक्ष भाजपा मनीर उराँव, एलजीएसएस के सचिव सी पी यादव अन्य गणमान्य लोग उपस्थित रहे।

कार्यक्रम की शुभारंभ भारत माता के चित्र पर माल्यार्पण ,दीपप्रज्वलन, एवं पुष्प अर्पित कर की गई।अतिथियों को अंगवस्त्र और पुष्पगुच्छ देकर किया गया। प्रतिभागी विद्यालय स्मृति चिन्ह देकर आभार जताया गया।

प्रतियोगिता में 500 से अधिक बच्चे शामिल हुए । प्रतियोगिता में एमबी डीएवी,शिला अग्रवाल विद्या मंदिर लोहरदगा, मनोहर लाल अग्रवाल विद्या मदिंर +2 विद्यालय ,ग्रेटर त्रिवेणी पब्लिक स्कूल ,केंद्रीय विद्यालय,मंजूरमति उच्च विद्यालय, शिशु विधा मंदिर लोहरदगा, एम एल ए महिला महाविद्यालय ने भाग लिया। विधालय के 9 और 10 एवं महाविद्यालय के 12 कक्षा तक के बच्चे शामिल हुए। प्रतियोगिता में प्रथम स्थान एमबी डीएवी की स्तुति राज सिंह ,द्वितीय स्थान मंजूमति विधालय के दिपक कुमार साहू,तृतीय स्थान मेघा कुमारी एमबी डीएवी ने प्राप्त किया।सांसद सुदर्शन भगत ने कहा कि प्रधानमंत्री मोदी जी को विधार्थियों से विशेष लगाव है और समय समय पर स्वयं बात करते हैं। इसबार उन्होंने इग्जाम वारियर्स पर किसी प्रकार का मानसिक दबाव न हो इसलिए परीक्षा से पूर्व उत्सव जैसा माहौल प्रदान करने की आग्रह सभी से की है। सभी लोगों की जिम्मेवारी है कि हम विधार्थियों को साकारात्मक एवं तनाव मुक्त वातावरण दें। दसवीं और बारहवीं के बच्चों का परिक्षा भविष्य के लिए एक दिशा तय करती है।और भविष्य बेहतर हो ऐसा मोदी जी की सदैव बेहतर प्रयास रहा है। प्रवीण सिंह ने कहा कि परीक्षा के पहले आत्मविश्वास को जागृत करना बहुत जरूरी प्रतियोगिता प्रतिस्पर्धा में मदद करती है। सचिदानंद अग्रवाल ने कहा कि आर्ट एवं पेंटिंग प्रतियोगिता हमें संस्कृति से जुड़ाव करने का माध्यम बनाता है। राजेश महतो ने कहा कि प्रतियोगिता में शामिल होने से बच्चे का आत्मविश्वास बढ़ता है। सीपी यादव ने कहा कि परिक्षा पर चर्चा एवं आर्ट प्रतियोगिता में सामूहिकता में भागीदारी बच्चों में राष्ट्र के प्रति एकता की भावना एवं उद्देश्य को जगाता है। कार्यक्रम के सह संयोजक पशुपति नाथ पारस, और दिलीप पटनायक, सजल कुमार व निर्णायक मंडली में देवानंद ,विनोद सोनी, हरिओम प्रजापति, अवनी वर्मा, सत्यकेतु प्रजापति,भी शामिल रहे।

**स्तुति राज सिंह अव्वल**

**परीक्षा को लेकर छात्र नहीं लें कोई दबाव, यह हमारा प्रयास : सांसद**

## एक नजर में

### घाघरा: भूमि विवाद के दो मामले निष्पादित



**घाघरा।** घाघरा थाना परिसर में शुक्रवार को थाना दिवस का आयोजन किया गया। जिसकी अध्यक्षता घाघरा अंचलाधिकारी प्रणव ऋतुराज ने की। इस क्रम में सीओ ने बताया कि थाना दिवस में जमीन विवाद से संबंधित छह मामलों की सुनवाई हुई। जिसमें दो मामलों को थाना स्तर से ही सुलझाया गया। साथ ही उन्होंने बताया कि अन्य चार मामलों को थाना प्रभारी के साथ ज्वाइंट रिपोर्ट बनाकर 107 व 144 धारा लगाकर अग्रेतर कार्रवाई की जाएगी। भूमि संबंधित अन्य विवादों को भी जो 107 और 144 के अंतर्गत नहीं आते हैं, उसे भी निष्पादन करने की दिशा में सुनवाई किया जा रहा है। जिससे फरियादियों को सुविधा के साथ समस्या का समाधान मिल रहा है। थाना प्रभारी अमित चौधरी ने बताया कि जरूरत के हिसाब से थाना दिवस का आयोजन प्रत्येक सप्ताह किया जाएगा। चूंकि भूमि संबंधी विवाद का निपटारा होने में काफी समय लग जाता है। उसे देखते हुए थाना थाना परिसर में ही थाना दिवस का आयोजन कर समस्या का निदान किया जा रहा है। काफी फरियादियों को इसका लाभ मिल रहा है। इस मौके पर एसआई प्रवीण कुमार, जेएसआई अरविंद कुमार सहित कई फरियादी मौजूद थे।

### जमीन दलालों के खिलाफ झानद का मिला समर्थन

**गुमला।** झारखंड नवनिर्माण दल ने चैनपुर में जमीन दलालों द्वारा किये जा रहे नियम विरुद्ध कार्य का विरोध करते हुए जमीन दलालों के खिलाफ चल रहे रौतिया समुदाय के आंदोलन को पूर्ण समर्थन देते हुए चैनपुर में आगे होने वाले आंदोलन में शामिल होने की भी घोषणा की है। बीते दिन रौतिया समाज के महीनाथ रौतिया की संदेहास्पद मौत पर पार्टी ने दुख व्यक्त करते हुए कहा है कि स्वर्गीय महीनाथ की मौत जमीन दलालों के करतूत के कारण हुई है। इसलिए जमीन दलालों पर हत्या का मुकदमा चलाने की मांग झारखंड नवनिर्माण दल ने गुमला एसपी व राज्य सरकार से की है। इस मामले को लेकर भाकपा (माले) रेड स्टार के दक्षिणी छोटानागपुर प्रमंडल प्रभारी सह झारखंड नवनिर्माण दल के केंद्रीय संयोजक विजय सिंह ने पार्टी के 3 सदस्यों वाली टीम को पीड़ित परिवार से मिलकर पूरी स्थिति वस्तु से पार्टी को अवगत कराने के लिए कहा है। श्री सिंह स्वयं भी बहुत जल्द चैनपुर का दौरा कर जमीन माफिया के विरुद्ध आंदोलन को धारदार बनाने की भी बात कही है । पार्टी ने उपायुक्त द्वारा इस मामले की जांच के लिए गठित 3 सदस्यी जांच टीम पर भरोसा जताई है और उम्मीद की है की टीम द्वारा मामले की निष्पक्ष जांच की जाएगी ।

### गुमला में विद्युत विभाग का ऊर्जा मेला आज

**गुमला।** झारखंड उर्जा विकास निगम लिमिटेड रांची के आदेशानुसार 21 जनवरी को जिले के तीन स्थानों पर उर्जा मेला का आयोजन किया जाएगा। जिसमें गुमला शहर के पटेल चौक, विशुनपुर प्रखंड कार्यालय परिसर व बसिया प्रखंड के एनएचपीसी मैदान में मेला लगेगा। मेला में सरकार द्वारा दी जा रही सौ यूनिट मुफ्त बिजली हेतु मीटर लगाने, नया विद्युत कनेक्शन, भार बढ़ाने संबंधी समस्या, बिजली बिल सुधार, बिजली बिल नहीं मिलने की शिकायत, ट्रांसफार्मर खराब होने की शिकायत, लो वोल्टेज की समस्या, पोल व तार की आवश्यकता एवं बिजली से संबंधित अन्य समस्याओं का समाधान किया जाएगा।

### बाइक सवार युवक गिर कर घायल

**गुमला।** गुमला थाना क्षेत्र के भरदा के समीप नशे में धुत बाइक सवार सिसई प्रखंड के लकया गांव निवासी 27 वर्षीय विकास उरांव अनियंत्रित होकर गिर गया। जिससे उसके चेहरे पर गंभीर चोट लगी है। थाना प्रभारी विनोद कुमार सशस्त्र बल के साथ गस्ती कर रहे थे। तभी उन्हें सूचना मिली कि भरदा के समीप बाइक सवार गिरकर घायल हो गया है। तत्काल थाना प्रभारी विनोद कुमार घटनास्थल पहुंचे और मानवता का परिचय देखते हुए सर्वप्रथम सहारा देकर घायल युवक को उठाया और तत्काल अपने गाड़ी में बैठा कर इलाज हेतु सदर अस्पताल पहुंचाया। घटना की जानकारी देते हुए घायल विकास ने बताया कि अपने केटीएम गाड़ी से गुमला आया था। जहां देर शाम घर वापस जा रहे थे तभी अनियंत्रित होकर गिर गए। हादसे में युवक को सिर और चेहरे पर गंभीर चोट लगी है।

### जंगली सुअर के हमले में ग्रामीण घायल



गुमला। जारी थाना क्षेत्र के पाकरटोली गांव निवासी 40 वर्षीय शंकर खेरवार शुक्रवार को जंगली सुअर के हमले में गंभीर रूप से घायल हो गये। जिसे इलाज के लिए गुमला सदर अस्पताल में भर्ती कराया गया है। सुअर के हमले में शंर नायक को दोनों पैरों, हाथ व पेट में गंभीर चोट लगी है। मिली जानकारी के अनुसार शंकर खेरवार अपनी पत्नी सरिता देवी के साथ घर से दूर जंगल में लकड़ी चुनने गया था। इसी दौरान जंगल में अचानक एक सुअर ने हमला कर दिया। सुअर के हमले से शंकर खेरवार गिर पड़े और सुअर ने शंकर के शरीर के विभिन्न अंगों को काट लिया। वहीं पत्नी ने सुअर पर लाठी से हमला किया तो सुअर भाग गया। जिसके बाद पत्नी ने उसे सहारा देकर अस्पताल पहुंचाया।

### हाथी प्रभावित गांव का एसडीओ ने किया दौरा



**गुमला।** सदर एसडीओ रवि जैन शुक्रवार को हाथी प्रभावित गांवों का दौरा किये और पीड़ित लोगों की समस्या जानी। इस दौरान एसडीओ ने हाथी पीड़ित परिवारों को ठंड से बचने के लिए कंबल प्रदान किया। एसडीओ विशुनपुर प्रखंड के उग्रवाद प्रभावित गांव अमतीपानी पहुंचे। जहां हाथियों ने कई घरों को क्षतिग्रस्त किया था। इस दौरान एसडीओ ने ग्रामीणों से अपील की कि वे किसी भी कीमत पर हाथी से छेड़छाड़ न करें। हाथी से छेड़छाड़ करने पर वे ज्यादा नुकसान पहुंचा सकते हैं। हाथियों को गांव से जरूर दूर भगायें और उनके जाने की रास्ते की ओर भेजने का प्रयास करें। उन्होंने इस दौरान ग्रामीणों की सम स्या सूनी और समाधान का अश्वासन दिया। वहीं हाथी से पीड़ित कर परिवार के सदस्यों को कंबल प्रदान किया। इस दौरान एसडीओ के साथ विशुनपुर अंचलाधिकारी उपस्थित थे।

### फूड लाइसेंस एंड रजिस्ट्रेशन कैंप लगा



**गुमला।** अनुमंडल पदाधिकारी गुमला के निर्देशानुसार एक दिवसीय फूड लाइसेंस एंड रजिस्ट्रेशन कैंप सह जागरूकता कार्यशाला का आयोजन खाद्य सुरक्षा पदाधिकारी गुमला के द्वारा शुक्रवार को किया गया। शिविर में करीब 118 की संख्या में खाद्य व्यवसायी शामिल हुए। खाद्य सुरक्षा पदाधिकारी गुमला के द्वारा सभी खाद्य व्यवसायियों को निर्देश दिया गया कि अपने प्रतिष्ठान में साफ-सफाई रखें। कोई भी मिलावट इत्यादि नहीं करें। व्यवसायी अपना रजिस्ट्रेशन निबंधन निश्चित रूप से कराएं। साथ ही खाद्य सुरक्षा अधिनियम 2006 के विभिन्न नियम के बारे में खाद्य सुरक्षा पदाधिकारी गुमला के द्वारा बताया गया। कैंप जागरूकता कार्यशाला में कुल 118 खाद्य व्यवसायिक ने अपना निबंधन लाइसेंस के लिए आवेदन जमा किया। जिसमे 30 व्यावसायी को शिविर में ही निबंधन लाइसेंस बनाकर प्रदन किया गया।

## स्पीड न्यूज

### एक एकड़ में अफीम की खेती नष्ट



**धुरकी(गढ़वा)।** धुरकी थाना क्षेत्र के खाला पंचायत के पोखरिया टोला में करीब एक एकड़ से अधिक जमीन में लगी अफीम की खेती को पुलिस ने नष्ट कर दिया है। गुप्त सूचना के आधार पर शुक्रवार को यह कार्रवाई की गई। एसडीपीओ प्रमोद कुमार केशरी ने बताया कि धुरकी पुलिस को खाला पंचायत के पोखरिया टोला में बड़े पैमाने पर अफीम की खेती किये जाने की गुप्त सूचना मिली थी। इस सूचना पर त्वरित कार्रवाई करते हुए एसडीपीओ के नेतृत्व में टीम गठित कर छापामारी की गई। मौके पर पुलिस ने करीब एक एकड़ से अधिक जमीन पर लगे अफीम के फसल को नष्ट कर दिया। एसडीपीओ ने बताया कि अवैध तरीके से नशीले पदार्थ की खेती करने के मामले की सत्यापन कर आरोपियों एवं जमीन मालिकों के खिलाफ कानूनी कार्रवाई की जाएगी। पुलिस मामले की गहन छानबीन कर रही है। किसानों को खेती से अधिक मुनाफा कमाने का लालच देकर यह खेती कराया जाता है। इस मामले में जो भी लोग दोषी पाये जायेंगे, सभी के विरुद्ध सख्त कार्रवाई की जाएगी। छापामारी टीम में धुरकी थाना प्रभारी सदानंद कुमार एवं जिला बल के जवान शामिल थे। मौके पर बीडीओ अरुण कुमार सिंह, विकास कुमार, अंबुज जायसवाल, अमीन इकबाल अंसारी, मुखिया प्रतिनिधि साबिर अंसारी सहित काफी संख्या लोग मौजूद थे।

### गणतंत्र दिवस परेड का पूर्वाभ्यास शुरू



**गढ़वा।** गणतंत्र दिवस समारोह में होनेवाले परेड का पूर्वाभ्यास शुक्रवार से गोविंद उच्च विद्यालय के मैदान में प्रारंभ कर दिया गया है। परेड पूर्वाभ्यास में कुल आठ टुकड़ियों ने भाग लिया। इनमें सीआरपीएफ, पुलिस शस्त्र बल, गृह रक्षा वाहिनी, एसआईएस बेलचम्पा, एनसीसी एसएसजेएस नामधारी महाविद्यालय, एनसीसी सूरत पांडेय डिग्री कॉलेज, ज्ञान निकेतन कॉन्वेंट स्कूल, मध्य विद्यालय चिरौंजिया शामिल है। परेड का प्रथम कमान सार्जेंट मेजर ओम प्रकाश दास, द्वितीय कमान सोरेन मुर्मू ने किया। राष्ट्रगान में ज्ञान निकेतन कॉन्वेंट स्कूल की छात्राएं एवं बिगुल बैंड में एसआईएस बेलचम्पा के साथ ज्ञान निकेतन कॉन्वेंट स्कूल के छात्र शामिल हैं। इसका निर्देशन संगीत कला महाविद्यालय के निदेशक प्रमोद सोनी ने किया।

### मध्य विद्यालय की नहीं हुई रंगाई



**कांडी।** प्रखंड के खरौंधा पंचायत अंतर्गत मध्य विद्यालय जयनगरा के भवन का रंगरोगन अभी तक नहीं किया गया है। जबकि विभाग द्वारा 15 नवम्बर तक पूरे प्रदेश के विद्यालय का रंगरोगन पूरा करने का सख्त निर्देश था। विद्यालय विकास मद में 75 हजार रुपये विद्यालय के बैंक खाते में महीनों से आकर पड़ा हुआ है। उम्मीद किया जाता है कि प्रखंड का मध्य विद्यालय जयनगरा एकलौता विद्यालय है जिसका अभी तक रंगरोगन नहीं किया गया है। प्रदेश की सरकार ने राज्य के सभी कोटि के विद्यालय का पूर्व में किये गए रंग को बदलते हुए क्रीम और हरा रंग में रंगने का आदेश दिया गया था। लेकिन आदेश का अवहेलना कर अभी तक उक्त विद्यालय का रंगरोगन लंबित रखा गया। यह विद्यालय प्रबंधन समिति की मनमानी को दशार्ता है। इस विषय में विद्यालय के हेडमास्टर वीरेन्द्र कुमार पांडेय ने बताया कि विद्यालय के रंगरोगन करने की जिम्मेवारी एसएमसी अध्यक्ष को दिया गया है। कार्य में विलम्ब क्यों हो रहा है इसकी जानकारी मुझे नहीं है। एसएमसी अध्यक्ष गुप्तेश्वर नाथ मेहता ने बताया कि शनिवार से विद्यालय के रंग रोगन का कार्य शुरू हो जाएगा। जिसे तीन दिनों के अंदर पूरा कर लिया जाएगा।

### डीलर के खिलाफ लाभुकों का प्रदर्शन



**भवनाथपुर।** सरकार के द्वारा गरीबों को मिलने वाला राशन डीलर द्वारा डकार दिया जा रहा है। ऐसा ही मामला प्रखंड के मकरी पंचायत से प्रकाश में आया है। प्रखंड क्षेत्र के मकरी पंचायत के धंगरडीहा टोला के राशन कार्डधारी लाभुकों ने डीलर शेर बहादुर राम के खिलाफ तीन माह के राशन गबन का आरोप लगाते हुए जम कर हंगामा करते हुए एमओ सह बीडीओ जयपाल महतो को आवेदन दिया। ग्रामीण पार्वती देवी, सुरजी देवी, गुड़ी देवी, मनिका देवी, शिला देवी, सुगनी कुंवर, प्रमिला देवी, शिला देवी, प्रमिला देवी, विमला देवी, सबिता देवी, सावित्री देवी, अनिता देवी, फूलमती देवी, भगमनी देवी, रीता देवी, सुनीता देवी सहित सैकड़ों ग्रामीणों ने बताया कि डीलर शेरबहादुर राम के द्वारा तीन माह का पर्ची निकाला जा रहा है और राशन नहीं देते हुए बाद में आने को बोल जाता है। इससे पूर्व में भी मार्च एवं अगस्त माह का हमलोगों को नहीं दिया गया। हम लोग जब पूछते हैं तो बोलता है कि माल गोदाम से ही नहीं मिला है। जाकर एजीएम, एमओ से पूछ लो एवं अभद्र व्यवहार करते हुए भगा देता है। लाभुकों ने बताया कि डीलर के द्वारा कभी भी नियमित रूप से हमलोग को राशन नहीं दिया जाता है। बीडीओ सह एमओ जयपाल महतो ने कहा कि डीलर द्वारा राशन लाभुकों नहीं दिया गया है तो जांच के बाद उस पर कार्रवाई की जाएगी।

## रन फॉर रोड सेफ्टी में दौड़े डीसी और एसपी, दिया जागरूकता का संदेश

# यातायात के नियमों का सख्ती से करें पालन : डीसी

**खबर मन्त्र संवाददाता**



**कोडरमा।** सड़क सुरक्षा सप्ताह जागरूकता अभियान के तहत रोड सेफ्टी के प्रति आमजनों के बीच जागरूकता फैलाने को लेकर जिला परिवहन विभाग द्वारा रन फॉर रोड सेफ्टी का आयोजन किया गया। इस जागरूकता कार्यक्रम में डीसी आदित्य रंजन, एसपी कुमार, डीडीसी ऋतुराज, एसडीओ सन्दीप कुमार मीणा समेत जिले के कई अधिकारी और कर्मी शामिल हुए। समाहरणालय परिसर से शुरू हुए रन फॉर रोड सेफ्टी में अधिकारियों ने कोडरमा बाजार, बजरंगी चौक होते हुए जयनगर रोड, डोमचांच रोड होते हुए पुनः समाहरणालय पहुंचे। डीसी एसपी समेत अन्य अधिकारियों ने दौड़ लगाते हुए आमजनों को सड़क सुरक्षा व यातायात नियमों के पालन के प्रति जागरूक किया। मौके पर डीटीओ भगीरथ प्रसाद, गोपनीय प्रभारी जयपाल सोय, तिलैया थाना प्रभारी आरएन ठाकुर, रोड सेफ्टी के हिमांशु रंजन, गुड्डू विश्वकर्मा, विक्की कुमार, प्रकाश कुमार, गिरधारी प्रसाद आदि मौजूद थे।

डीसी ने कहा कि मुख्यमंत्री व परिवहन मंत्री के मार्गदर्शन पर कोडरमा में सड़क सुरक्षा जागरूकता अभियान चलाया जा रहा है, ताकि लोग यातायात के नियमों का सख्ती से पालन करें और सड़क दुर्घटनाओं में कमी आ सके। उन्होंने कहा कि यातायात के नियमों की अनदेखी के कारण प्रत्येक माह औसतन 8 से 10 लोगों की जानें असमय चली जाती है, दुर्घटनाओं के शिकार अक्सर बाइक सवार होते हैं, जो बाइक चलाने के दौरान हेलमेट का प्रयोग नही करते अथवा सड़कों पर स्टंट करते है। उन्होंने जिलेवासियों से अपील करते हुए कहा कि कार चलाते समय सीट बेल्ट का प्रयोग अवश्य करें, शराब का सेवन नही करें, सड़क पर चलते समय ट्रैफिक नियमों का कड़ाई से पालन करें, मोटरसाइकिल सवार हमेशा हेलमेट का प्रयोग करें, तेज गति से वाहन नही चलाएं, आपका जीवन आपके घर, परिवार और देश के लिए अनमोल है, इसे व्यर्थ न गवांए, बल्कि नियमों का पालन करते हुए वाहनों का परिचालन करें।

### नियमों के अनुपालन को लेकर जागरूकता जरूरीः एसपी

एसपी कुमार गौरव ने कहा कि नियमों के अनुपालन को लेकर जागरूकता और कार्रवाई दोनों जरूरी है, लोग ट्रैफिक नियमों को जानते हुए भी उन नियमों का अनदेखी करते है और अपना कीमती जान गवां देते हैं, ऐसे में वाहन चालकों और बाइक सवारों से अपील है कि वे नियमों का अनदेखी न करें, बल्कि ट्रैफिक नियमों का सख्ती से पालन करते हुए वाहनों का परिचालन करें।

## गरीबों के मसीहा थे चंद्रिका यादवः भोक्ता

**प्रतापपुर में पूर्व मुखिया को श्रम मंत्री सत्यानंद भोक्ता ने दी श्रद्धांजलि**

**खबर मन्त्र संवाददाता**



**चतरा।** श्रम नियोजन एवं कौशल विकास मंत्री सत्यानन्द भोक्ता ने पूर्व मुखिया स्वर्गीय चंद्रिका यादव के 5वीं पुण्यतिथि पर प्रतापपुर प्रखंड के ग्राम गजवा में श्रद्धांजलि अर्पित की। मंत्री सत्यानन्द भोक्ता ने पूर्व मुखिया स्व. चंद्रिका यादव को श्रद्धांजलि अर्पित करते हुए कहा कि गरीब-मजलूमो के मसीहा के रूप में लोगों के बीच चंद्रिका यादव की पहचान थी। वो अपने पूरे जीवनभर गरीबों के उत्थान के लिए लड़ाई लड़ी। गरीबों के लिए वो मसीहा थे। उन्होंने गरीबों, शोषितों को जगाने का काम किया। असमाजिक तत्वों ने उनकी आवाज को दबाने के लिए उनकी हत्या 20 जनवरी 2018 में कर दी लेकिन उनके विचार और सिद्धान्त हमसब के बीच में है। वो हमसब के दिलों में है। मंत्री के अलावे अन्य कई गणमान्य लोगों ने भी उपस्थित लोगों को संबोधित किया। उक्त कार्यक्रम में बिहार मखदुमपुर विधायक सतीश दास, अनुमंडल पदाधिकारी मुमताज अंसारी, जिला परिषद उपाध्यक्ष श्री ब्रजकिशोर तिवारी, राष्ट्रीय जनता दल जिला अध्यक्ष नवलकिशोर यादव, जिला 20सूत्री उपाध्यक्ष प्रभु यादव, मंत्री प्रतिनिधि चन्द्रिका यादव, पूर्व जिला परिषद सदस्य अरुण यादव, युवा राजद जिलाध्यक्ष प्रतीक प्रकाश अंगार, स्व. मुखिया पुत्र रोहित यादव, दीपक यादव, खेदू यादव, भोली साहू, दीपक साहू सहित अन्य कई गणमान्य लोग उपस्थित थे।

### सरस्वती पूजा को लेकर शांति समिति की बैठक



**सतगावां (कोडरमा)।** थाना परिसर में गणतंत्र दिवस व सरस्वती पूजा को लेकर शांति समिति की बैठक आहूत की गई। जिसकी अध्यक्षता बीडीओ वैधनाथ उरांव एवं संचालन थाना प्रभारी आनंद कुमार साह ने किया। बीडीओ ने कहा कि सरस्वती पूजा शांति सौहार्दपूर्ण तरीके मनाएं। प्रखंड में जितने भी पूजा पंडाल है सभी में वोलेंटियर गठित किया जाय ताकी किसी भी प्रकार की लड़ाई झगड़ा नही हो। डीजे मालिक को भी निर्देश दिया गया कि अभद्र गाना नहीं बजाएं। वहीं थाना प्रभारी आनंद कुमार साह ने कहा कि शांतिपूर्ण तरीके से पूजा मनाएं। मौके पर एएसआई श्याम करण सिंह, मनोज चैतमाबा, निशांत अहमद धनंज यादव, विजय सिंह, मनोज कुमार निराला, उत्तम सिंह, सुनील सिंह, मथुरा मथुरा प्रसाद यादव, धनंजय यादव, अझर रवानी आदि मौजूद थे।

### इलेक्ट्रिक शवदाह गृह का निर्माण हो : रंजन

**कोडरमा।** कांग्रेस नेता सईद नसीम ने उपायुक्त आदित्य रंजन को ट्वीट कर नगर परिषद झुमरीतिलैया, नगर पंचायत कोडरमा व डोमचांच सहित जिले के छह प्रखंड में नागरिक सुविधा सुलभ करने को लेकर इलेक्ट्रिक शवदाह गृह निर्माण किये जाने की मांग की है। उन्होंने कहा कि श्मशान घाट पर शव के दाह संस्कार के लिए विद्युत शवदाह गृह की मांग काफी दिनों से हो रही है, बावजूद अभी तक यहां विद्युत शवदाह गृह नहीं बनाया गया। इसके चलते यहां लोगों को भारी परेशानियों का सामना करना पड़ता है, खासकर बरसात के दिनों में और मुश्किल होती है। हालांकि, यहां अगर विद्युत शवदाह गृह बन जाएगा तो कई तरह की परेशानियों एवं गंदगी से मुक्ति मिलेगी और लावारिस शवों को भी मुखाग्नि मिलने में आसानी होगी।

### कोडरमा : ट्रक की चपेट में आने से दो लोगों की मौत

**कोडरमा।** डोमचांच थाना क्षेत्र अंतर्गत छाबड़ा पेट्रोल पंप (रॉयल होटल) के समीप शुक्रवार शाम करीब 5:30 बजे ट्रक की चपेट में आने से एक व्यक्ति की घटनास्थल पर मौत हो गयी। जबकि दूसरा व्यक्ति गंभीर रूप से घायल हो गया था, जिसकी इलाज के दौरान मौत हो गयी।

मिली जानकारी के अनुसार एक मोटरसाइकिल पर दो व्यक्ति डोमचांच की ओर से कोडरमा की ओर रहा था, इसी क्रम में डोमचांच छाबड़ा पेट्रोल पंप (रॉयल होटल) के समीप पीछे से आ रहे ट्रक संख्या बीआर01जीसी/5432 ने अपने चपेट में ले लिया। जिसमें एक व्यक्ति की मौत घटना स्थल पर हो गई, घटना की सूचना पाकर डोमचांच थाना पुलिस घायल व्यक्ति को सदर अस्पताल पहुंचाया। जहां चिकित्सकों द्वारा प्राथमिक उपचार के बाद बेहतर इलाज के लिए रिम्स रेफर कर दिया, जिसकी इलाज के दौरान मौत हो गयी। उल्लेखनीय हो कि डोमचांच से ओवरलोड गिट्टी लोड कर सैकड़ों ट्रक कोडरमा के रास्ते बिहार जाती है, और ट्रकों की गति भी अधिक होती है। इसके अलावा जब ट्रक बिहार डोमचांच गिट्टी खाली कर वापस लौटती है तो वाहन की गति और तेज हो जाती है, जिस कारण सड़क दुर्घटना का ग्राफ जिले में बढ़ता जा रहा है। वाहनों की गति पर अंकुश लगाने में जिला प्रशासन भी असफल साबित हो रही है। इसके अलावा नो एंट्री के नियम भी फेल होते दिख रही है।

## ग्रिजली विद्यालय की छात्रा अनन्या का इन्सपायर अवार्ड के लिए चयन



कोडरमा। तिलैया डैम स्थित ग्रिजली विद्यालय की छात्रा अनन्या सिंह ने भारत सरकार के विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी मंत्रालय के अन्तर्गत राष्ट्रीय नवप्रवर्तन प्रतिष्ठान भारत द्वारा आयोजित प्रतियोगिता में सफल होकर अपने विद्यालय का नाम पुरे जिले और राज्य में रौशन किया है। उपरोक्त मंत्रालय के इन्सपायर अवार्ड मानक के द्वारा पुरस्कार के स्वरूप दस हजार रुपए नकद एवं सर्टिफिकेट अनन्या सिंह पिता अविनाश सिंह को दिया गया। उल्लेखनीय है की उपरोक्त छात्रा ने अपनी विज्ञान प्रोजेक्ट रिपोर्ट जिसका विषय सेफ्टी नेकलेस फॉर विमेंस एंड गर्ल्स था, मंत्रालय में जमा कराया था, जिसके बाद उनकी प्रोजेक्ट रिपोर्ट पुरे झारखण्ड राज्य में चयन की जाने वाली सूची में शामिल हुई और अब प्राप्त हुए उपरोक्त राशि का प्रयोग कर उन्हे अपने प्रोजेक्ट को अंतिम रूप देना है और जिला स्तरीय विज्ञान प्रदर्शनी में शामिल होकर अपने प्रोजेक्ट को प्रदर्शित करना है। गौरतलब हो की पूर्व में भी ग्रिजली विद्यालय के 8 छात्र इस पुरस्कार को हासिल कर चुके है। अनन्या की इस सफलता पर विद्यालय के निदेशक द्वय मनीष कपसीमे, अविनाश सेठ, सीईओ प्रकाश गुप्ता, प्राचार्या अपर्णा सिन्हा, प्रशासक अशरफ खान, संयोजक विजय कुमार सिंह, मेंटर सुधांशु कुमार, कुणाल अम्बस्टा को इस उपलब्धि के लिए बधाई दी एवं हर्ष व्यक्त करते हुए उनके उज्जवल भविष्य कि कामना की।

## कैलाश राय सरस्वती विद्या मंदिर में परीक्षा पर चर्चा

**खबर मन्त्र संवाददाता**



**प्रशांत व सिमरन को प्रथम स्थान तुलसी को दूसरा तथा तीसरा स्थान मुस्कान और रिमझिम को मिला**

**झुमरीतिलैया (कोडरमा)।** कैलाश राय सरस्वती विद्या मंदिर में परीक्षा पर चर्चा कार्यक्रम में विधायक डॉ. नीरा यादव शामिल हुई। इस अवसर पर पेंटिंग प्रतियोगिता का आयोजन किया गया, जिसमें नवम से द्वादश तक के भैया बहनों ने भाग लिया। इसमें प्रथम स्थान पर संयुक्त रूप से भैया प्रशांत व बहन सिमरन, दूसरा स्थान कक्षा नवम की बहन तुलसी कुमारी एवं तीसरा स्थान संयुक्त रूप से मुस्कान तथा रिमझिम कुमारी को मिला। वहीं मंचासीन अधिकारियों का परिचय प्रभारी आचार्य मनोज कुमार सिंह के द्वारा कराया गया। वहीं प्राचार्य शर्मेंद्र कुमार साहू ने कहा कि परीक्षा पर चर्चा कार्यक्रम का उद्देश्य परीक्षार्थियों के मन से परीक्षा के भय को निकालना है। वहीं विधायक सह मुख्य अतिथि डॉ. नीरा यादव ने भैया बहनों को तनाव मुक्त होकर परीक्षा देने की बात कही। उन्होंने कई उदाहरणों द्वारा भैया बहनों के अंदर छिपी दुर्बलता को निकालने का प्रयास किया। वहीं सचिव अनुराग सिंह ने भी भैया बहनों को आशीर्वचन दिया। धन्यवाद ज्ञापन व मंच संचालन आचार्य प्रदीप कुमार ने किया। मौके पर नवल कुमार, विजय शुक्ला, रामानुज पांडे, डॉ धीरेंद्र कुमार सिंह, नीरज कुमार, सुनील कुमार, बिरेंद्र प्रसाद, वीरेंद्र मिश्रा, विजय तिवारी, पवन शर्मा, संजय महतो, दीपक कुमार विश्वकर्मा, संजय सिंह, अजय झा, चंद्रशेखर कुमार, प्रणव प्रभास, प्रभात सौरव, बिपिन कुमारडे, टिंकू कुमार, उमाशंकर कुमार, श्वेता श्रीवास्तव, रानी प्रसाद, शर्मिष्ठा साहा, सोनी कुमारी, रिमझिम कुमारी, गीतांजलि शर्मा आदि उपस्थित थे।

## एक नजर में

### द रामेश्वर वैली स्कूल का मना वार्षिकोत्सव



**झुमरीतिलैया (कोडरमा)।** रांची-पटना मुख्य मार्ग पर स्थित द-रामेश्वर वैली स्कूल में विद्यालय का प्रथम वार्षिकोत्सव बड़े ही धूमधाम से मनाया गया। इस कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के तौर पर पूर्व जिप अध्यक्ष शालिनी गुप्ता के अलावा विशिष्ट अतिथि समाजसेवी राखी भदानी व योग प्रचारक सुषमा सुमन ने शिरकत किया। अतिथियों के द्वारा कार्यक्रम की शुरूआत द्वीप प्रज्जविलत कर किया गया। वहीं शिक्षिका श्रृष्टि पाठक ने अतिथियों का अभिवादन व स्वागत बुके व मोमेंटो दिलवाकर कार्यक्रम को आगे बढ़ाया। कार्यक्रम के दौरान मुख्य अतिथि ने अपने संबोधन में विद्यालय के वार्षिक उत्सव पर सभी को बधाई देते हुए कहा कि किसी भी क्षेत्र के विकास का मुख्य मूलमंत्र शिक्षा है। उन्हें खुशी है कि द-रामेश्वर वैली स्कूल क्षेत्र के बच्चों को बेहतर और उच्च शिक्षा के साथ-साथ खेल, योग, नृत्य जैसे शिक्षा दे रहे हैं। उन्होंने विद्यालय के निदेशक प्रवीण कुमार व प्राचार्या रश्मि बर्णवाल को बधाई देते हुए कहा कि शहर में शिक्षा की अलख जगाने के लिए विद्यालय चलाना अपने आप में महत्वपूर्ण काम है। वहीं विशिष्ट अतिथि रखी भादानी ने भी विद्यालय में दी जा रही सुविधाओं को सराहा एवं कहा कि झुमरीतिलैया में उच्च कोटि के विद्यालय खुलने से अभिभावकों के समक्ष बच्चों को अपने शहर में शिक्षा देने में सहूलियत हो रही है। वहीं योग शिक्षक सुषमा सुमन ने बच्चों की प्रतिभा की सराहना की व विधालय परिवार को बधाई दी। वहीं मुख्य अतिथि के अलावा विशिष्ट व प्रचार्या सहित अन्य लोगों ने विद्यालय के उन बच्चों को सम्मानित किया, जिन्होंने परिक्षाओं के अलावा अन्य कार्यक्रमों में उत्कृष्ट प्रदर्शन किया। मौके पर दीपीका कुमारी, श्रीनिका मोदी, निपुण कुमार, सुहानी गुप्ता, ज्योति यदुवंशी, वीर मोदी, प्रांजल भारती, आर्या नारायण, मुस्कान शर्मा आदि मौजूद थे।

### कोयला वाहनों का विरोध करेगा भाकपा



**सिमरिया।** भारतीय कम्युनिस्ट पार्टी जिला कमेटी की बैठक शुक्रवार को राज्य परिषद सदस्य देवनंदन साहू की अध्यक्षता में हुआ। बैठक में पार्टी के राष्ट्रीय नेता भुनेश्वर प्रसाद मेहता, राज्य सचिव महेंद्र पाठक उपस्थित हुए। बैठक में पार्टी का नवीकरण कार्य और सदस्यता अभियान पर जोर दिया गया। वही बैठक में जिले की ज्वलंत समस्या पर चर्चा की गयी। बैठक में राज्य परिषद सदस्य ने कहा कि हजारीबाग जिला के केरेडारी प्रखंड के कॉल ब्लॉक चट्टी बारियातू का कोयला ट्रकों द्वारा टंडवा से सिमरिया होते कटकमसांडी ले जाने का प्रयास किया जा रहा है। जिसका पार्टी पुरजोर विरोध करेगी और कोयला धुलाई बंद कर देगी। बैठक में किसान सभा का मार्च महीने में जिला सम्मेलन एवं सदस्यता अभियान चलाने पर निर्णय लिया गया। मौके पर जिला मंत्री बनवारी साहू, जिला प्रवक्ता दशरथ ठाकुर, अंचल मंत्री गयानाथ पांडेय, हेमंती देवी, गोपाल प्रसाद मेहता, महावीर राम, मो शमसुद्दीन अंसारी, चिंतामन साहू, विष्णु देव साहू, रामकुमार साहू, विष्णु प्रसाद नौजवान संघ के जिला अध्यक्ष जवाहर विश्वकर्मा सहित पार्टी कार्यकर्ता उपस्थित थे।

### किसान भवन में सेमिनार का आयोजन



**सिमरिया।** प्रखंड मुख्यालय के किसान भवन में शुक्रवार को महिला कामगारों का एक सेमिनार आयोजित किया गया। सेमिनार स्वयंसेवी संस्था लोक प्रेरणा केंद्र और जतन बैट के संयुक्त तत्वाधान में आयोजित किया गया। सेमिनार में केंद्र की सचिव मौसमी बाखला, जिला बाल संरक्षण पदाधिकारी अरुणा प्रसाद और जिप सदस्य देवनंदन साहू मुख्य रूप से उपस्थित थे। अतिथियों ने कार्यक्रम का शुभारंभ दीप प्रज्वलित कर किया। बैठक में सेमिनार में महिला कामगारों को हक और अधिकार की जानकारी दी गई तथा उन्हें सामान मजदूरी भुगतान की मांग की गई। वही श्रम विभाग से मिलने वाली सुविधाओं की जानकारी दी गई। सेमिनार में कहा गया कि सरकार द्वारा महिला कामगारों को कई सुविधा उपलब्ध कराई गई है किंतु जानकारी के अभाव में उन तक पहुंच नहीं पा रहा है, ऐसे में महिला कामगारों को जागरूक होना होगा और अपने अधिकार के प्रति सचेत होना होगा।मौके पर सुजीत कुमार, मुखिया संघ के अध्यक्ष बिनोद महतो, नरेश साव, चंदा देवी, उपमुखिया जीवन सिंह, कुलदीप प्रसाद, मितेश्वरी, मंजुला देवी संस्था की अनिता मिश्रा, प्रतिमा देवी,कविता देवी, सीमा देवी, रानी कुमारी, सरोज तिर्की, राकेश, बजरंगी सहित कामगार महिलाएं उपस्थित थी।

### मां सरस्वती की मूर्ति बनाने में जुटे कलाकार



**चतरा।** 26 जनवरी को बसंत पंचमी के अवसर पर विद्या की देवी मां सरस्वती की पूजा अर्चना को लेकर उनकी प्रतिमा की प्रतिमा को अंतिम रूप देने में कलाकार जुटे नजर आ रहे हैं। सरस्वती पूजा को लेकर विद्यार्थियों में काफी उत्सुकता देखा जा रहा है। बेहतर मूर्ति निर्माण को लेकर लोग कारीगरों के पास पहुंच रहे हैं। इसे लेकर उन्हें एडवांस पैसे भी दिए जा रहे हैं।मूर्तिकारों को अपने अनुरूप बेहतर मूर्ति बनाने की सलाह भी दे रहे हैं। इटखोरी प्रखंड मुख्यालय स्थित गांधी चौक में मूर्ति बनाने के लिए चतरा जिले से आए मूर्तिकार बिनोद प्रजापति ने बताया कि उनकी दो पीढ़ियां इस काम को करती आ रही हैं। वे खुद 13 साल की उम्र से मूर्ति बनाने का काम कर रहे हैं। पिछले 10 वर्षों से वे इटखोरी में मूर्ति बनाने का काम करते आ रहे हैं। उन्होंने बताया कि प्रतिमा को लेकर कई लोगों का आर्डर आ चुका है। दो हजार से लेकर दस हजार रुपए तक की मूर्ति का निर्माण किया जा रहा है। हालाकि शैक्षणिक संस्थानों में छोटी मूर्तियां ही ज्यादा पसंद की जाती है। ग्रामीण इलाकों में युवाओं कमेटी गठित कर माता सरस्वती की प्रतिमा स्थापित करते हैं। इनकी पसंद बड़ी मूर्ति होती है।

### कुंदा में झंडोत्तोलन का समय निर्धारित

**कुंदा(चतरा)।** शुक्रवार को प्रखंड मुख्यालय के सभागार में झंडा तोलन को लेकर बैठक हुई। बैठक की अध्यक्षता बीडीओ खगेश कुमार ने किया बैठक में शांतिपूर्ण तरीके से शुद्ध वातावरण में 26 जनवरी गणतंत्र दिवस समय सारणी के अनुसार सभी को टाइम टू टाइम झंडा तोलन किए जाने पर निर्देश दिया गया। जो कि झंडा तोलन को लेकर समय सारणी इस प्रकार निर्धारित किया गया है।। प्रखंड सह अंचल कार्यालय 8:15 सीआरपीएफ कैंप 8:20 कुंदा थाना 8:30 कुंदा पंचायत भवन 8:40 कस्तूरबा विद्यालय 8:50 बीआरसी 8:55 एसबीआई शाखा 9:00 पैक्स 9:10 प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र 9:20 मांझी पारा पुलिस पिकेट 9:35 मध्य विद्यालय 9:50 फॉरेस्ट कार्यालय 10:10 जेएसएलपीएस कार्यालय 10:20 झंडा तोलन करने का निर्णय लिया गया। मौके पर उप प्रमुख सतेंदर कुमार गुप्ता पंचायत मुखिया मनोज कुमार साहू समेत सभी दलों के राजनीतिक दल मौजूद थे।

### बीडीओ ने विद्यालयों का किया निरीक्षण

**मरकच्चो।** प्रखंड अंतर्गत बीडीओ पप्पु रजक शुक्रवार को मध्य विद्यालय कादोडीह, मध्य विद्यालय महूगांय, मध्य विद्यालय बरवाडीह, मध्य विद्यालय गुरहा समेत अन्य विद्यालयों का निरीक्षण किया। वहीं बीडीओ ने विद्यालयों का निरीक्षण करते हुए कई आवश्यक दिशा-निर्देश दिये। वहीं कादोडीह पंचायत स्थित मध्य विद्यालय कादोडीह विद्यालय की व्यवस्था और साफ-सफाई देख खुश हुए एवं शिक्षकों को और भी मेहनत करने की बात कही।

## नेतरहाट में तीन दिवसीय सांसद खेल स्पर्धा का हुआ समापन, विजेता खिलाड़ियों को सांसद ने ट्रॉफी देकर किया सम्मानित

# ग्रामीण प्रतिभाओं को एक मंच मिलेगा : सुनिल सिंह


पुरस्कृत करते सांसद व अन्य।


ट्रॉफी के साथ विजेता टीम।




लंबी कूद करता छात्र।

खबर मन्त्र संवाददाता

**लातेहार/महुआडांड़।** नेतरहाट में चल रही सांसद खेल स्पर्धा का शुक्रवार को समापन हो गया। सांसद खेल स्पर्धा में जिलों में लातेहार और प्रखंड में महुआडांड़ की टीम ओवर ऑल चैम्पियन बनी, जिन्हे पद्मभूषण अशोक भगत और सांसद सुनील सिंह ने ट्रॉफी देकर सम्मानित किया। इससे पूर्व सांसद खेल स्पर्धा में आए सभी अतिथियों का स्वागत शॉल ओढ़ाकर और स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया। इस मौके पर विपक्षी दल के सचेतक विरेंची नारायण, सिमरिया विधायक किशुन दास, चतरा के पूर्व विधायक जनार्दन पासवान समेत कई अतिथि कार्यक्रम में बच्चों का हौसला अफजाई किये। मंच का संचालन शशि शेखर ने किया। इस मौके पर मुख्य अतिथि के तौर पर उपस्थित पद्मभूषण अशोक भगत ने सांसद सुनील सिंह द्वारा आयोजित किए सांसद खेल स्पर्धा की सराहना करते हुए कहा कि प्रतिस्पधाओं से जीवन में निखार आता है,आगे बढ़ने का हौसला मिलता है। इससे खेल के क्षेत्र में जहां एक ओर ग्रामीण प्रतिभाओं को एक मंच मिलेगा वही उनकी प्रतिभा निखर कर सामने आयेगी। शारीरिक व मानसिक विकास के लिए खेलकूद बहुत ही जरूरी है। इसलिए पढ़ाई के साथ-साथ खेलकूद भी बहुत जरूरी है। क्योंकि खेलकूद पढ़ाई का एक अहम अंग भी बन गया है। समापन समारोह में सांसद सुनील सिंह ने सभी खिलाड़ियों को प्रोत्साहित किया साथ ही अगले वर्ष पुनः सांसद खेल स्पर्धा आयोजित करने की घोषणा की। इस तीन दिवसीय स्पर्धा में लातेहार जिला, चतरा जिला एवं पांकी विधानसभा से सैकड़ो बच्चे शामिल जिसमें एक से बढ़कर एक खेल में अपना लोहा बनवाया। इसमें युवा शक्ति अपना दमखम दिखाया। यहां पर विभिन्न खेलों में जैसे दौड़ लंबी कूद, भाला फेंक, गोला फेंक, हाई जंप इत्यादि खेलों में बच्चों ने अपना श्रेष्ट प्रदर्शन किया। इस मौके पर नगर पंचायत अध्यक्ष सीतामनी तिर्की, जिप अध्यक्ष पूर्णिमा सिंह, मनिका प्रमुख प्रतिमा देवी, जिप सदस्य इस्तेला नगेसिया, संतोषी शेखर, सरोज देवी, सांसद प्रतिनिधि विनीत मधुकर, पंकज सिंह, राकेश दूबे, रामदेव सिंह, लाल रंजन नाथ शाहदेव, मुकेश सिंह, राजन तिवारी, संजय जायसवाल, दयानंद पांडेय, अंकित पांडेय, विवेक चंद्रवंशी, छोटू राजा, पवन कुमार समेत कई लोग मौजूद थे।

## स्पीड न्यूज

### पेड़ों के अवैध कटाई रोकने को लेकर ग्रामीणों ने वन प्रमंडल पदाधिकारी को सौंपा आवेदन

**लातेहार।** हेरहंज वन क्षेत्र के अंतर्गत ग्राम सलैया वन में पेड़ों के अवैध कटाई रोकने को लेकर ग्रामीणों ने वन प्रमंडल पदाधिकारी को आवेदन दिया है। ग्रामीणों ने आवेदन के माध्यम से बताया कि ग्राम सलैया के वन सीमा क्षेत्र जो हेरहंज रेंज के अंतर्गत पड़ता है जिसमें ग्राम सलैया निवासी जनार्दन प्रसाद सिंह पिता स्वर्गीय कुल्हेश्वर सिंह, रविरंजन सिंह पिता जनार्दन प्रसाद सिंह द्वारा दो मजदूर लगाकर फलदार वृक्षों जामुन तथा अन्य किमती पेड़ों की कटाई 14 जनवरी को कराई गई थी। जिसकी सूचना मोबाइल फोन से विभाग को दिया गया था परंतु कोई कार्यवाही नहीं किया गया। बता दे की ग्राम सलैया, कसमार एवं लातू की जनता का हित ग्राम सलैया वन क्षेत्र से जुड़ा हुआ है। वन सीमा के अंतर्गत पेड़ों की कटाई का उचित जांच अपने स्तर से करते हुए दोषियों के विरूद्ध कठोर कार्रवाई करने की मांग किया है। वही मौके पर बन्दलाल पासवान, कैलाश पासवान, प्रमेश्वर पासवान, मिथुन पासवान, लालजी गांधी, बिरजू पसवान, चितरंजन कुमार सिंह और उप मुखिया उपस्थित रहे।

### यूपीएस पत्थर टोली में विद्यार्थियों के बीच किया गया पठन-पाठन सामग्री का वितरण

**चंदवा।** प्रखंड के बनहरदी पंचायत अंतर्गत उत्क्रमित प्राथमिक विद्यालय पत्थर टोली में शुक्रवार को विद्यालय के विद्यार्थियों के बीच पठन-पाठन सामग्री का वितरण किया गया। कक्षा 1 से 2 तक के विद्यार्थियों के बीच 4-4 व 3 से वर्ग 5 तक के बच्चों के बीच 10-10 पीस नोट बुक का वितरण किया गया। मौके पर विद्यालय के प्रधानाध्यापक परमेश्वर उरांव समेत विद्यालय प्रबंधन समिति के लोग मौजूद थे।

### महुआडांड़ में सुन्नत तरीके से कमेटी के सदस्यों ने करायी शादी

**महुआडांड़।** जामा मस्जिद में शुक्रवार के दिन बाद नमाज जुम्मा सुन्नत तरीके से शादी कराई गई। इसकी जानकारी देते हुए जामा मस्जिद के सदर फहीम अहमद ने बताया कि महुआडांड़ प्रखंड के ग्राम लुरगुमी के सद्दाम अंसारी का निकाह सुन्नत तरीके से ग्राम पहाड़ कापू के गुलनाज खातून के साथ निकाह संपन्न कराया गया। निकाह जामा मस्जिद के इमाम मुफ्ती शब्बीर साहब के द्वारा पढ़ाया गया। इस दौरान जामा मस्जिद के कमेटी के द्वारा दोनों पक्षों व अन्य मेहमानों के लिए भोजन का भी इंतजाम किया गया था। महुआडांड़ के लिए यह मिसाल है की पहली बार जामा मस्जिद में अंजुमन कमेटी की तरफ से इस तरह का कार्य किया गया है। आजकल दहेज के दौर में भी सुन्नत तरीके से निकाह कराना एक मिसाल है। मौके पर अंजुमन कमेटी के शाहिद कमाल, रिंकू खान, रानू खान, मंजूर हसन, नसीम अंसारी, इस्तयाक अहमद समेत अन्य लोग मौजूद थे।

### ट्रक चलाने के नाम पर रंगदारी मांगे जाने का आरोप

**बालूमाथ।** बालूमाथ प्रखंड क्षेत्र स्तिथ तेतरियाखांड़ कोलियरी में ट्रक चलाने के नाम पर फिर से रंगदारी मांगे जाने का मामला सामने आया है। इस बार बालूमाथ के कोमर ग्राम निवासी कमलेश सिंह पिता जयनंदन सिंह ने बालूमाथ थाना में आवेदन देकर कहा है कि वह कैंसर पीड़ित हैं। उनका ईलाज पटना के पारस हॉस्पिटल में चल रहा है। वह अपने घर परिवार को चलाने के लिए एक ट्रक खरीदे हैं। जो तेतरियाखांड़ कोलियरी में चलता है। जिसका रजिस्ट्रेशन नंबर जेएच 09एए4998 है। लेकिन पिछले कुछ समय से तेतरियाखांड कोलियरी में ट्रक को प्रवेश करने देने के नाम पर गिरधारी यादव ग्राम नगड़ा थाना बालूमाथ निवासी के द्वारा 50,000 रंगदारी की मांग की जा रही है। कमलेश सिंह ने आरोप लगाते हुए कहा कि जब वे कोलियरी गए हुए थे इसी दौरान गिरधारी यादव और कुछ दबंग किस्म के आदमियों के साथ आए और गाली-गलौज करते हुए कहा कि तुम्हारा बाप का कोलियरी है। यहां से भागो नहीं तो जान से मार देंगे। इससे पहले भी गिरधारी यादव के द्वारा कई लोगों से रंगबाजी किया है और अभद्र भाषा का प्रयोग किया है। मेरे पास इतना पैसा नहीं है कि मैं दे सकू। उन्होंने ने बालूमाथ थाना प्रभारी से पूरे मामले की छानबीन करते हुए कारवाई की मांग की है।

## बरवाडीह में सामूहिक विवाह समारोह का आयोजन, 38 जोड़े शादी के बंधन में बंधे

# वंचित जोड़ों के सपनों को किया साकार : मथुरा प्रसाद


सामूहिक विवाह कार्यक्रम में उपस्थित नेतागण और गणमान्य।

खबर मन्त्र संवाददाता

**बरवाडीह।** समाज कल्याण विभाग लातेहार और राज्य की स्वयंसेवी संस्था नीलांबर -पीतांबर विकास सोसाइटी ने शुक्रवार को बेतला स्थित जनता लॉज में 38 वंचित जोड़ो का सामुहिक विवाह समारोह का आयोजन किया। कार्यक्रम में बतौर मुख्य अतिथि उपस्थित झारखण्ड सरकार के सचेतक सह टुंडी विधानसभा क्षेत्र के विधायक मथुरा प्रसाद महतो के साथ-साथ यूथ कांग्रेस के स्टेट कोर्डिनेटर विजय बहादुर सिंह, विधायक प्रतिनिधि प्रेम सिंह, कांग्रेस प्रखंड अध्यक्ष प्रिंस गुप्ता, सोसाइटी के अध्यक्ष शशि भूषण तिवारी, सचिव बिलासी टोपनो तथा बीस सूत्री अध्यक्ष नसीम अंसारी ने संयुक्त रूप से फीता काटकर कार्यक्रम का उदघाटन किया। जहां मथुरा प्रसाद महतो ने कार्यक्रम की सराहना करते हुए कहा कि सोसाइटी द्वारा वंचित जोड़ों की मदद करने के लिए यह एक अनूठी पहल की गई है, संस्था ने वंचित जोड़ों की शादी कराकर उनके सपनों को साकार करने का काम किया है। संस्था के अध्यक्ष शशि भूषण ने बताया कि हमारे संस्था के सदस्यों ने ग्रामीण क्षेत्रों में घूम-घूमकर लोगों को जागृत करने का काम किया और कई जोड़ों को सामूहिक विवाह में विवाह करने के लिए राजी करने का काम किया। आज हमारे सदस्यों की कड़ी मेहनत के बदौलत इन सभी जोड़ों का विवाह पूरे रीति रिवाज के साथ स्थानीय पुजारी और गणमान्य लोगों की उपस्थिति में संपन्न कराया गया। वहीं विजय बहादुर सिंह ने कहा कि इस तरह के सामुहिक विवाह के आयोजन से बच्चों के गरीब माता पिता को काफी लाभ होगा। इससे विवाह में होने वाले फिजूलखर्ची रोकी जा सकती है। सामुहिक विवाह कार्यक्रम में उपस्थित गणमान्य लोगों ने नवविवाहित जोड़ों को आशीर्वाद दिया। कार्यक्रम में संस्था के सदस्य देवनाथ सिंह, डीएन राम, रामनाथ उरांव, मो सलीम, मो सईद, अजीत कुमार, समेत कई गणमान्य लोग उपस्थित थे।

## खरवार भोगता विकास संघ की बैठक संपन्न



**बारियातू।** प्रखंड के सिबला पंचायत अंतर्गत राजगुरु के जिरहूला मे खरवार भोगता विकास संघ के बैनर तले योगेंद्र गंझु की अध्यक्षता मे बैठक की गई। जहां समाज को शिक्षित, संगठित व नशामुक्त बनाने को लेकर चर्चा की गई। मुख्य अतिथि सिमरिया प्रखंड अध्यक्ष छोटू गंझु ने उपस्थित लोगों को कहा की अभी हमलोगो के समाज काफी दबे कुचले हैं। सामाजिक परिवर्तन के लिए आप सभी अपने अपने बच्चों को शिक्षित करें। शिक्षा से ही बदलाव सम्भव है। वहीं राजेश गंझु ने कहा की आर्थिक स्थिति को मजबूत करने के लिए शराब पीना नशाखोरी पर विराम लगाना जरुरी है। शराब पीने से आर्थिक नुकसान, शारीरिक नुकसान के साथ पारिवारिक कलह बढ़ता है। इसलिए हमारे समाज को शराब नहीं पीने का संकल्प लेना चाहिए। वहीं रामा गंझु ने कहा की समाज को बिखरे रहने के कारण शोषण होता है इसलिए हम सभी को संगठित रहना जरुरी है। मौके पर प्रखंड अध्यक्ष बहादुर गंझु, जागेश्वर गंझु, कुलदीप गंझु, पूरन गंझु, बासदेव गंझु, प्रमिला देवी, कबूतरी देवी, मँतोरिया देवी, मंजू देवी, तेतरी देवी, छठनी देवी सहित कई खरवार भोगता समाज के महिला पुरुष मौजूद थे।

## उपायुक्त की अध्यक्षता में कार्यकारिणी की बैठक


बैठक करते उपायुक्त व अन्य।

- उपायुक्त ने योजनाओं के क्रियान्वयन एवं योजनाओं को ससमय पूर्ण करने के संबंध में आवश्यक व उचित दिशा निर्देश दिये

खबर मन्त्र संवाददाता

**लातेहार।** उपायुक्त भोर सिंह यादव की अध्यक्षता में जिला योजना अनाबद्ध निधि अंतर्गत वित्तीय वर्ष 2022-23 में प्राप्त आवंटन से नई योजनाओं के चयन हेतु जिला योजना कार्यकारिणी समिति की बैठक समाहरणालय सभागार में आयोजित की गई। बैठक में विभिन्न विभागों से प्राप्त अनावद्ध निधि से कार्यान्वयन हेतु कुल 43 योजनाओं को रखा गया। बैठक के दौरान पीसीसी पथ निर्माण, पथ के निर्माण व मरम्मती, नाला निर्माण, पुलिया निर्माण, विवाह मंडप के पास कलभर्ट एवं गार्डवाल निर्माण, जनप्रतिनिधियों एवं बीडीओ द्वारा प्राप्त योजनाओं पर चर्चा करते हुए कुल 25 योजनाओं को पारित किया गया। बैठक में उपायुक्त ने जनप्रतिनिधियों से प्राप्त विभिन्न अनुशंसाओं के आलोक में हो रहे कार्यों की जानकारी लेते हुए योजनाओं के क्रियान्वयन एवं योजनाओं को ससमय पूर्ण करने के संबंध में आवश्यक व उचित दिशा निर्देश दिए। वहीं उन्होंने अधिकारियों को नियमित रूप से क्षेत्र भ्रमण कर कार्य प्रगति की समीक्षा करने एवं ससमय पूर्ण कराने का निर्देश दिया।

बैठक में परियोजना निदेशक विंदेश्वरी ततमा, अपर समाहर्ता आलोक शिकारी कच्छप, सिविल सर्जन दिनेश कुमार, अनुमंडल पदाधिकारी, लातेहार शेखर कुमार, जिला योजना पदाधिकारी संतोष भगत, जिला पशुपालन पदाधिकारी, जनप्रतिनिधि सहित अन्य पदाधिकारी एवं विडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से सभी प्रखंड विकास पदाधिकारी व अन्य उपस्थित थे।

## एक नजर में

### हाथियों का आतंक जारी, फिर किया दो घर ध्वस्त

- महुआडांड़ पहुंच प्रभावित ग्रामीणों से मिले विधायक रामचंद्र सिंह



**महुआडांड़।** महुआडांड के वन प्रक्षेत्र के जंगलों में हाथियों का उत्पात पिछले छः दिनो से जारी है। प्रखंड के नेतरहाट पंचायत अंतर्गत हुंसबु गांव में जंगली हाथियों के उत्पात से एक बच्चें की मौत हो गई थी और बच्चें की मां और भाई घायल हो गए थे वही हाड़ीबार गांव में चार ग्रामीणों के घरों को क्षतिग्रस्त कर दिया था,घटना की जानकारी मिलने पर शुक्रवार को स्थानीय विधायक रामचन्द्र सिंह प्रभावित परिवारों से मिलने पहुंचे। उन्होंने हुंसबु और हाड़ीबाड़ में हाथियों द्वारा की गई क्षति का जायजा लिया तथा सभी पीड़ित परिवारों को जल्द से जल्द सहायता राशि मुहैया कराने का निर्देश रेंजर बृंदा पांडेय को दिया ।वही पीड़ित परिवार के अजय नगेसिया को पांच हजार रुपए सहायता राशि उपलब्ध कराई। इस दरमियान विधायक ने ग्रामीणों के बीच कंबल वितरित भी किया। मौके पर एसडीपीओ राजेश कुजूर, बीडीओ अमरेन डांग, रेंजर बृंदा पांडेय, कांग्रेस नेता सह बीस सुत्री सदस्य रामनरेश ठाकुर, अजित पाल कुजुर, नुरुल अंसारी समेत कई कांग्रेसी कार्यकर्ता मौजूद थे।

### मारपीट व पैसा लूटने का आरोप

**बालूमाथ।** बालूमाथ थाना क्षेत्र के हाथडीह ग्राम निवासी विपिन यादव ने बालूमाथ थाना में आवेदन देकर मारपीट व चाकू दिखाकर पैसा लूटने का आरोप लगाया है। दिए गए आवेदन में कहा है कि मेरे साथ कुंदेश्वर यादव पिता बिहारी यादव दोनों बालूमाथ से अपने घर हांथडीह जा रहे थे। इसी बीच गुरुवार की संध्या लगभग 7:00 बजे कोमर ग्राम निवासी शुभम सिंह उम्र 21 वर्ष पिता स्व.भरत सिंह, रोशन सिंह उम्र 26 वर्ष पिता बृक्ष सिंह, गोलू सिंह उम्र 31 वर्ष पिता अनिल सिंह, बिट्टू सिंह उम्र 26 वर्ष पिता प्रदीप सिंह और विवेक सिंह उम्र 35 वर्ष पिता कृष्णा सिंह सभी ग्राम कोमर थाना बालूमाथ निवासी ने अचानक आकर गाली गलौज करने लगे और मारपीट आरंभ कर दिया एवं चाकू दिखाकर बोला जितना रुपया है उतना दे दो नहीं तो जान से मार कर फेंक देंगे। कुण्देश्वर यादव के पास 2000/- जबरन लूट लिया। आवेदन में विपिन यादव ने बालूमाथ थाना प्रभारी से उपरोक्त सभी व्यक्ति पर कार्रवाई की मांग की है।

### जमीरा पंचायत में हुआ विकास शिविर का आयोजन


शिविर में उपस्थित महिलाएं।

**चंदवा।** लातेहार उपायुक्त भोर सिंह यादव के निदेर्शानुसार शुक्रवार को प्रखंड के जमीरा पंचायत सचिवालय परिसर में वर्ष 2023-24 के लिए वार्षिक कार्य योजना तैयार करने को लेकर विशेष ग्राम सभा का आयोजन किया गया। ग्राम सभा की अध्यक्षता ग्राम प्रधान सह झमुमो के जिला उपाध्यक्ष सितमोहन मुंडा ने किया। बैठक में मुखिया दुर्गावती देवी, पंचायत सचिव इसीदोर आइंद, रोजगार सेवक मुकेश अग्रवाल की मौजूदगी में आंगनबाड़ी मरम्मती, पीसीसी, नाली, तालाब, कुआं, बकरी शेड, सुकर पालन शेड, गाय शेड, आवास समेत अन्य योजनाओं को लेकर कार्ययोजना तैयार की गई। इस दौरान डीएमएफटी फंड से भी बड़ी योजनाओं का संचालन पंचायत में करने को लेकर गंभीरता से चर्चा किया गया। मुखिया दुर्गावती देवी ने कहा कि योजनाओं का चयन जनहित को ध्यान में रखकर करें ताकि तभी गांव व पंचायत का विकास हो और ग्रामीण सरकार की योजनाओं से जुड़ कर लाभ उठा सकें। मौके पर पंसस बल्कु मुंडा, वार्ड सदस्य बसंती देवी, मंजू देवी, दिलीप मुंडा, जगेश्वर गंझू, देवंति देवी, सुनीता देवी समेत काफी संख्या में ग्रामीण मौजूद थे।

## रविदास जयंती मनाने को लेकर बैठक संपन्न



**हेरहंज।** प्रखंड के घूरे ग्राम मे संत शिरोमणि रविदास जयंती मनाने को लेकर हिरामन राम के अध्यक्षता मे बैठक कर कमिटी का विस्तार किया गया। संत शिरोमणि रविदास जयंती पांच फरवरी को मनाने को लेकर बैठक की गई। जहां उनके जीवन संघर्ष के संबंध मे उपस्थित लोगों के साथ चर्चा की गई। साथ ही शांतिपूर्ण वातावरण के साथ रविदास जयंती मनाने के लिए कमिटी का भी विस्तार किया गया। जिसमे सर्वसम्मति से अध्यक्ष हीरामन राम, उपाध्यक्ष अशोक राम, सचिव धुब राम, उप सचिव प्रमोद राम, कोषाध्यक्ष संतोष राम, उपकोषाध्यक्ष अजय राम बनाए गए। वहीं उपस्थित लोगों को बताया गया की संत शिरोमणि रविदास जी की बताये गए मार्गो पर चलने की आवश्यकता है। मौके पर सत्येंद्र राम, जितेंद्र राम, दिलीप राम, अरविन्द राम, राजू, रंजीत, मनदीप, मुकेन्द्र, प्रदीप व बिनोद राम सहित अन्य लोग मौजूद थे।

### बरवाडीह, महुआमिलान व चंदवा थाना अंतिम 8 में

**चंदवा।** युवा भारत द्वारा स्थानीय खेल स्टेडियम में आयोजित जस्टिस एलपीएन शाहदेव टी-10 कैनवास क्रिकेट टूनामेंट में शुक्रवार को हुए के पहले राउंड के अंतिम मैच में बरवाडीह ने देवनादिया को 104 रनों के विशाल अंतर से हराया। इस मैच के मैन ऑफ द मैच सुधीर को दिया गया। दूसरे राउंड के पहले मैच में महुआमिलान ने कुसुमटोली को 45 रनों से हरा दिया। इस मैच के मैन ऑफ द मैच हेमंत कुमार बने। दूसरे राउंड के दूसरे मैच के रोमांचक मुकाबले में चंदवा थाना की टीम ने ब्राइट फ्यूचर स्कूल को 13 रनों से हरा दिया। इस मैच के मैन ऑफ द मैच चंदवा थाना के सूरज को दिया गया। वही दिन का अंतिम मैच में बरवाडीह की टीम ने खान स्पोर्टिंग क्लब की टीम को 23 रनों से हरा दिया। इस मैच के मैन ऑफ द मैच दीपक बने। टूनामेंट के सफल आयोजन मेंआकाश, अक्षय, दारा, मनीष, रंजन, जूनियर जी आदि लगे हुए है।

## बरवाडीह : सरकारी विद्यालय मध्याह्न भोजन के लिए बनता जा रहा है लूट का अखाड़ा

# शुक्रवार को हरातु विधालय में बच्चों की थाली से अंडा रहा गायब

- शासकीय स्तर पर किये जा रहे तमाम प्रयास के बावजूद पटरी पर नहीं लौट रही है व्यवस्था

खबर मन्त्र संवाददाता

**बरवाडीह।** राज्य के सरकारी विद्यालयों में शिक्षा के साथ-साथ मध्यान भोजन की दिशा में सुधार को लेकर शासकीय स्तर पर किए जा रहे तमाम प्रयास के बावजूद व्यवस्था पटरी पर नहीं लौट रही हैं। आज भी शिक्षक सरकार और अधिकारियों के निर्देशों को खुलकर धज्जियां उड़ाने से बाज नहीं आ रहें है। ताजा मामला बरवाडीह प्रखंड के हरातू पंचायत अंतर्गत राजकीय उत्कर्मित मध्य विद्यालय हरातु का है। जहां शुक्रवार को बच्चों को एमडीएम में मिलने वाला अंडा गायब रहा। आलू सोयाबीन की सब्जी के साथ दाल चावल ही बच्चों को खाने में परोसा गया। **खबर मंत्र** ने जब विद्यालय में मौजूद शिक्षकों से पूछताछ की तो सहायक शिक्षक नगेसिया ने बताया कि एमडीएम की जिम्मेवारी प्रधानाध्यापक उमेश कुमार सिंह की है, जो आज विद्यालय ही नहीं आए हैं।

### क्या कहते है प्रधानाध्यापक उमेश सिंह


हरातु विद्यालय में लकड़ी के चूल्हे पर बनता भोजन।

इस संबंध में दूरभाष पर पूछे जाने पर विद्यालय के प्रधानाध्यापक उमेश सिंह ने कहा कि वह बीआरसी में छुट्टी का आवेदन दिए है। वहीं बच्चों को अंडा नहीं दिए जाने के सवाल पर उन्होंने कहा कि सहयोगी शिक्षकों को अंडा मंगा लेने के लिए कहे थे। वहीं लकड़ी के चूल्हे के सवाल पर उन्होंने संतोषजनक जवाब नहीं दिया।

### शासन-प्रशासन के निर्देशों की हो रही है खुलकर अवहेलना

इस बाबत शिक्षकों से पूछे जाने पर उन्होंने दुबारा वही जवाब दिया कि हम इसमें क्या कर सकते है, एमडीएम और गैस चूल्हा इत्यादि की जिम्मेवारी विद्यालय के अध्यक्ष और प्रधानाध्यापक की है। इससे यह कहना कतई गलत नहीं होगा कि सरकारी विद्यालय मध्यान भोजन के लिए लूट का अखाड़ा बनता जा रहा है। वहीं कारवाई के नाम पर अधिकारियों द्वारा सिर्फ स्पष्टीकरण देने की खानापूर्ति कर अपना पल्ला झाड़ लिया जाता है। जिससे शिक्षको पर इसका कोई प्रभाव नहीं पड़ता है, और न ही व्यवस्था में सुधार हो पाता है।

### लकड़ी के चूल्हे पर बनता है भोजन

इस दौरान विद्यालय परिसर में धुंआ पसरा हुआ था। रसोई में जाने से पता चला की यहां वर्षो से लकड़ी के चूल्हे पर मध्यान भोजन बनाया जाता है। जिसके धुएं से रसोइया के साथ-साथ स्कूली बच्चों की सेहत पर भी बुरा प्रभाव पड़ रहा है। रसोइया ने बताया कि कई वर्ष पूर्व मिले गैस सिलेंडर के एक बार खत्म होने के बाद दुबारा यहां गैस चूल्हे का इस्तेमाल हुआ ही नहीं है। यहां लंबे समय से लकड़ी के चूल्हे पर ही खाना बनाया जाता है।

### मामले पर होगी कार्रवाई : बीडइओ

इस संबंध में जिला शिक्षा पदाधिकारी प्रिंस कुमार ने कहा कि बरवाडीह बीईईओ सक्षम पदाधिकारी है। मामले में निश्चित रूप से कारवाई होगी। प्रखंड शिक्षा प्रसार पदाधिकारी ने भी एमडीएम में अंडा नहीं दिए जाने और लकड़ी के चूल्हे पर भोजन बनाने के मामले में शोकोज करते हुए कारवाई किए जाने की बात कही है।

## स्पीड न्यूज

### कुरपनिया के पीडीएस दुकानदार का लाइसेंस रद्द

**बेरमो।** बेरमो प्रखंड अंतर्गत कुरपानिया में संचालित मिथिला देवी के पीडीएस दुकान का लाइसेंस रद्द कर दिया गया है। गुरुवार को बेरमो बीडीओ मधु कुमारी ने कार्रवाई करते हुए लाइसेंस रद्द कर दिया। पीडीएस डीलर पर राशन वितरण में लाभुकों के साथ मनमानी करने व अनियमितता बरते जाने के कारण विभाग के निर्देश पर अनुज्ञप्ति रद्द कर दी गई।

### सीआरएम में कार्मिक कार्यक्रम संपन्न

**बोकारो।** बीएसएल के सीआरएम-1 व 2 में कार्यस्थल पर कार्मिक नामक कार्यक्रम का आयोजन किया गया जिसमें जीएम (सीआरएम-1,2) बी मिश्रा, जीएम (कार्मिक-संकार्य) वी बक्शी, प्रबंधक (कार्मिक-संकार्य) सुष्मिता सोरेन सहित सीआरएम-1,2 तथा कार्मिक विभाग के अन्य अधिकारी एवं कर्मी उपस्थित थे। कार्मिक विभाग के अधिकारियों ने सीआरएम-1,2 के कर्मियों को अवकाश से संबंधित विभिन्न नियम, एमआईबी स्कीम, फाइनल सेटलमेंट, सेवानिवृत्ति के दौरान मिलने वाली सुविधाएं, पीएफ ई-नॉमिनेशन इत्यादि के बारे में विस्तार से बताया।

### संपदा न्यायालय बोकारो का अभियान जारी

**बोकारो।** सम्पदा न्यायालय, बोकारो द्वारा मजिस्ट्रेट दीपक कुजूर के नेतृत्व में चलाए जा रहे अभियान के तहत अवैध कब्जा वाले सेक्टर-पांच सी के 1117 व 1210, नौ ए के 650 व 120, नौ डी का 1482,ग्यारह डी का 2279, बारह बी के 4023, 4046, 4048, 4052 व 4101 एवं बारह एफ का 2037 नंबर आवास खाली कराए गए। अवैध कब्जाधारियों का सामान भी सम्पदा न्यायालय द्वारा जब्त कर लिया गया है।

### मजदूर नेताओं की दलाली से बढ़ा प्रबंधन का मनोबलः मजदूर संगठन

**झरिया।** आउटसोर्सिंग के दलाल बन गए हैं उनके इशारे पर प्रबंधन मजदूर विरोधी और पीने का पाइप तथा पुनर्वास नीति का जो विरोध करता है। उन्हें आउटसोर्सिंग के द्वारा तथा प्रबंधन मजदूरों पर कहां रहती है।कुजामा कोलियरी पर आरोप लगाते हुए सुरेश गुप्ता ने कहा यह तीन मजदूरों का अभी तक सर्विस बाकी बची हुई है। कुछ महीना प्रबंधन उन्हें जनवरी में ही बैठाने का निर्देश चिट्ठी दे चुका है। प्रबंधन के इस रियल रवैया से यहां के ग्रामीण तथा मोर्चा के सदस्यों ने चेतावनी देते हुए कहा कि आंदोलन को ऐड करेंगे।

### रक्तदान शिविर का आयोजन

**बेरमो।** मारवाड़ी युवा मंच फुसरो शाखा द्वारा स्थापना दिवस के शुभ अवसर पर अग्रसेन भवन फुसरो में रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया। जिसमें दर्जनों लोगों ने रक्तदान किया। ज्ञातव्य हो स्थापना दिवस के अवसर पर मारवाड़ी युवा मंच कुछ ना कुछ कार्यक्रम का आयोजन करते रहता है। जो जनोपयोगी और जन हितेषी होता है। युवा व्यवसाई संघ फुसरो के अध्यक्ष आर उनेश ने कहा मारवाडी समाज हिंदू ,हिंदी और हिंदुस्तान के बेहतरी के लिए शुरू से ही प्रयासरत रहा है।

### मजदूरों के सच्चे हितैषी थे बिंदेश्वरी दुबे : जयमंगल

**बेरमो।** फुसरो ।राष्ट्रीय कोलियरी मजदूर यूनियन के प्रधान कार्यालय 5 न० धौडा ढोरी मे बिहार के पूर्व मुख्य मंत्री बिंदेश्वरी दुबे का पुण्य तिथि मनाया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता राकोमसं के सीसीएल रीजनल अध्यक्ष गिरिजा शंकर पाण्डेय तथा संचालन सचिव शिवनंदन चौहान ने किया। सर्वप्रथम उनके चित्र पर सभी ने पुष्प अर्पित कर श्रदांजली दिया। मुख्य अतिथि विधायक कुमार जयमंगल सिंह ने कहा कि बिन्देश्वरी दूबे मजदूरों के सच्चे हितेषी थे। उनके बताये मार्ग का अनुसरण करने से ही मजदूरो का भला होगा। आज मैं जो भी उसमे बिन्देश्वरी दुबे और राजेन्द्र बाबू का आशीर्वाद है। इस अवसर पर सैकड़ो गरीबो के बीच कंबल वितरण किया गया। मौके पर नीतू सिंह, छेदी नोनीया,अंजनी त्रिपाठी,अजय सिंह,प्रमोद सिंह,गणेश मल्लाह, प्रदीप सिंह आदि ने सम्बोधित किया।

### आक्रोशित लोगों ने निरंजन के शव को रख कर कतरास मोड़ को किया जाम

# झरिया पुलिस के खिलाफ जमकर नारेबाजी

खबर मन्त्र संवाददाता

**झरिया।** निरंजन की मौत से आक्रोशित लोगों ने शुक्रवार की दोपहर निरंजन के शव को कतरास मोड़ पर रखकर कतरास मोड़ को जाम कर दिया। झरिया में गुरुवार को सिंह मेंशन व रघुकुल समर्थकों के बीच खूनी संघर्ष हुआ था। इस दौरान तलवारबाजी, पत्थरबाजी के साथ गोली-बम भी चले थे। इस दौरान निरंजन घायल हो गया था जिसे बेहतर इलाज के लिए धनबाद से दुगार्पुर रेफर किया गया था मगर रास्ते में ही निरंजन की मौत हो गई, जिस कारण बस्ती के लोग काफी उग्र हो गए हैं। कुछ दिनों पूर्व गुलगुलिया बस्ती के दर्जनों महिला व युवको ने कांग्रेस छोड़कर भाजपा में शामिल हो गए थे। जिसके बाद या खूनी संघर्ष हुआ था। निरंजन की मौत के बाद शुक्रवार को पोस्टमार्टम के बाद शव के झरिया पहुंचते ही स्थानीय लोग शव को कतरास मोड़ पर बीच सड़क में रखकर सड़क जाम कर दिया। मौके पर वर्तमान हेमंत सरकार और पुलिस की कार्यप्रणाली के खिलाफ लोग जमकर नारेबाजी कर रहे हैं। वहीं पुलिस मौके पर पहुंचकर स्थिति को सामान्य करने के प्रयास में जुटी हुई है। शव रखकर सड़क जाम होने से धनबाद- सिंदरी, झरिया- केंदुआ-बोकारो- कतरास मार्ग पर यातायात पूरी तरह ठप्प है। जबकि आक्रोशित स्थानीय लोग सड़क पर टायर जलाकर नारेबाजी कर रहे हैं। मालूम हो कि झरिया थाना क्षेत्र स्थित सिंह नगर के समीप भुइयां टोली में गुरुवार की सुबह गोली-बम की धमाकों से पूरा इलाका गूंज उठा था। लोगों में भय और दहशत का माहौल तथा इलाके में अफरा-तफरी मची हुई देखी गई थी। वही इलाके में खुलेआम गोली-बम चलने से कई लोगों को गंभीर चोटें आई थी। जिसमें घायलों को धनबाद के शहीद निर्मल महतो मेडिकल कॉलेज एंड हॉस्पिटल भेजा गया। एसएनएमएमसीएच पहुंचे घायल निरंजन कुमार को बिहार इलाज के लिए दुगार्पुर ले जाय जा रहा था तो रस्ते में उसकी मौत हो गयी थी। बताया जा रहा है। वह कैटरिंग का काम करता है। स्थानीय लोगों का कहना था कि एक ही परिवार के दो राजनीतिक दल वाले परिजन के समर्थकों के बीच में गोलीबारी और बमबारी की घटना हुई है।

### झरिया बम-गोलीकांड का मामला



### 4 लोगों पर मारपीट करने का आरोप

**बाघमारा।** निचितपुर टू पंचायत के मुखिया फागु महतो ने शुक्रवार को बरोरा पुलिस पुलिस को लिखित शिकायत देते हुए अपने ही गांव के चार लोगो पर जान से मारने की नीयत से मारपीट करने का आरोप लगाया है। फागु महतो ने बताया की झारखंड सरकार का जमीन है जिस पर पूर्व से गोचर ,तालाब, प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र सरकारी निधी से बना हुआ है जिसका जमाबंदी रोकने के लिए उपयुक्त महोदय, बाघमारा अंचला अधिकारी को 25 / 11 / 2022 को आवेदन देकर रोकने की मांग किया था। तब से मेरे ही गांव के नारायण साहु, महादेव साहु, अमित साहु, अमन कुमार साहु के द्वारा फोन पर बराबर जान से मारने व गाली-गलौज करते रहते थे और मुझे देखते ही मारने पीटने के तैयार हो जाते थे। मेरे साथ मनोज कुम्हार नामक युवक था इसलिए शायद मै बच गया। मै किसी तरह से बरोरा थाना पहुंचा मुझे विश्वास है की मेरी जान कभी भी इनलोगो के हाथो से जा सकती है।

# अपराधियों ने रामबाबू प्रसाद के चालक की मां को मारी गोली

खबर मन्त्र संवाददाता



**झरिया।** रघुकुल समर्थक रामबाबू प्रसाद के वाहन चालक लोअर चौथाई कुल्ही इवासी मोईन की मां शकीना खातून (60 वर्ष) को बुधवार की रात बाइक सवार दो अपराधियों ने मारी गोली। शकीना घायल अवस्था में धनबाद पीएमसीएच में चलरहा इलाज। सूचना पाकर मौके पर पहुचे झरिया थानेदार पंकज कुमार झा। बताते है कि गोली महिला के बाए कंधे पर लगी। जिससे वह गंभीर रूप से घायल हो गई. घायल महिला के पुत्र नईम अंसारी ने बताया कि क्षेत्र में पानी की बड़ी किल्लत है।

**सरकारी नल पहुचते मारा गोलीः** सरकारी नलों में पेयजल आपूर्ति की कोई समय सीमा नहीं है।. रात में कभी भी पानी की सप्लाई होती है। उनकी मां शकीना खातून रात लगभग 12 बजे गली में सावर्जनिक नल के समीप पहुंची ही थी कि तभी पीछे से एक बाइक पर सवार दो लोगों ने उनपर गोली चला दी।वह कुछ समझ पाती तब तक बाइक सवार अपराधी धस्काप‌ट्टी की रास्ते भाग निकले।

**गुटीय खूनी संघर्ष की आशंकाः** सूचना पर झरिया पुलिस के गश्ती दल को दी गयी। पुलिस ने घायल वृद्ध महिला को स्थानीय निजी अस्पताल पहुंचाया। जहां से उसे धनबाद एसएनएमसीएच ले जाया गया। इलाज के बाद महिला की स्थिति पहले से बेहतर बताई जा रही है। नईम अंसारी के अनुसार उनकी व उनके परिवार की किसी से कोई दुश्मनी नहीं है।. हालांकि कुछ स्थानीय लोग इस घटना को गुरुवार की सुबह रघुकुल व सिंह मेंशन समर्थकों के बीच खूनी टकराव से जोड़ कर देख रहे है। जिस जगह वृद्ध महिला पर गोली चलाई गई।

वह जगह धनंजय यादव के आवास से मात्र पचास कदम की दूरी पर है। बता दें कि गुरुवार की सुबह रामबाबू धिक्कार व धनंजय यादव के समर्थकों के बीच ही खूनी संघर्ष हुआ था. बमबाजी व फायरिंग में कई लोग जख्मी हुए थे. इस टकराव में एक घायल युवक निरंजन तांती की मौत भी अस्पताल में हो चुकी है। झरिया थाना प्रभारी पंकज झा ने बताया कि एक वृद्ध महिला को गोली लगी है, जिसे इलाज के लिए भर्ती कराया गया है। पुलिस पूरे मामले की जांच पड़ताल में जुटी है।

### जीर्णोद्धार के लिए प्रखंड विकास पदाधिकारी से पहल

**गोविंदपुर।** गोविंदपुर प्रखंड की विभिन्न समस्याओं को लेकर जिप सदस्य स्वाति कुमारी एवं झामुमो नेता एजाज अहमद के नेतृत्व में एक प्रतिनिधिमंडल ने प्रखंड विकास पदाधिकारी संतोष कुमार से वार्ता की इसमें जिला परिषद क्षेत्र संख्या 14 और 13 की ग्रामीण सड़कों के डीएमएफटी से जीर्णोद्धार के लिए प्रखंड विकास पदाधिकारी से पहल करने की मांग की गई कहा गया कि गोविंदपुर क्षेत्र की अनेक महत्वपूर्ण सड़कें जर्जर हालत में है इससे लोगों को आवाजाही में भारी कठिनाइयों का सामना करना पड़ रहा है प्रखंड विकास पदाधिकारी ने संबंधित पंचायत के मुखिया से इस संबंध में प्रस्ताव पारित कराकर कॉपी उपलब्ध कराने की सलाह दी उन्होंने कहा कि प्रखंड प्रशासन द्वारा आम सभा के प्रस्ताव को जिला तक भेजा जाएगा इससे सड़कों का जीर्णोद्धार हो सकेगा।

## सीएससी ओलंपियाड में डीपीएस बोकारो के 9 विद्यार्थियों ने मारी बाजी



खबर मन्त्र संवाददाता

**बोकारो।** डिजिटल इंडिया योजना के तहत विद्यालय पाठ्यक्रम पर आधारित सीएससी ओलंपियाड में पांच लाख से अधिक प्रतिभागियों के बीच डीपीएस बोकारो के कुल नौ छात्र-छात्राओं ने सफलता हासिल की है।

पूरे झारखंड से केवल 2 विद्यार्थियों अक्षत प्रियदर्शी एवं श्रेष्ठा रूपम द्विवेदी को रैंक- 1 मिला और दोनों इसी स्कूल के रहे। राज्यभर में रैंक 2 हासिल करने वाले 5 में से 4 हर्षित चंदन, आर्यमन शौर्य, आरूष एवं शुभ और रैंक 3 पाने वाले 5 में से तीन समीक्षा गुप्ता, आर्या एवं आराध्या सिंह डीपीएस बोकारो के हैं। रैंक 1 को एक वर्ष तक प्रतिमाह 1800 रुपए, रैंक 2 को 1200 रुपए तथा रैंक 3 को 600 रुपए छात्रवृत्ति के रूप में दिए जाएंगे। विद्यालय में प्राचार्य डॉ. ए. एस. गंगवार ने इस ओलंपियाड में सफल रहे सभी विद्यार्थियों को पुरस्कृत कर प्रोत्साहित किया और उनके उज्जवल भविष्य की कामना की।

## बोकारोः टुसू मेला में उमड़ा लोगों का हुजूम

खबर मन्त्र संवाददाता

**बोकारो/ कसमार।** कसमार प्रखंड के मंजूरा स्थित राम लखन टुंगरी मेला में श्रद्धालुओं ने मेला परिसर स्थित भगवान राम के मंदिर व अन्य प्रतिमाओं के समक्ष मत्था टेका।वहीं टुसू प्रतियोगिता में प्रथम, द्वितीय व तृतीय स्थान पाने वाले टीम को पुरस्कृत किया गया। मेले में राज्य समन्वय समिति सदस्य सह दर्जा प्राप्त राज्यमंत्री योगेन्द्र प्रसाद महतो, विधायक लंबोदर महतो, जिप सदस्य अमरदीप महाराज व प्रखंड प्रमुख नियोती कुमारी भी मेले में पहुंचे।योगेन्द्र प्रसाद महतो ने कहा कि इस स्थल को पर्यटन स्थल का दर्जा दिलाने व भव्य राम मंदिर बनाने पर काम किया जायेगा। विधायक लंबोदर महतो ने कहा कि झुमर नृत्य व गीतों की हर कला किसान व प्रकृति से जुड़ी हुई है। मौके पर विधायक प्रतिनिधि कौशल्या देवी, पूर्व मुखिया नरेश महतो, आजसू नेता, अशोक महतो, संतोष महतो, रविशंकर महतो, शिशुपाल महतो, जेठू महतो, चरकू महतो, साधु चरण महतो, बैजनाथ महतो, संजय महतो, शीतल मसली बंशीधर महतो, दिनेश महतो, नरेश घांसी, धनेश्वर सिंह, हरेंद्र महतो, पुसु घांसी आदि मौजूद थे।



### गोविंदपुर में आज लगेगा ऊर्जा मेला

खबर मन्त्र संवाददाता

**गोविंदपुर।** गोविंदपुर झारखंड बिजली वितरण निगम लिमिटेड गोविंदपुर प्रमंडल की ओर से 21 जनवरी को बरियो मोड़ गोविंदपुर में ऊर्जा मेला लगाया जाएगा। विद्युत अभियंता मृणाल गौतम ने बताया कि इसमें बिजली उपभोक्ताओं की विभिन्न समस्याओं का निष्पादन किया जाएगा। नया कनेक्शन तत्काल दिया जाएगा और बिजली बिल में सुधार संबंधी कार्य भी किए जाएंगे। उन्होंने कहा कि शिविर सुबह 10:00 बजे से शाम 4:00 बजे तक रहेगा इसमें बिजली बिल भी जमा होगा।

उन्होंने बताया कि उपभोक्ताओं की सुविधा के लिए इस तरह का मेला मुख्यालय के निर्देश पर लगाया जा रहा है।

# युवती का अपहरण कर दो बच्चों के पिता ने किया दुष्कर्म, सनसनी

**गोविंदपुर।** गोविंदपुर थाना क्षेत्र की 18 वर्षीया युवती के साथ दुष्कर्म किए जाने की एक सनसनीखेज घटना सामने आई है। दुष्कर्म की शिकार युवती ने अपहताओं के चंगुल से भागकर किसी तरह जान बचाई। घटना बीती रात की है। आरोपी का नाम गोविंदपुर थाना अंतर्गत जंगलपुर गांव निवासी नौशाद अंसारी का 24 वर्षीय पुत्र मकसूद अंसारी है। वह दो बच्चे का बाप है। पीड़िता भी उसी समुदाय की है।

उसने गुरुवार को गोविंदपुर थाना में आवेदन देकर न्याय की गुहार लगाई है। आरोपी मकसूद अंसारी मोबाइल से उसे लगातार ब्लैक मेलिंग कर रहा था। नहीं मिलने पर उसके पिता को जान से मारने की धमकी दे रहा था। जब लड़की उसकी धमकी में नहीं आया तो बुधवार की रात करीब 9.30 बजे अपने तीन साथियों के साथ चार चक्का गाड़ी से आया और उसे घर से उठाकर जंगल लेकर चला गया। यहां मुंह में कपड़ा ठूंस कर तथा हाथ बांधकर मकसूद ने उसके साथ दुष्कर्म किया। जबकि उसके अन्य तीन साथी उसे मदद कर रहे थे और हंस रहे थे। वह रात करीब 2.30 बजे जंगलपुर के मुखिया कार्यालय के समीप किसी तरह भाग कराई और गार्ड से मदद मांगी। गार्ड की वजह से ही उनके पिता व ग्रामीण भी वहां पहुंच गए और पीड़िता को घर ले गए। घटना की निंदा करते हुए गोड़तोपा मुखिया विनोद रजवार, पूर्व मुखिया लुकमान अंसारी, भाजपा अल्पसंख्यक मोर्चा के प्रखंड अध्यक्ष अयूब अंसारी, आबिद अंसारी आदि ने आरोपी को -कड़ी से कड़ी सजा देने की मांग की है। इस संबंध में पुलिस इंस्पेक्टर उमेश प्रसाद सिंह ने बताया कि मामले को गंभीरता से लेते हुए युवती के आवेदन पर गोविंदपुर थाना में भादवि की धारा 366, 376, 34 के तहत कांड अंकित किया गया है आज युवती का मेडिकल जांच कराया गया और कल कोर्ट में 164 के तहत बयान भी दर्ज कराया जाएगा उन्होंने कहा कि इस कांड में शामिल सभी अभियुक्तों को पुलिस गिरफ्तार कर जेल भेजेगी।

## भौरा उच्च विद्यालय में उत्सव प्रोग्राम आयोजित



खबर मन्त्र संवाददाता

**भौरा।** भौरा ईडेन उच्च विद्यालय में शुक्रवार को उत्सव प्रोग्राम का आयोजन किया गया। इस अवसर पर मुख्य अतिथि भौरा ओपी प्रभारी जितेंद्र कुमार पूर्व पार्षद शिव कुमार यादव विद्यालय के प्राचार्य सत्य प्रकाश सिंह ने उत्सव का उद्घाटन दीप जलाकर किया। इस अवसर पर विद्यालय के लड़के लड़कियों ने करुणा बीमारी से बचाव जल बचाने का उपाय बड़े ही सुंदर ढंग से नाटक के माध्यम से विद्यालय में अभिभावको को दिखाया साथ ही गरीब लड़कियों को किस प्रकार शिक्षा दी जा सकती है शादी से अधिक जरूरी पढ़ाई कैसे हो इसे भी नाटक के द्वारा दिखाया गया हर राज्य के अलग-अलग झांकी उनके वेशभूषा के अनुसार दिखाया गया।

## विधायक ने किया ट्रांसफार्मर का उद्घाटन

खबर मन्त्र संवाददाता

**झरिया।** लगभग 2 महीने से घनवांडिही में 4 से 5000 आबादी अंधेरे में था। ट्रांसफार्मर चोरी हो जाने के कारण लगातार स्थानीय लोग बिजली के कारण कठिनाई झेल रहे थे। शुक्रवार को झरिया विधायक पूर्णिमा नीरज सिंह के पहल पर नया ट्रांसफार्मर लगाया गया। जिसका उद्घाटन पूर्णिमा नीरज सिंह के हाथों के द्वारा फीता काटकर नारियल फोड़कर किया गया। ट्रांसफार्मर लग जाने से स्थानीय लोगों ने काफी खुशी जाहिर की स्थानीय लोगों ने झरिया विधायक पूर्णिमा नीरज सिंह का आभार व्यक्त किया। कार्यक्रम में मुख्य रूप से विधायक प्रतिनिधि केडी पांडे सूरज सिंह रामकृष्ण पाठक अच्छाबार लाल यादव मुन्ना सिंह प्रीतम रवानी राजीव सिंह जी अभिषेक परमार बच्चों सिंह शहवादी रिंकू सिंह राजकुमार ठाकुर आदि मौजूद थे।



## एक नजर में

### 11 फरवरी को आयोजित राष्ट्रीय लोक अदालत की सफलता को लेकर हुई बैठक

**बेरमो।** माननीय सर्वोच्च न्यायालय, झारखंड उच्च न्यायालय एव बोकारो प्रधान जिला जज एव सत्र न्यायाधीश सुश्री रंजना अस्थाना के निर्देश पर तेनुघाट व्यवहार न्यायालय परिसर में आगामी 11 फरवरी को होने वाले राष्ट्रीय लोक अदालत की सफलता के लिए तेनुघाट व्यवहार न्यायालय के परिसर में तेनुघाट व्यवहार न्यायालय के जिला जज प्रथम के नेतृत्व में अनुमंडल के पुलिस प्रशासन के साथ बैठक हुई। बैठक को संबोधित करते हुए श्री राजेश कुमार सिन्हा ने कहा कि न्यायालय के द्वारा जब भी थाना से केस डायरी की मांग की जाए तो उसे तूरत ही न्यायालय भेज दिया जाए। ताकि बेल के मामलों में देर ना हो और उसका त्वरित निष्पादन हो। अगर किसी केस के जांच अधिकारी छुट्टी पर या प्रशिक्षण पर जा रहे हैं तो केस डायरी अपने सहयोगी या थाना प्रभारी को सौंप कर जाए। जिससे केस डायरी के काम आगे बढ़ता रहे। लोक अदालत के लिए भेजे जा रहे हैं सभी नोटिस का तमीला 27 तारीख तक अवश्य करवा दें। ताकि अधिक से अधिक मामलों का निष्पादन हो सके। साथ ही प्री लिटिगेशन का डाटा भी 27 तारीख तक तेनुघाट व्यवहार न्यायालय के एसडीजेएम सह अनुमंडल विधिक सेवा प्राधिकार समिति के सचिव दीपक कुमार साहू के पास जमा करवा दें।

### माघी काली पूजा कलश यात्रा के साथ शुरू

**बेरमो।** गोमिया मोड के समीप स्थित काली मंदिर में शुक्रवार को तीन दिवसीय श्री श्री वार्षिक माघी काली पूजा 251 कुंवारी कन्याओं के कलश यात्रा के साथ शुभारंभ हुई। श्रद्धालु भक्तों द्वारा ध्वजारोहण कर कलश यात्रा गाजे बाजे के साथ मंदिर से निकलकर गोमिया मोड, मोती चौक, गोमिया बस्ती होते हुए भगत अहरा तालाब पहुंचा। जहां आचार्य संजय पांडेय ने विधिवत मंत्रोच्चारण कर वरुण कलश में जल भराया। तत्पश्चात कोठीटांड, मेन रोड होते हुए कलश यात्रा पुनः मंदिर पहुंचा। इसके उपरांत विधिवत कलश स्थापन कर मां का पूजन प्रारम्भ हुई। कलश यात्रा में बतौर मुख्य अथिति गोमिया विधायक डॉ लंबोदर महतो शामिल हुए। मंदिर संचालन समिति के पदाधिकारियों ने उन्हें माला पहनाकर व चुनरी ओढ़ाकर सम्मानित किया। इस कलश यात्रा में जिप सदस्य डॉ सुरेंद्र राज, ललित यादव सहित सैंकड़ों की संख्या में लोग शामिल हुए।

### तीर्थ यात्रियों से भरी बस का ब्रेक फेल

**बेरमो।** चंद्रपुरा थाना क्षेत्र के मकोली मोड मे विनोद बिहारी महतो चौक के समीप बस का ब्रेक फेल हो जाने के कारण बस अनियंत्रित होकर विनोद बिहारी चौक में धक्का मार दिया जिससे कि विनोद बिहारी चौक का दीवाल टूट गया। बताते चलें कि बस संख्या वढ 83 ळ 6078 जो नेपाल काठमांडू उड़ीसा जगन्नाथ पुरी से तीर्थयात्री को लेकर बिहार की ओर जा रही थी। फुसरो से नावाडीह से बिहार जाने के क्रम में मकोली मोड़ पर यह घटना घटा है। ब्रेक फेल होने के कारण विनोद बिहारी महतो चौक में धक्का मारते हुए बस मकोली के रास्ते सीआईएसफ बैरक में जाकर पीछे से धक्का मार दिया। जिससे सीआईएसफ बैरक बी कंपनी का बाउंड्री वॉल टूट गया। इस दुर्घटना में सभी तीर्थ यात्री सुरक्षित हैं किसी तरह की कोई जान माल की क्षति नहीं हुई है।

## पेज एक का शेष

### सभी पुलिस कैंप ...

मुख्यमंत्री सोरेन ने कहा कि रांची स्थित जैप-1 परिसर ही नहीं, बल्कि राज्य के सभी पुलिस कैंप परिसर, चाहे वे परिसर सुदूर ग्रामीण क्षेत्रों में ही क्यों न अवस्थित हैं, राज्य सरकार इन सभी परिसरों का जीर्णोद्धार करने का काम करेगी। सभी पुलिस कैंप परिसरों में आधुनिक सुविधाएं उपलब्ध करायी जायेंगी। पानी, शौचालय, ठहरने के लिए कमरों की सुविधा सहित अन्य जरूरी व्यवस्थाओं से इन परिसरों को जोड़ा जायेगा, ताकि हमारे पुलिस बल के जवानों को किसी प्रकार की परेशानी ड्यूटी के दौरान न हो। मुख्यमंत्री ने कहा कि हमारी सरकार की सोच है कि पुलिस बल के जवानों को भी कर्तव्य निर्वहन के दौरान मानसिक तौर पर एक बेहतर माहौल प्रदान किया जाये।

मौके पर जैप-1, रांची में कराये गये निर्माण का वीडियो प्रजेंटेशन भी दिया गया। इस अवसर पर अध्यक्ष-सह-प्रबंध निदेशक झारखंड पुलिस हाउसिंग कॉरपोरेशन लिमिटेड रांची-सह-महानिदेशक, भ्रष्टाचार निरोधक ब्यूरो अजय कुमार सिंह ने स्वागत संबोधन में कार्यक्रम के उद्देश्य पर विस्तृत प्रकाश डाला। मौके पर वाहिनी के बैंड पार्टी द्वारा आकर्षक बैंड डिस्प्ले प्रस्तुत किया गया। वाहिनी के जवानों द्वारा खुकुरी ड्रिल प्रस्तुति के बाद मुख्यमंत्री के साथ ग्रुप फोटोग्राफी भी की गयी। इस अवसर पर प्रधान सचिव गृह, कारा एवं आपदा प्रबंधन विभाग राजीव अरुण एक्का, डीजी रेल अनिल पालटा, एडीजी जैप प्रशांत सिंह सहित पुलिस विभाग के कई वरीय पदाधिकारी, पुलिस बल के जवान एवं अन्य लोग बड़ी संख्या में उपस्थित थे।

### पारस ने झारखंड...

इस दौरान झारखंड जैसे राज्यों में बेरोजगारी को कैसे कम किया जाये, जिससे कि पलायन न हो इसपर भी काम किया जा रहा है।

**केंद्र सरकार जो कहती है वो करती है : पीएम :** पीएम नरेंद्र मोदी ने इस अवसर पर युवाओं को संबोधित करते हुए कहा कि हमारी सरकार जो कहती है, वह करती है। यह रोजगार मेला इसी का एक बड़ा उदाहरण है। पीएम ने कहा कि 70 हजार से ज्यादा युवाओं को रोजगार देने की केवल हमने बात नहीं की, बल्कि करके भी दिखाया है। देश भर से चयनित युवाओं को केंद्र सरकार की नौकरियों में जूनियर इंजीनियर, लोको पायलट, तकनीशियन, निरीक्षक, उप निरीक्षक, कांस्टेबल, स्टेनोग्राफर, जूनियर एकाउंटेंट, ग्रामीण डाक सेवक, आयकर निरीक्षक, शिक्षक, नर्स, डॉक्टर, सामाजिक सुरक्षा अधिकारी, पीए, एमटीएस जैसे विभिन्न पदों पर तैनाती दी जायेगी। उन्होंने कहा कि केंद्र सरकार द्वारा पिछले साल 22 अक्टूबर को 10 लाख लोगों की भर्ती के लिए रोजगार मेला शुरू किया था और यह इसकी तीसरी कड़ी है।

**झारखंड में सीएम से लेकर अधिकारी तक घेटाले में लिप्त :** केंद्रीय मंत्री पशुपति कुमार पारस ने झारखंड सरकार के काम-काज पर असंतोष जाहिर करते हुए कहा कि ये सरकार विकास के काम में सार्थक साबित नहीं हुई है। यहां के मुख्यमंत्री से लेकर अधिकरी तक घोटाले में लिप्त हैं और उनपर इडी की जांच चल रही है। ये झारखंड के लिए अच्छा संकेत नहीं है। उन्होंने कहा कि 2024 के चुनाव में देश की जनता तीसरी बार प्रधानमंत्री मोदी को जनादेश देगी, क्योंकि नरेंद्र मोदी देश ही नहीं, बल्कि पूरी दुनिया के सर्वमान्य नेता हैं। विपक्ष में प्रधानमंत्री पद को लेकर एक अनार सौ बीमार वाली स्थिति है। तेजस्वी यादव मुख्यमंत्री बनने के चक्कर में नीतीश कुमार को प्रधानमंत्री के तौर पर प्रोजेक्ट कर रहे हैं, लेकिन न तो नीतीश कुमार प्रधानमंत्री बनने वाले हैं, और ना ही तेजस्वी मुख्यमंत्री। पहले तेजस्वी ये तो फैसला कर लें कि वे प्रधानमंत्री के रूप में राहुल गांधी और नीतीश कुमार दोनों में से किसे देखते हैं।

**बिहार में बेमेल गठबंधन :** बिहार में राजद और जदयू के गठबंधन को बेमेल गठबंधन बताते हुए केंद्रीय मंत्री पारस ने कहा कि बिहार की जनता ने एनडीए को जनादेश दिया था, लेकिन नीतीश कुमार ने विश्वास तोड़ दिया। बिहार सरकार में पांच महीने में तीन विकेट गिरे और जीरो रन बना। पहले कानून मंत्री का इस्तीफा हुआ, फिर कृषि मंत्री का इस्तीफा हुआ और अब शिक्षा मंत्री के इस्तीफे की नौबत आ गयी है। शिक्षा मंत्री के रामचरित मानस पर दिये गये बयान पर उन्होंने कहा कि उन्हें देश की संस्कृति, रामायण और महाभारत की जानकारी नहीं है। मुख्यमंत्री को उन्हें तुरंत बर्खास्त करना चाहिए। आगामी चुनाव में चिराग पासवान के साथ चुनाव लड़ने के सवाल पर कहा कि इसे समय पर छोड़ देना चाहिए, क्योंकि व्यक्ति नहीं समय बलवान होता है। अगर वे एनडीए में शामिल होते हैं, तो उन्हे खुशी होगी।

स्पीड न्यूज

## मेहुल के अपहरणकर्ताओं के खिलाफ रेड कॉर्नर नोटिस



**लंदन।** भारत के भगोड़े हीरा व्यापारी मेहुल चोकसी के अपहरण करने वालों के खिलाफ इंटरपोल ने रेड कॉर्नर नोटिस जारी किया है। इंटरपोल ने एंटीगुआ और बारबुडा के अधिकारियों के अनुरोध पर इंटरपोल ने यह ऐक्शन लिया है। मेहुल चोकसी ने आरोप लगाया है कि भारतीय मूल के दो लोगों ने उनकी अपहरण करने की कोशिश की थी।

## एयर इंडिया पर 30 लाख रुपये का जुर्माना

**नयी दिल्ली।** एयर इंडिया की फ्लाइट में एक महिला यात्री पर पेशाब करने के मामले में नागरिक उड्डयन महानिदेशालय ने विमानन कंपनी पर बड़ा एक्शन लिया है। डीजीसीए ने एयर इंडिया पर 30 लाख रुपए का जुर्माना लगाया है। साथ ही फ्लाइट के पायलट-इन कमांड का लाइसेंस भी तीन महीने के लिए सस्पेंड कर दिया है।

## सरकार के कामों में बाधा डाल रहे एलजी : अरविंद

**नयी दिल्ली।** दिल्ली के सीएम अरविंद केजरीवाल ने कहा कि उपराज्यपाल वीके सक्सेना अपना काम छोड़कर सरकार के कामों में बाधा डाल रहे हैं। केजरीवाल ने कहा, 'सूर्य अपना काम करे और चंदा अपना काम करे, तभी अच्छे लगते हैं। मुख्यमंत्री को अपना काम करने दीजिए और आप दिल्ली की कानून व्यवस्था ठीक कीजिए। आपका काम कानून व्यवस्था, पुलिस और डीडीए संभालना है। हमारा काम दिल्ली के अन्य सभी विषयों पर काम करना है। आप अपने काम छोड़कर रोज हमारे काम में दखल देंगे, तो व्यवस्था कैसे चलेगी?'

## सेंसेक्स 237 अंक टूटा

**मुंबई।** शुक्रवार को सेंसेक्स 236.66 अंक टूटकर बंद हुआ। वहीं दूसरी ओर, निफ्टी भी 80.20 अंकों की गिरावट के साथ 18,027.65 अंकों पर बंद हुआ।

## अमेरिका : निक्की लड़ सकती हैं राष्ट्रपति चुनाव

**वॉशिंगटन।** रिपब्लिकन पार्टी की प्रमुख नेता निक्की हेली ने कहा कि जो अमेरिका के राष्ट्रपति के रूप में जो बाइडेन का दूसरा कार्यकाल नहीं हो सकता है। निक्की हेली ने कहा कि उन्हें लगता है कि वह 'नई नेता' हो सकती हैं, जो देश को एक नई दिशा में ले जा सकती हैं। हेली ने कहा कि वह अभी भी संभावित राष्ट्रपति पद के दौड़ पर काम कर रही हैं।

## रोजगार मेला में बोले मोदी, भर्ती प्रक्रिया अब ज्यादा कारगर

# पीएम ने बांटे 71000 नियुक्ति पत्र

एजेंसी

**नयी दिल्ली।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से सरकारी विभागों और संगठनों में नवनियुक्त भर्ती के लिए लगभग 71,000 नियुक्ति पत्र वितरित किया। उन्होंने सरकारी विभागों और संगठनों में नए भर्ती हुए लोगों के साथ बातचीत भी की। इस दौरान पीएम मोदी ने कहा कि ये साल 2023 का पहला रोजगार मेला है। इस साल की शुरूआत उज्जवल भविष्य की नई उम्मीदों के साथ हुई है। मैं सभी युवाओं और उनके परिवारों को बहुत-बहुत बधाई देता हूं। आने वाले दिनों में लाखों और परिवारों को सरकारी नौकरी में नियुक्ति मिलने वाली है।

**भर्ती और पदोन्नति युवाओं में भरोसा जगाती है :** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कहा कि पारदर्शी तरीके से भर्ती और पदोन्नति युवाओं में भरोसा जगाती है। ये पारदर्शिता बेहतर तरीके से उन्हें प्रतियोगिता में उतरने के लिए प्रेरित करती है। हमारी सरकार इसी दिशा में निरंतर काम कर रही है।




### भर्ती प्रक्रिया में व्यापक बदलाव हुआ

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कहा कि आप सभी ने महसूस किया होगा कि भर्ती प्रक्रिया में व्यापक बदलाव हुआ है। केंद्रीय सेवाओं की भर्ती प्रक्रिया पहले के मुकाबले ज्यादा कारगर और समयबद्ध हुई है। आज आप भर्ती प्रक्रिया में जिस पारदर्शिता और रफ्तार को देख रहे हैं वो सरकार के हर काम में दिख रहा है।

### स्वरोजगार का क्षेत्र बहुत आगे बढ़ रहा

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कहा कि तेजी से आगे बढ़ते हुए भारत में रोजगार और स्वरोजगार के अवसर लगातार बन रहे हैं। जब विकास तेजी से होने लगता है तब स्वरोजगार के अवसर अनगिनत मात्रा में बढ़ने लगते है। आज स्वरोजगार का क्षेत्र बहुत आगे बढ़ रहा है। प्रधानमंत्री ने कहा कि पिछले 8 वर्षों में व्यापक स्तर पर आधारभूत संरचना के विकास से रोजगार के लाखों अवसर बने हैं। आधारभूत संरचना में 100 लाख करोड़ का निवेश रोजगार की अपार संभावनाओं के द्वार खोल रहा है।

### इन पदों पर हुई तैनाती

इससे पहले पीएमओ ने बताया कि रोजगार सृजन को मुख्य प्राथमिकता देने की प्रधानमंत्री की प्रतिबद्धता पूरी करने की दिशा में यह रोजगार मेला महत्वपूर्ण कदम है। रोजगार मेला रोजगार सृजन में उत्प्रेरक के रूप में कार्य करेगा। युवाओं को उनके सशक्तिकरण और राष्ट्रीय विकास में भागीदारी के लिए सार्थक अवसर प्रदान करेगा। देश भर से चयनित युवाओं को भारत सरकार के तहत जूनियर इंजीनियर, लोको पायलट, तकनीशियन, निरीक्षक, उप निरीक्षक, कांस्टेबल, स्टेनोग्राफर, जूनियर एकाउंटेंट, ग्रामीण डाक सेवक, आयकर निरीक्षक, शिक्षक, नर्स, डॉक्टर, सामाजिक सुरक्षा अधिकारी, पीए, एमटीएस जैसे विभिन्न पदों पर तैनाती दी जाएगी।

### रोजगार मेले अब हमारी सरकार की पहचान बन गये हैं

उन्होंने कहा कि केंद्र सरकार, एनडीए और भाजपा शासित राज्यों में भी लगातार रोजगार मेले का आयोजन किया जा रहा है। निरंतर हो रहे ये रोजगार मेले अब हमारी सरकार की पहचान बन गए हैं। ये दिखाता है कि किस तरह हमारी सरकार जो संकल्प लेती है, उसे सिद्ध करके दिखाती है।

## शी जिनपिंग ने एलएसी में तैनात जवानों से की बात, किया अलर्ट



एजेंसी

**बीजिंग।** चीन के राष्ट्रपति शी जिनपिंग ने पूर्वी लद्दाख में भारत-चीन सीमा पर तैनात सैनिकों से वीडियो कॉन्फ्रेंस से बातचीत की और उनकी युद्ध तैयारियों का जायजा लिया। आधिकारिक मीडिया ने शुक्रवार को यह जानकारी दी। शी ने यहां पीपुल्स लिबरेशन आर्मी (पीएलए) मुख्यालय से शिनजियांग सैन्य कमान के तहत खंजराब में सीमा पर तैनात सैनिकों को संबोधित किया। शी चीन की सत्तारूढ़ कम्युनिस्ट पार्टी के महासचिव और पीएलए के प्रमुख भी हैं।

**24 घंटे की निगरानी का आदेश**

आधिकारिक मीडिया में दिखाए गए वीडियो के अनुसार, शी ने सैनिकों को संबोधित करते हुए कहा कि किस प्रकार 'हाल के वर्षों में, क्षेत्र में लगातार बदलाव हो रहा है' और किस प्रकार इसने सेना को प्रभावित किया है। रिपोर्ट के अनुसार, सैनिकों में से एक ने जवाब दिया कि वे अब '24 घंटे' सीमा की निगरानी कर रहे हैं। शी ने उनकी स्थिति के साथ ही यह भी सवाल किया कि क्या उन्हें दुर्गम इलाके में ताजी सब्जियां मिल रही हैं। शी ने जवानों से 'सीमा पर उनकी गश्त और प्रबंधन कार्य के बारे में' सवाल किया।

उन्होंने सैनिकों की सराहना करते हुए उन्हें अपने प्रयास जारी रखने के लिए प्रोत्साहित किया। पूर्वी लद्दाख के पैंगोंग झील क्षेत्र में 5 मई, 2020 को हिंसक झड़प के बाद भारत और चीन के बीच गतिरोध शुरू हो गया था।

### दोनों देशों के बीच तनाव जारी

पूर्वी लद्दाख में सीमा गतिरोध के संबंध में दोनों पक्षों के बीच उच्चस्तरीय सैन्य वार्ता के 17 दौर हो चुके हैं, लेकिन बाकी मुद्दों के समाधान में कोई खास प्रगति नहीं हुई। भारत ने जोर दिया है कि चीन के साथ द्विपक्षीय संबंधों के समग्र विकास के लिए वास्तविक नियंत्रण रेखा (एलएसी) पर शांति जरूरी है। भारत और चीन के बीच पूर्वी लद्दाख स्थित एलएसी पर मार्च 2020 से ही तनाव जारी है। उस समय चीन की सेना भारतीय सीमा में पैंगोंग झील तक आ गई थी।

## डबल इंजन की सरकार में बिना भेदभाव हो रहा सबका विकास : नड्डा

**गाजीपुर।** भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष जे पी नड्डा ने शुक्रवार को कहा कि डबल इंजन की सरकार में बिना भेदभाव के सबका विकास हो रहा है। आईटीआई मैदान में सीएम योगी आदित्यनाथ की मौजूदगी में एक जनसभा को संबोधित करते हुए नड्डा ने कहा कि आज मैं देख रहा हूं गाजीपुर कितना बदल गया है। यहां कितने विकास काम चल रहे हैं। ये कैसे हुआ है, ये ऐसे हुआ है क्योंकि आपने अपनी ताकत का प्रयोग किया है। गलत जगह बटन दब जाए तो माफिया राज आ जाता है। सही जगह बचन दब जाए तो मेडिकल कॉलेज बन जाता है।

## 26 जनवरी से पहले हाई अलर्ट गेस्ट हाउस-होटल पर पैनी नजर

एजेंसी

**नयी दिल्ली।** राष्ट्रीय राजधानी दिल्ली में गणतंत्र दिवस 2023 के अवसर पर सुरक्षा एजेंसियां अलर्ट पर हैं। दिल्ली पुलिस ने भी पैट्रोलिंग तेज कर दी है। अधिकारियों ने कहा कि दिल्ली पुलिस ने राजधानी में गणतंत्र दिवस समारोह से पहले अतिरिक्त पिकेट तैनात किए हैं। आतंकवाद विरोधी उपायों को भी तेज कर दिया है। साथ ही लोगों से पुलिस ने अपील की है, वो सतर्क रहें और किसी संदिग्ध वस्तु या व्यक्ति दिखे तो उसके बारे में तुरंत जानकारी दें। दिल्ली पुलिस के सभी सहायक पुलिस आयुक्त और सभी रेजिडेंट वेलफेयर एसोसिएशन और मार्केट वेलफेयर एसोसिएशन के सदस्यों के साथ मीटिंग की जा रही है। इस दौरान उन्हें सुरक्षा उपायों के बारे में जानकारी दी जा रही है। साथ ही दिल्ली पुलिस सोशल मीडिया पर भी सुरक्षा को लेकर जागरूकता फैला रही है।

**चलाई जायेगी मॉक ड्रिल**

जिलों की पुलिस के साथ आतंक रोधी उपायों की तैयारियों को परखने के लिए मॉक ड्रिल भी चलाई जाएगी। विशेष पुलिस आयुक्त दीपेंद्र पाठक ने कहा कि हमारी सुरक्षा जांच और आतंकवाद विरोधी उपाय मजबूत हैं।

## 12000 कर्मियों को बाहर करेगी गूगल

**नयी दिल्ली।** गूगल की पेरेंट कंपनी अल्फाबेट अपने 12,000 कर्मियों को नौकरी से निकाल रही है। मीडिया रिपोर्ट्स के अनुसार कंपनी के सीइओ सुंदर पिचाई ने कर्मचारियों के साथ साझा किए गए एक मेमो में यह जानकारी दी है। दुनिया की सबसे दिग्गज टेक कंपनी में छंटनी की इस खबर से बाजार भौंचक है। दो दिन पहले ही अल्फाबेट की प्रतिस्पर्धी कंपनी माइक्रोसॉफ्ट ने 10,000 कर्मचारियों को निकालने की बात कही थी। माना जा रहा है कि इस छंटनी में कंपनी के एचआर विभाग, कॉरपोरेट कार्य, इंजीनियरिंग और उत्पाद विभाग की टीमें प्रभावित होंगी। गूगल ने कहा है कि छंटनी वैश्विक स्तर पर की जा रही है।

## बृजभूषण पर लगे आरोपों की होगी जांच, समिति गठित

### सात सदस्यीय समिति में मैरी कॉम और योगेश्वर शामिल

एजेंसी




**नयी दिल्ली।** भारतीय पहलवानों का प्रदर्शन जारी है। दिल्ली के जंतर-मंतर में भारत के 30 पहलवानों ने बुधवार को प्रदर्शन शुरू किया था। पहलवानों की मांग है कि बृजभूषण सिंह को हटाया जाए और कुश्ती संघ को खत्म करके नए संघ का निर्माण किया जाए। अपने ऊपर लगे आरोपों पर सफाई देने के लिए बृजभूषण सिंह प्रेस कॉन्फ्रेंस करने वाले थे, लेकिन उन्होंने इसे रद्द कर दिया। वहीं, पहलवान आज फिर से खेल मंत्री अनुराग ठाकुर से मिलने गए हैं। दूसरी ओर, भारतीय ओलंपिक संघ ने यौन शोषण के आरोपों की जांच के लिए सात सदस्यीय समित गठित की है।

**ओलंपिक संघ ने बनाई जांच समिति**

जंतर-मंतर पर धरने पर बैठे पहलवानों से मिली लिखित शिकायत के बाद भारतीय ओलंपिक संघ ने आपात बैठक बुलाई। भारतीय ओलंपिक संघ ने भारतीय कुश्ती संघ के प्रमुख बृजभूषण शरण सिंह के खिलाफ यौन उत्पीड़न के आरोपों की जांच के लिए सात सदस्यीय समिति का गठन किया है। इस समिति में मैरी कॉम, डोला बनर्जी, अलकनंदा अशोक, योगेश्वर दत्त, सहदेव यादव और दो अधिवक्ता हैं।

## बिहार में जातीय जनगणना पर रोक नहीं : सुप्रीम कोर्ट

एजेंसी

**नयी दिल्ली।** सुप्रीम कोर्ट ने बिहार में जाति आधारित जनगणना कराने के बिहार सरकार के फैसले को चुनौती देने वाली विभिन्न याचिकाओं पर विचार करने से इनकार कर दिया। कोर्ट ने याचिकाकर्ताओं को संबंधित उच्च न्यायालय का दरवाजा खटखटाने और कानून के अनुसार उचित कदम उठाने की अनुमति दी है। सुनवाई के दौरान जस्टिस बीआर गवई और न्यायमूर्ति विक्रम नाथ की पीठ ने कहा कि याचिकाओं में कोई दम नहीं है, लिहाजा इन्हें खारिज किया जाता है। पीठ ने छूट दी कि

### सरकार को बड़ी राहत सभी याचिकाएं खारिज

याचिकाकर्ता संबंधित उच्च न्यायालय का रुख कर सकते हैं। पीठ ने याचिकाकर्ताओं के वकील से कहा कि तो यह लोकप्रियता हासिल करने के इरादे से दाखिल याचिका है। हम कैसे यह निर्देश जारी कर सकते हैं कि किस जाति को कितना आरक्षण दिया जाना चाहिए। माफ कीजिए, हम ऐसे निर्देश जारी नहीं कर सकते और इन याचिकाओं पर सुनवाई नहीं कर सकते। दरअसल, सुप्रीम कोर्ट इस मुद्दे पर तीन याचिकाओं पर सुनवाई कर रहा था।

## सरला बिरला में वार्षिक खेल-दिवस उड़ान-2023

खबर मन्त्र संवाददाता

**रांची।** सरला बिरला पब्लिक स्कूल में 20 दिसम्बर को 14वें स्थापना दिवस के अवसर पर वार्षिक खेल-दिवस उड़ान-2023 का आयोजन किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि कर्नल प्रियदर्षिनी अमित, एस एम डेप्युटी कमांडर, गेस्ट ऑफ ऑनर सतबीर सिंह सहोता, असिस्टेंट एरिया डाईरेक्टर, स्पेषल ओलंपिक्स, झारखंड और मुकेष कंचन, दिव्यांग क्रिकेट कंट्रोल बोर्ड ऑफ इंडिया के प्रेसीडेंट तथा अन्य गणमान्य अतिथि इस अवसर पर उपस्थित थे। आकर्षक मार्च पास्ट के पूर्व स्वागत गीत गाया गया। प्रधानाचार्या ने अतिथियों का अभिनंदन किया। विद्यालय ध्वज फहराने के पष्चात खिलाड़ियों को खेल भावना की शपथ दिलाई गई और मषाल जलाकर कार्यक्रम का विधिवत उद्घाटन किया गया। मुख्य अतिथि कर्नल प्रियदर्शनी अमित ने कहा कि विद्यालय के प्रत्येक कार्यक्रम से प्रभावित हुआ। इतने कम समय में ही इसने अपना सर्वांगीण विकास किया है। हम सब इस बात से आश्वस्त हैं कि बच्चों का भविष्य सुरक्षित हाथों में है। सतबीर सिंह सहोता जी ने विद्यालय के कार्यक्रम की प्रशंसा की। प्राचार्या परमजीत कौर ने कहा कि हम छात्रों का समग्र विकास चाहते हैं अतः उनके सर्वांगीण विकास के लिए उन्हें अनुभव एवं कला पर आधारित शिक्षा प्रदान करते हैं।




## खेसारी लाल की फिल्म संघर्ष २ की शूटिंग पूरी

भोजपुरी सिनेमा के जानेमाने अभिनेता खेसारी लाल यादव की आने वाली फिल्म संघर्ष 2 की शूटिंग पूरी हो गयी है। फिल्म संघर्ष 2 के निमार्ता रत्नाकर कुमार ने इंस्टाग्राम पर एक फोटो शेयर की है, जिसमें फिल्म से जुड़ी टीम नजर आ रही है। फोटो के कैप्शन कंप्लीट संघर्ष2..हेलीकॉप्टर शॉट्स थैंक्स लिखा हुआ है। इस फिल्म में खेसारी के साथ मेघाश्री, माही श्रीवास्तव और सबा खान की तिकड़ी नजर आएगी। फिल्म का निर्देशन पराग पाटिल ने किया है। इस फिल्म में सुरेश ओबेरॉय सूत्रधार की भूमिका में हैं। वर्ल्डवाइड रिकाड्र्स चैनल जितेंद्र गुलाटी प्रस्तुत संघर्ष 2 में खेसारी लाल यादव, मेघाश्री, माही श्रीवास्तव और सबा खान के अलावा संजय पांडेय, सुशील सिंह, अनूप अरोरा, पप्पू यादव, विनीत विशाल, नीलम वशिष्ठ, विनोद मिश्रा, समर्थ चतुर्वेदी, गौरव राय, मनीष चतुर्वेदी, निशा तिवारी, आकाश सिसोदिया उर्फ अक्की सहित कई अन्य कलाकार हैं। इसके सह निमार्ता कुलदीप श्रीवास्तव हैं। फिल्म के राइटर एंड स्टोरी वीरू ठाकुर, म्यूजिक कृष्णा बेदर्दी, डीओपी आरआर प्रिंस, कॉस्ट्यूम बादशाह, मार्केटिंग हेड विजय यादव है।






# ऑस्ट्रेलिया ने दक्षिण अफ्रीका को 9-2 से हराया, फ्रांस-अर्जेंटीना ने खेला रोमांचक ड्रॉ

एजेंसी

**राउरकेला।** ऑस्ट्रेलिया ने अपने आखिरी ग्रुप में यह साबित कर दिया कि क्यों वह इस विश्व कप की सबसे मजबूत टीम है। उसने दक्षिण अफ्रीका को कोई मौका नहीं दिया और 9-2 से मैच को अपने नाम कर लिया। ऑस्ट्रेलिया के लिए गोवर्स ब्लेक ने चार गोल दागे। उनके अलावा क्रेग टॉम, हार्वी जैक, बील डेनियल, हेवर्ड जेरेमी और ब्रैंड टिम ने एक-एक गोल किया। दक्षिण अफ्रीका के लिए एनटूली एनकोबिल और कोक टेविन ने एक-एक गोल दागे। इस जीत के साथ ही ऑस्ट्रेलिया के तीन मैच में सात अंक हो गए। उसने तीन मैच में दो जीत हासिल की और एक मुकाबला ड्रॉ रहा। अर्जेंटीना दूसरे और फ्रांस तीसरे स्थान पर है। दक्षिण अफ्रीका को तीनों मैचों में हार मिली और वह टूर्नामेंट से बाहर हो गया।

### कोरिया को हराकर भी पूल में दूसरे स्थान पर रहा जर्मनी

दो बार की विश्व चैंपियन जर्मनी ने शुक्रवार को एफआईएच पुरुष हॉकी विश्व कप 2023 में दक्षिण कोरिया को 7-2 से हराकर पूल-बी में दूसरा स्थान हासिल किया।



### बून का पंजा, बेल्जियम ने जापान को 7-1 से हराया

राउरकेला। बेल्जियम ने टॉम बून के पांच गोलों की बदौलत शनिवार को एफआईएच पुरुष हॉकी विश्व कप 2023 के एकतरफा मुकाबले में जापान को 7-1 से रौंदकर पूल-बी में पहला स्थान हासिल किया। बिरसा मुंडा अंतरराष्ट्रीय स्टेडियम पर खेले गये मुकाबले में बेल्जियम ने विश्व कप की अपनी सबसे बड़ी जीत दर्ज की। बून ने 21वें, 26वें, 27वें, 50वें, 55वें मिनट में गोल करके बेल्जियम की विशाल जीत में नायक की भूमिका निभाई। इसके अलावा सेड्रिक चार्ली (17वां) और सेबैस्टियन डोकियर (51वां मिनट) ने बेल्जियम के लिये एक-एक गोल किया, जबकि जापान का एकमात्र गोल केंटारो फुकुडा ने 45वें मिनट में जमाया।

### अर्जेंटीना, फ्रांस ने खेला रोमांचक ड्रॉ

अर्जेंटीना ने हॉकी विश्व कप 2023 के रोमांचक मुकाबले में फ्रांस के साथ 5-5 से ड्रॉ खेलकर पूल-ए में दूसरा स्थान हासिल किया। फ्रांस ने एटीन टाइनेवेज (10वां) के एक और विक्टर चार्लेट के चार गोलों की मदद से आखिरी मिनट तक 5-4 की बढ़त ले ली थी, लेकिन निकोलस डेला टोर ने 60वें मिनट में पेनल्टी कॉर्नर पर गोल दागकर उसकी उम्मीदों पर पानी फेर दिया।




## महिला त्रिकोणीय सीरीज में भारत का विजयी आगाज, दक्षिण अफ्रीका को 27 रन से हराया




**लंदन।** भारत, दक्षिण अफ्रीका और वेस्टइंडीज की महिला टीम के बीच ट्राई सीरीज के पहले मैच में टीम इंडिया ने शानदार जीत दर्ज की। भारत ने दक्षिण अफ्रीका को 27 रन से हराया और सीरीज में विजयी आगाज किया। भारत ने इस मैच में पहले बल्लेबाजी करते हुए छह विकेट पर 147 रन बनाए। यास्तिका भाटिया 35, दीप्ति शर्मा 33 और अमनजोत कौर ने 41 रन बनाए। 148 रन का पीछा करते हुए दक्षिण अफ्रीका की टीम नौ विकेट पर 120 रन ही बना सकी और 27 रन से मैच हार गई। दीप्ति शर्मा ने तीन और देविका वैद्य ने दो विकेट लिए। अब भारत को वेस्टइंडीज के खिलाफ दो और दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ एक मैच खेलना है। इसके बाद सीरीज का फाइनल मुकाबला होगा।

### महिला आइपीएल जीतने वाली टीम को 6 करोड़

**मुंबई।** महिला आइपीएल में खिलाड़ियों की पुरस्कार राशि 10 करोड़ रुपये हो सकती है। टूर्नामेंट जीतने वाली टीम को 12 करोड़ रुपये मिल सकते हैं। वहीं, उप-विजेता को तीन करोड़ रुपये दिए जाने की संभावना है। तीसरे स्थान पर रहने वाली टीम को एक करोड़ रुपये से संतोष करना पड़ सकता है।

VP VERMA PRESS
वर्मा प्रेस प्रा० लि० राँची
Verma's® Today®
शृंखला की निम्न पुस्तकें सर्वत्र उपलब्ध हैं—

| Class - X | | Class - IX | |
|---|---|---|---|
| Hindi | ₹ 120 | Hindi | ₹ 100 |
| English | ₹ 120 | English | ₹ 120 |
| Mathematics | ₹ 120 | Mathematics | ₹ 120 |
| Science | ₹ 120 | Science | ₹ 120 |
| Social Science | ₹ 120 | Social Science | ₹ 120 |
| Sanskrit | ₹ 120 | Sanskrit | ₹ 120 |
| Hindi – B | ₹ 80 | Hindi – B | ₹ 80 |
| Hindi Vyakaran II | ₹ 100 | Hindi Vyakaran II | ₹ 100 |
| English Grammar– II | ₹ 100 | English Grammar– II | ₹ 100 |
| Sanskrit Vyakaran–II | ₹ 70 | Sanskrit Vyakaran–II | ₹ 70 |
| Hindi Practical | ₹ 50 | Hindi Practical | ₹ 50 |
| English Practical | ₹ 50 | English Practical | ₹ 50 |
| Maths. Practical | ₹ 60 | Maths. Practical | ₹ 55 |
| Science Practical | ₹ 60 | Science Practical | ₹ 55 |
| S. Science Practical | ₹ 60 | S. Science Practical | ₹ 60 |
| Sanskrit Practical | ₹ 50 | Sanskrit Practical | ₹ 50 |
| Maths. Practical (Combined) | ₹ 90 | Maths. Practical (Combined) | ₹ 75 |
| Science Practical (Combined) | ₹ 90 | Science Practical (Combined) | ₹ 75 |
| English Medium | | English Medium | |
| Mathematics | ₹ 200 | Mathematics | ₹ 130 |
| Science | ₹ 200 | Science | ₹ 200 |
| Social Science | ₹ 200 | Social Science | ₹ 130 |
| Maths. Practical | ₹ 65 | Maths. Practical | ₹ 60 |
| Science Practical | ₹ 65 | Science Practical | ₹ 60 |
| S. Science Practical | ₹ 80 | S. Science Practical | ₹ 80 |

मिलते जुलते नाम वाली नकली पुस्तकों से सावधान !